हर खबर पर पैनी नजर

नई सोच एक्सप्रेस

(पटना से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)

पेज : 08

जॉली एलएलबी 3 में हुई हुमा कुरैशी की कास्टिंग

WWW.naisochlive.com | पटना, गुरूवार, 09 मई 2024, वर्ष - 07, अंक- 80, पृष्ठ- 8, मूल्य- 3.00 | naisochexpreess@gamil.com

कांग्रेस-बीआरएस तेलंगाना में 'फैमिली फर्स्ट' सिद्धांत पर काम करते हैं: मोदी

विपक्ष पर खूब बरसे पीएम मोदी, कांग्रेस को बताया समस्यायों की जननी

एजेंसी। करीमनगर

लोकसभा चुनाव का तीसरा चरण भी सम्पन्न हो चुका है। तीसरे चरण में पहले दो चरणों के मुकाबले मतदान प्रतिशत अच्छा रहा। अब राजनीतिक पार्टियां चौथे चरण के मतदान के प्रचार प्रसार में जुट गई हैं। वहीं आज पीएम नरेंद्र मोदी तेलंगाना के करीमनगर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंचे। इस रैली में पीएम मोदी ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि तीसरे चरण के मतदान के बाद कांग्रेस का तीसरा फ्यूज उड़ गया है और बीआरएस का भी अता-पता नहीं है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना के लोगों ने पिछले दस वर्षों में मेरा काम देख लिया है। आपके एक वोट ने भारत को दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना दिया है। आपके एक वोट ने आर्टिकल 370 को निरस्त कर दिया और जम्मू-कश्मीर में शांति और समृद्धि ला दी है। आपके एक वोट ने भारत को रक्षा आयातक से रक्षा निर्यातक बना दिया। पीएम नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस को समस्यायों की जननी बताते हुए कहा कि आज पूरा देश संभावनाओं से भरा

हुआ है, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने अपने पूरे शासनकाल में लोगों की क्षमता को बर्बाद करने के अलावा कोई काम नहीं किया। कांग्रेस ने अर्थव्यवस्था को नष्ट कर दिया, कृषि और कपड़ा क्षेत्रों को नुकसान पहुंचाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और बीआरएस पूरी तरह से 'परिवार द्वारा, परिवार का और परिवार के लिए' हैं। ये दोनों पार्टियां एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। हमारी पार्टी बीजेपी 'नेशन फर्स्ट' सिद्धांत में विश्वास करती है, लेकिन दूसरी ओर कांग्रेस और बीआरएस तेलंगाना में 'फैमिली फर्स्ट' सिद्धांत पर काम करते हैं। पीएम ने आगे कहा कि कांग्रेस और बीआरएस को एक साथ बांधने वाला एकमात्र 'गोंद' भ्रष्टाचार है। तुष्टिकरण की राजनीति ही उनका एजेंडा है। कांग्रेस और बीआरएस 'शून्य शासन मॉडल' का पालन करते हैं। इसलिए, हमें तेलंगाना को इन दोनों पार्टियों के भ्रष्ट चंगुल से बचाने की जरूरत है। करप्शन कांग्रेस-बीआरएस का कॉमन कैरेक्टर है। ये दोनों एक दूसरे पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हैं। लेकिन, बैकडोर से यह दोनों पार्टियां एक ही करप्शन सिंडिकेट का हिस्सा हैं इसलिए आपको इस चुनाव में इन दोनों को आपको सबक सिखाना है।

शाह के बयान से कांग्रेस में आई जान-राजस्थान में दिखेगा फायदा

बाड़मेर। अभी देश में लोकसभा चुनाव चल रहे हैं। तीन चरणों का मतदान हो गया है और 4 चरण शेष हैं। राजनैतिक दल अपनी अपनी जीत के दावे कर रहे हैं। ऐसे ही दावों के बीच केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के एक बयान ने कांग्रेस में जान फूंकने का काम कर दिया है। कांग्रेस मानकर चल रही है कि कि अब केवल मतों की गिनती बाकी है। शाह ने एक टीवी इंटरव्यू में यह बात स्वीकार की है। शाह के इस बयान के बाद कांग्रेस का आत्मविश्वास बढ़ा है। वहीं उनकी संभावनाओं को काफी बल मिला है। अमित शाह ने स्वीकार किया है कि राजस्थान में कुछ सीटे कम आ रही हैं। उनके बयान से लग रहा है कि

इस बार शायद बीजेपी क्लीन स्वीप नहीं कर पाएगी। उन्होंने एक दो सीटों की कटौती होने की संभावना जताई है। अमित शाह के इस बयान के बाद इसके बड़े सियासी संकेत को समझने की कोशिश की जा रही है।इसी के चलते बायतु विधायक हरीश चौधरी का बड़ा बयान सामने आया है। जिसमें उन्होंने दावा करते हुए कहा कि कांग्रेस तो राजस्थान में जीत रही है, केवल काउंटिंग ही करना बाकी है। इधर, अमित शाह के बयान से कांग्रेस के नेता काफी आत्मविश्वास से लेबरेज नजर आ रहे हैं। इधर, कांग्रेस को इस बयान से काफी बल मिला है। कांग्रेस के नेता अमित शाह के बयान को लेकर अपनी बड़ी जीत मानने लगे हैं। इसी को लेकर हरीश चौधरी ने भी मीडिया से बातचीत करते हुए दावा किया कि कांग्रेस राजस्थान में बड़ी जीत हासिल कर रही है, केवल 4 जून को काउंटिंग होना बाकी है। इससे पहले गहलोत और पायलट भी राजस्थान में कांग्रेस की डबल डिजिट में जीत हासिल करने का दावा कर चुके हैं।

जाति, धर्म और अब रंग के आधार पर भारत को बांटती है कांग्रेस: अनुराग ठाकुर

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज कहा कि राहुल गांधी के मेंटर द्वारा भारतीयों को चीनी, अफ्रीकन, अरब और अंग्रेज कहना बेहद शर्मनाक और अपमानजनक है। इससे एक बार फिर स्पष्ट होता है की कांग्रेस ने कभी पूरे भारत को एक नहीं माना बल्कि हमेशा टुकड़ों में देखा है। जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर बांटने की कोशिश के बाद अब कांग्रेस भारतीयों को उनकी चमड़ी के रंग के आधार पर बांटना चाह रही है। कभी जातिवाद, कभी क्षेत्रवाद, कभी धार्मिक आधार पर भेद-भाव, कभी उत्तर-दक्षिण में बंटवारा और अब भारत के निवासियों में रंगभेद... आख़िर कांग्रेस भारत को बांटने की राजनीति क्यों करती है? इन घिनौनी साज़िशों से कांग्रेस क्या हासिल करना चाहती है? अनुराग ठाकुर ने यह बातें बुधवार को हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में चुनावी दौरे के बीच मीडिया कर्मियों से वार्तालाप के दौरान कहीं। अनुराग ठाकुर ने आज भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के साथ ज़िला बिलासपुर में विशाल पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित किया। अनुराग ठाकुर ने पूछा कि आखिर

राहुल गांधी के गाइड सैम पित्रोदा कब तक भारतीयों का यूं ही अपमान करते रहेंगे। कभी आप भारतीयों की संपत्ति हड़प कर अपने वोट बैंक को देने की बात करते हैं तो कभी भारतीयों की तुलना चीनियों और अफ्रीकियों से करते हैं। यह कैसी मानसिकता है? अनुराग ठाकुर ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ चली है। मोदी जी ने अपने विकास की योजनाओं में कभी नहीं पूछा कि कौन हिंदू है, कौन मुसलमान है, कौन सिख है और कौन ईसाई है। सभी को समान रूप से विकास का लाभ मिला है। हमारी सरकार में तो सिर्फ वंचित वरीयता में थे। मगर कांग्रेसी धर्म के आधार पर मुसलमान को एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण काट कर देने पर तुले हैं। लेकिन जब तक भारतीय जनता पार्टी है तब तक हम कांग्रेस को हमारे एससी, एसटी और ओबीसी भाइयों का हक छीन कर मुसलमानो को नहीं देने देंगे। हमें धर्म के आधार पर आरक्षण कभी भी स्वीकार नहीं है। आरक्षण और संविधान के बारे में कांग्रेस द्वारा फैलाया जा रहा भ्रम बिल्कुल निराधार और बेबुनियाद है। कांग्रेस जहां-जहां राज्य सरकार बनाती है, वहां एससी-एसटी और ओबीसी का आरक्षण काटकर अपने वोट बैंक को देती है। कांग्रेस ने देश में इमरजेंसी लगाई। उन्होंने जहां अब तक सबसे ज्यादा 62 बार संविधान संशोधन किए हैं, वहीं पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने एससी-एसटी और ओबीसी के सशक्तिकरण के एक नए युग की शुरुआत की है। हमने ओबीसी कमिशन को संवैधानिक दर्जा दिया। आज हमारी सभी योजनाओं के प्रमुख लाभार्थी एसटी, एससी और ओबीसी समुदाय के लोग हैं। एससी एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण पहले भी था, आज भी है और आगे भी रहेगा। हमारे लिए एक और स्पष्ट बात यह भी है कि हम धर्म के आधार पर मुसलमानों के आरक्षण के सख्त खिलाफ हैं। कांग्रेस आज चुनाव से भागती नजर आ रही है। उसके कई बड़े नेता चुनाव नहीं लड़ना चाह रहे।

ख़ास ख़बर

कन्हैया के सारथी होंगे सचिन, उत्तर पूर्वी दिल्ली पर होगी नजर

नई दिल्ली। दिल्ली की हॉट सीट उत्तर-पूर्वी दिल्ली से कन्हैया कुमार चुनाव लड़ रहे है। राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट को कांग्रेस आलाकमान ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट का ऑब्जर्वर बनाया है। जबकि दिल्ली की एक और चर्चित चांदनी चौक लोकसभा सीट पर कांग्रेस ने डॉ. सीपी जोशी को ऑब्जर्वर बनाया है। कांग्रेस आलाकमान ने सचिन पायलट को स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया है। पायलट देश भर में पार्टी के लिए प्रचार कर रहे है। उत्तरी-पूर्वी दिल्ली सीट का पर्यवेक्षक बनाने से साफ है कि कन्हैया कुमार को जिताने की जिम्मेदारी पायलट के कंधों पर रहेगी। दिल्ली की सबसे चर्चित सीट है। यहां से बीजेपी की तरफ से मनोज तिवारी चुनाव लड़ रहे है। जबकि कांग्रेस ने जेएनयू के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कन्हैया कुमार को टिकट दिया है।

प्रधानमंत्री मोदी 12 मई को बिहार की राजधानी पटना में करेंगे रोड शो

पटना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 12 मई को राजधानी पटना में रोड शो करेंगे। इस रोड शो को भव्य बनाने के लिए प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पूरी ताकत झोंक दी है। प्रशासन ने भी इसकी तैयारी शुरू कर दी है। देश की आजादी के बाद किसी प्रधानमंत्री का पटना में यह पहला रोड शो होगा। पीएम मोदी के रोड शो को लेकर पटना के लोग भी बेहद उत्साहित हैं। प्रदेश भाजपा कार्यालय और पटना एसएसपी कार्यालय के मुताबिक पटना में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन से चार किलोमीटर लंबा रोड शो करेंगे। इस दौरान खुली गाड़ी पर सवार प्रधानमंत्री जनता का अभिवादन स्वीकार करेंगे। इसे लेकर मंगलवार को भाजपा के पटना स्थित कार्यालय में संगठनात्मक बैठक भी हुई। पीएम का रोड शो पटना हाई कोर्ट के पास आंबेडकर मूर्ति से शुरू होगा जो कदमकुंआ तक जाएगा। हालांकि, अभी पीएमओ के स्तर से इसकी स्वीकृति मिलनी बाकी है।

हरदोई में भीमराव अम्बेडकर के लिए वोट मांगेगी मायावती

लखनऊ। बसपा सुप्रीमो और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती हरदोई में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। मायावती माधोगंज टाउन स्थित नरपति सिंह इंटर कॉलेज खेल मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। बसपा यूपी में अपने दम पर चुनाव लड़ रही है। उसने इस बार किसी भी दल से समझौता नहीं किया

है। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए बहुजन समाज पार्टी ने हरदोई लोकसभा सीट से भीमराव अम्बेडकर को चुनावी मैदान में उतारा है।बता दें कि उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों पर बसपा अकेले ही चुनाव लड़ रही है। इस चुनाव को लेकर बसपा सुप्रीमो मायावती और उनके भतीजे आकाश आनंद ताबड़तोड़ रैलियां भी कर रहे हैं। बसपा ने यूपी की अधिकतर सीटों पर अपने प्रत्याशी भी मैदान में उतार दिए हैं। बसपा ने अपने पिछले चुनाव में जीते प्रत्याशियों में से किसी एक प्रत्याशी को भी टिकट नहीं दिया है।

कलयुगी बेटे ने बांस से पीट-पीटकर पिता की हत्या की, बेटा गिरफ्तार

एजेंसी। मुजफ्फरपुर

बिहार के मुजफ्फरपुर में एक कलयुगी बेटे ने बांस से पीट-पीटकर पिता की हत्या की हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। कोर्ट में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि अहिरौलिया के रहने वाले राजेंद्र पासवान के 5 बेटे हैं। जिसमें से 3 प्रदेश में ही रहते हैं व दूसरे नंबर वाला बेटा विनोद पासवान मानसिक विक्षिप्त है। मृतक राजेंद्र पासवान के दूसरे बेटा विजय पासवान ने बताया कि उसके बड़े भाई विनोद पासवान ने सोमवार देर रात बांस से पीट-पीटकर पिता को अधमार कर दिया। तुरंत ही वो उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने

जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। आरोपी मानसिक रूप से बीमार बताया जा रहा है उसकी जांच की जा रही है। वहीं घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस मामले पर सब इंस्पेक्टर विजय गोस्वामी ने बताया कि ग्रामीण के द्वारा सूचना मिली कि एक पुत्र ने अपने पिता पर बांस से हमला कर उन्हें जख्मी कर दिया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

लालू-नीतीश ने अपने हिसाब से अनंत सिंह का यूज किया

एजेंसी। पटना

बिहार के बाहुबली नेता अनंत सिंह को राजनीति के माहिर खिलाड़ी लालू यादव और नीतीश कुमार से डील करने का एक्सपीरियंस है। दोनों ही नेताओं को अनंत सिंह ने अपने हिसाब से इस्तेमाल किया है। या यूं कहें कि लालू-नीतीश ने भी अपने हिसाब से अनंत सिंह का यूज किया है। अब अनंत सिंह भी खुद को कम्फर्टेबल महसूस करते हैं। मोकामा उपचुनाव में उनकी पत्नी नीलम देवी ने आरजेडी के टिकट पर चुनाव जीती थी मगर मौका मिलते ही जेडीयू के साथ हो गयीं। वहीं बातचीत के दौरान तेजस्वी यादव से अनंत सिंह काफी नाराज दिखे। मीडिया से बातचीत में अनंत सिंह ने कहा कि लालू जी तेजस्वी जी के सरकार में बिहार में कुछ नहीं

बचा था। एक बच्चा भी पढ़ने जाता था तो उसके माता-पिता को चिंता लगी रहती थी। खेत किसी का और ट्रैक्टर चला कर कोई और जोत-बो देता था। मोकामा टाल के मंसूरी-खेसारी को काटकर कोलकाता में बेच देता था। आज कोई किसी का पौधा नहीं उखाड़ता है। मतलब चोरी नहीं होती है। वहीं तेजस्वी ने कहा कि जब सरकार में थे तो कहां थे? आज खूब बोल रहे हैं। सरकार थी तो विदेश के दौरे पर रहे। जब समय खराब होता है तो आते हैं जब समय बढ़िया रहा है तो जनता से कहते थे कि हम शाम को मिलेंगे। तो क्या पटना में होटल है। पटना में गरीब लोग ट्रेन से जाते हैं और शाम को लौटते हैं तो वो बोले की शाम को मिलेंगे। सरकार बनी तो इनको इतना घमंड आ गया। हालांकि लालू यादव को लेकर अनंत सिंह सॉफ्ट दिखे। उन्होंने कहा कि जो भी बचा है लालू जी की वजह से ही बचा है। लालू यादव बढ़िया आदमी हैं और उनके सामने बेटा कुछ नहीं है। बेटे की कहानी खत्म है। हम एमएलए बने तो उनकी पार्टी ने आजतक एक फ्लैट नहीं दिया है। जब हमको एके 47 मामले में फंसाया गया तो उन्होंने कुछ नहीं बोला। हालांकि अनंत सिंह को यकीन है कि अगर लालू जी होते तो जरूर उनके फेवर में खड़े होते। उन्होंने कहा कि उनके बेटे (तेजस्वी यादव) को बहुत घमंड है जितना नहीं होना चाहिए उतने घमंडी हैं। बड़ा वोट बैंक उनके पास है तो एमपी का चुनाव लड़कर देख लेते विधायकी लड़ने में उनका पैर कांपता है। लालू यादव खत्म हो जाएंगे तो पार्टी भी खत्म हो जाएगी। सब आपस में लड़ने लगेंगे।

NEET UG पेपर लीक मामले में बड़ा खुलासा, SIT गठित, सभी आरोपियों से होगी पूछताछ

पटना। नीट यूजी परीक्षा के पेपर लीक और धांधली मामले में पटना पुलिस काफी सक्रियता से कार्रवाई कर रही है. पुलिस ने अपने एफआईआर में पेपर लीक की बात कही है और अब तक 13 आरोपियों को जेल भेज चुकी है. शास्त्री नगर थाने में मामला दर्ज करके कार्रवाई की जा रही है और इसी बीच दूसरी ओर पुलिस ने पेपर लीक मामले में टीएसपी सेंट्रल चंद्र प्रकाश के नेतृत्व में एसआईटी भी गठित की है.एसआईटी टीम में दो डीएसपी रैंक के ऑफिसर, 6 इंस्पेक्टर और तकनीकी सेल के पुलिसकर्मी शामिल हैं. वहीं शास्त्री नगर थाने में दर्ज केस के आईओ दारोगा टीएन सिंह बनाए गए हैं. पटना पुलिस ने पेपर लीक मामले में सबसे पहले सिकंदर यादव, अखिलेश और बिट्टू को गिरफ्तार किया. इसमें अखिलेश ने बताया कि पटना के बोर्ड कॉलोनी स्थित डीएवी स्कूल में उसके बेटे आयुष का सेंटर पड़ा है, जहां वह परीक्षा देने गया है.

पांचवें चरण में 49 सीटों पर 695 उम्मीदवार चुनाव मैदान में

एजेंसी। नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण में 8 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के 695 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। इस चरण के लिए 20 मई को मतदान होगा। चुनाव आयोग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण में 8 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 49 सीटों पर मतदान होगा। इसके लिए कुल 1586 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 3 मई थी। सभी नामांकन पत्रों की जांच के बाद 749 नामांकन पत्र वैध पाए गए। नाम वापसी के बाद 695 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। महाराष्ट्र में 13 संसदीय क्षेत्रों से अधिकतम 512 नामांकन फॉर्म थे। इसके बाद उत्तर प्रदेश में 14 संसदीय क्षेत्रों से 466 नामांकन फॉर्म थे। झारखंड में 4-चतरा संसदीय क्षेत्र में सबसे अधिक 69 नामांकन फॉर्म प्राप्त हुए, इसके बाद उत्तर प्रदेश में 35-लखनऊ में 67 नामांकन फॉर्म प्राप्त हुए। 5वें चरण के लिए एक संसदीय सीट पर चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की औसत संख्या 14 है। बिहार की 5 सीटों से 80, जम्मू एवं कश्मीर की 1 सीट से 22, झारखंड की 3 सीटों से 54, लद्दाख की एक सीट से 3, महाराष्ट्र की 13 सीटों से 264, ओडिशा की 5 सीटों से 40, उत्तर प्रदेश की 14 सीटों से 144 और पश्चिम बंगाल की 7 सीटों से 88 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

चुनाव देश में चल रहा है और समर्थन विदेश से मिल रहा

एजेंसी। नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव में अमेठी से बीजेपी प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने पाकिस्तान के पूर्व मंत्री चौधरी फवाद हुसैन द्वारा एक्स पर किए पोस्ट में राहुल गांधी की तारीफ करने को लेकर हमला बोला है। ईरानी ने एक चुनावी रैली में कहा कि अमेठी में अब एके 203 राइफलों की फैक्ट्री है, जिसका इस्तेमाल सीमा पर पाकिस्तानी आतंकवादियों को बेअसर करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि फवाद चौधरी को पाकिस्तान की चिंता करनी चाहिए, न कि अमेठी की। केंद्रीय मंत्री ने रैली में कहा कि अभी तक मैं एक कांग्रेस

नेता से लड़ रही थी, लेकिन अब एक पाकिस्तानी नेता ने कहा है कि स्मृति ईरानी को हराना चाहिए। चौधरी का जिक्र करते हुए ईरानी ने कहा कि आप पाकिस्तान को तो संभाल नहीं पा रहे है और अमेठी की चिंता कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर मेरी आवाज पाकिस्तान के नेता तक पहुंचती है तो मैं कहना चाहती हूं कि यह वही अमेठी है, जहां पीएम नरेंद्र मोदी ने एके 203 राइफल की फैक्ट्री लगाई है, जिसका इस्तेमाल सीमा पर आतंकियों को मारने के लिए किया जा रहा है। ईरानी ने आगे कहा कि राहुल गांधी ने अभी तक पूर्व पाकिस्तानी मंत्री के पोस्ट की निंदा नहीं की है और पाकिस्तान के साथ उनके संबंधों पर सवाल उठाया है। ईरानी ने कहा कि मैं आपसे पूछना चाहती हूं राहुल गांधी जी, पाकिस्तान के साथ आपका क्या रिश्ता है? उन्होंने कहा कि देश में आम चुनाव चल रहे हैं और समर्थन मिल रहा है आपके विदेश में जिसका मोटे तौर पर मतलब है कि देश में चुनाव हो रहे हैं लेकिन आप विदेशी धरती से समर्थन हासिल कर रहे हैं।

पित्रोदा के बयान पर भड़के मोदी, कहा- चमड़ी के रंग के आधार पर भेदभाव स्वीकार नहीं

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को सैम पित्रोदा की हालिया टिप्पणी के लिए उनकी कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि देश चमड़ी के रंग के आधार पर भेदभाव स्वीकार नहीं करेगा। तेलंगाना के वारंगल में दूसरी जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं भारतीयों के अपमान को बर्दाश्त नहीं करूंगा। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का नाम लिये बिना कटाक्ष करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे पता चला कि अमेरिका में एक अंकल हैं जो 'शहजादे' के दार्शनिक मार्गदर्शक हैं और क्रिकेट में तीसरे अंपायर की तरह यह 'शहजादा' भी उनसे सलाह लेता है।

इस दार्शनिक अंकल ने कहा कि जिनकी चमड़ी काली है वे अफ्रीका से हैं। इसका मतलब है कि आप देश में अनेक लोगों को उनकी चमड़ी के रंग के आधार पर गाली दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के विरोध को लेकर विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि शहजादे के अमेरिका में रहने वाले गाइड और फिलॉस्फर ने आज बड़ा रहस्य खोला है। उसने कहा है कि जिनकी चमड़ी का रंग काला होता है, ये सब अफ्रीका के हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज स्पष्ट हो गया कि कांग्रेस राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की चमड़ी के रंग का हवाला देकर उनका अपमान क्यों करती रहती है। उन्होंने मान लिया कि द्रौपदी मुर्मू भी अफ्रीकन हैं और इसलिए उन्हें हराना चाहिए। मोदी ने कहा कि मैं आज एक गंभीर सवाल पूछना चाहता हूं। मुझे आज बहुत गुस्सा आ रहा है, अगर कोई मुझे गाली देता है तो मैं सह सकता हूं लेकिन शहजादे' के इस दार्शनिक ने इतनी बड़ी गाली दी है जिसने मुझे गुस्से से भर दिया है। उन्होंने सवाल किया कि क्या देश के लोगों की क्षमता चमड़ी के रंग से तय होगी? शहजादे को यह अधिकार किसने दिया? संविधान को सिर पर रखकर नाचने वाले लोग इस आधार पर मेरे देशवासियों का अपमान कर रहे हैं।

राजस्थान के राज्यपाल ने राष्ट्रपति मुर्मू और आडवाणी से मुलाकात की

नई दिल्ली। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इसके अलावा उन्होंने पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी से भी मुलाकात की। राष्ट्रपति भवन के अनुसार मुलाकात के दौरान कलराज मिश्र ने राष्ट्रपति से विभिन्न विषयों पर चर्चा भी की। राज्यपाल

मिश्र की राष्ट्रपति मुर्मू से यह शिष्टाचार भेंट थी। दिल्ली प्रवास पर आये राज्यपाल कलराज मिश्र ने राष्ट्रपति के अलावा पूर्व उप प्रधानमंत्री भारत रत्न लालकृष्ण आडवाणी के निवास पहुंचकर उनसे मुलाकात की। मिश्र ने शॉल ओढ़ाकर, पुष्पगुच्छ और स्मृति चिह्न प्रदान कर उनका अभिनंदन भी किया। राज्यपाल ने आडवाणी के स्वास्थ्य के बारे में भी जानकारी ली तथा उनके स्वस्थ, दीर्घायु जीवन की कामना की। मिश्र की पूर्व उप प्रधानमंत्री से यह शिष्टाचार भेंट थी।

गुस्सा, गाली और आक्रामक तेवर दिखा रहे आनंद को हटाने की ये है मूल वजह

लखनऊ। बसपा सुप्रीमो मायावती के भतीजे आकाश आनंद के समन्वयक पद से छुट्टी कर दी गई है। इसकी एक नहीं कई वजह है। पहली तो ये है मायावती जिस सधे हुए अंदाज में राजनीति कर रहीं है आनंद उस सीमा रेखा को पार कर गए। दूसरा भतीजे का सियासी भविष्य सुरक्षित रहे इसके लिए कुछ ट्रीटमेंट करना ही होता है। हो सकता है कि मायावती ने कुछ इसी तरह का ट्रीटमेंट दिया हो। जिस तरीके से आकाश आनंद के भाषणों में गुस्सा, गाली और आक्रामक तेवर दिखाई दिए, उससे कई बार आकाश मर्यादा की सीमा लांघते दिखे। जिसकी वजह से उनके ऊपर सीतापुर में मामले भी दर्ज कर लिए गए और मामले दर्ज होते ही उनके कार्यक्रम भी पार्टी ने रद्द कर दिए। अंदर खाने एक चर्चा और बहुत अहम है। वह यह कि मायावती किसी सूरत में अपने भविष्य की विरासत को केस मुकदमों में फंसा नहीं देखना चाहती थीं, जिसे बीएसपी की विरासत संभालनी हो, जिसे मूवमेंट की इस राजनीतिक शाखा को आगे बढ़ाना हो, वह अदालतों के चक्कर लगाए, यह मायावती को पसंद नहीं था। भविष्य के अपने नेतृत्व को सुरक्षित रखने के लिहाज से मायावती ने फिलहाल आकाश को दूर करने का फैसला किया है।

संक्षिप्त समाचार

तीन चरणों के मतदान के बाद विपक्षी कुनबा हताशा और निराशा में : प्रभाकर मिश्र

- राजनीति के विचलित प्राणि बन गये हैं लालू प्रसाद
- परिवारवाद और भ्रष्टाचारियों की ताबूत में आखिरी कील साबित होगा यह चुनाव

पटना। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने विपक्षी दलों पर जोरदार प्रहार करते हुए कहा कि तीसरे चरण का चुनाव खत्म होने के बाद विपक्षी दल हताशा और निराशा के गर्त में हैं। विपक्षी दलों के नेता फ्रस्ट्रेशन में अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे हैं। श्री मिश्र ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि तीन चरणों के मतदान में राजद को शून्य पर आउट होता देख लालू प्रसाद काफ़ी विचलित हैं । लालू प्रसाद की दोनों बेटियों की भी करारी हार तय है, क्योंकि पाटलिपुत्र और सारण सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में तेज लहर है। यह चुनाव परिवारवाद और भ्रष्टाचारियों की ताबूत में अंतिम कील साबित होगा। श्री मिश्र ने कहा कि सियासत में लालू प्रसाद की भूमिका एक विदूषक की रही है लेकिन आजकल लालू जिस तरह की बयानबाजी कर रहे हैं, वह बताता लालू बिहार की सियासत के बेचैन प्राणि हैं। श्री मिश्र ने कहा कि लालू प्रसाद को मालूम होना चाहिए कि सरकारी नौकरियों में आरक्षण पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की देन थी। लालू और उनके शागिर्दों ने तो मंडल कमीशन के नाम पर समाज में जातीय उन्माद फैलाया। लालू ने अपने राजनीतिक लाभ के लिए एक जाति को दूसरे जाति के खिलाफ भड़काया।जबकि पीएम मोदी का स्पष्ट कहना है देश में दो ही जाति है अमीर और गरीब। पीएम मोदी का प्रयास अमीरी और गरीबी की खाई को पाटने का रहा है। इस बात को देश-प्रदेश की जनता समझ चुकी है। 04 जून को देश की जनता बता देगी कि कौन दलित और पिछड़ा विरोधी है। दलित और पिछड़ों का आरक्षण छीनकर एक धर्म विशेष को देने की घोषणा का परिणाम क्या होता है।

मोदी जी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे हैं: चिराग

पटना। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने चुनाव प्रचार में जाने के दौरान पटना एयरपोर्ट पर पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल कि क्या प्रधानमंत्री जी की विदाई तय है? इसपर श्री चिराग ने कहा कि प्रधानमंत्री जी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री पद के शपथ लेने जा रहे हैं, अगर इसको वे जाना कह रहे हैं तो बिल्कुल यह बात तय है वे जाएंगे, और तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। जितना ध्यान ये विपक्ष के नेता मेरे प्रधानमंत्री पर देते हैं ,इतना ध्यान अगर अपने प्रत्याशियों पर देते तो संभवत उनकी जमानत बच जाती। जितना समय ये लोग व्यर्थ की बातों को मुद्दा बनाने में यूं लोग लगाते हैं, बिहारियों की चिंता कर लेंगे, उनसे जुड़े विषय को ये लोग उठा लेंगे ,तो संभवत उनके प्रत्याशियों का प्रदर्शन थोड़ा बेहतर हो जाएगा। और जितना समय ये लोग हमारे प्रधानमंत्री पर बिताते हैं उसका 10% समय भी उनके गठबंधन के राष्ट्रीय नेता अगर बिहार और बिहारी को दे देंगे तो शायद बिहारियों को थोड़ा विश्वास उन लोगों पर भी हो जाएगा। मेरे प्रधानमंत्री तो लगभग- लगभग हर एक चरण में बिहार आने का काम किया। अभी भी 12 तारीख को आ रहे हैं, प्रवास भी करेंगे। 13 को भी कार्यक्रम करेंगे। 12 को उनका संभवतः प्रस्तावित कार्यक्रम है ,रोड शो पटना में । पर बताएं विपक्ष के लोग उनके राष्ट्रीय नेता कहां हैं? क्या उनके लिए बिहार कोई मायने नहीं रखता है क्या? कांग्रेस के कितने बड़े नेता यहां पर आए और कितने बार आए? देश के प्रधानमंत्री होने के बावजूद इतना समय बिहार और बिहारियों को दे रहे हैं। ये उनकी चिंता बिहारियों के प्रति दिखती है। उनके मन का सम्मान हम लोग के प्रति दिखता है, तो ऐसे में ऐसे प्रधानमंत्री को देश की जनता बार-बार चुनकर प्रधानमंत्री बनाने का काम करेगी।इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने दिया।

मंडल कमीशन की बैठक तक में शामिल नहीं होने वाले लालू आज लोगों के बीच फैला रहे भ्रम : जदयू

पटना। जदयू के प्रदेश कार्यालय में पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रदेश प्रवक्ता निहोरा प्रसाद यादव, प्रदेश प्रवक्ता अरविंद निषाद और धीरज कुशवाहा ने संयुक्त तौर पर मीडिया को संबोधित किया। इस दौरान पार्टी प्रवक्ताओं ने मंडल कमीशन की रिपोर्ट को देशभर में लागू करवाने के लालू प्रसाद के झूठे दावे पर जमकर निशाना साधा। पार्टी प्रवक्ताओं ने कहा कि लालू प्रसाद असल मायने में झूठ बोलने की मशीन हैं और वो मंडल कमीशन रिपोर्ट को लेकर चुनाव के समय जनता को भ्रमित करने का काम कर रहे हैं। पार्टी प्रवक्ताओं ने लालू प्रसाद से सवाल पूछते हुए कहा कि आज जिस कांग्रेस की गोद में बैठकर लालू प्रसाद राजनीति कर रहे हैं उस कांग्रेस से उन्हें पूछना चाहिए कि आजादी के बाद सालों तक केंद्र में शासन करने वाली कांग्रेस ने आखिर केंद्र की नौकरियों में आरक्षण क्यों नहीं दिया? उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद ने कभी कांग्रेस से नहीं पूछा किआखिर काका कालेलकर आयोग की रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में उसने क्यों डाला? उन्होंने गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि ये हकीकत है कि आजादी के बाद 50 सालों तक पिछड़ा समुदाय का बेटा केंद्र की नौकरियों में आरक्षण का लाभ नहीं ले सका। पार्टी प्रवक्ताओं ने लालू प्रसाद के दावे पर तंज कसते हुए कहा कि कैसे बतौर राज्य का मुख्यमंत्री रहते लालू प्रसाद ने मंडल आयोग की रिपोर्ट को केंद्रीय स्तर पर लागू करने का दावा किया? जबकि हकीकत ये है कि केंद्रीय स्तर पर तत्कालीन प्रधानमंत्री वीपी सिंह ने मंडलआयोग की रिपोर्ट को देशभर में लागू करने का काम किया था, लालू ने नहीं। उन्होंने कहा कि सच्चाई ये है कि लालू प्रसाद को कभी पिछड़ों के आरक्षण के प्रति कोई मोह नहीं रहा। उन्होंने कहा कि ये तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की लगातार कोशिश रही कि उन्होंने कई सालों तक लगातार केंद्रीय स्तर पर पिछड़ों और अति पिछड़ों के लिए आरक्षण लागू करने की मांग की। पार्टी प्रवक्ताओं ने कहा कि दरअसल इस लोकसभा चुनाव में अपने गठबंधन की हार देख लालू प्रसाद यादव अनाप शनाप बयानबाजी कर रहे हैं जबकि राज्य की जनता इनकी सारी सच्चाई को बखूबी जान रही है।

सभी मतदान केन्द्रों पर शेड का निर्माण कराये आयोग : भाकपा

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने भारत निर्वाचन आयोग से सभी मतदान केन्दों पर शेड का निर्माण कराने और शत प्रतिशत मतदाताओं को मतदाता पर्ची उपलब्ध कराने की मांग की है। महागठबंधन के दबदबा वाले मतदान केन्दों पर आवश्यक सुविधाओं का अभाव देखा जा रहा है।साथ ही मतदाता पर्ची वितरण में गड़बड़ी की कई जगहों से शिकायत मिली है। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि तीसरे चरण में 07 मई 2024 को बिहार के पांच लोकसभा सीटों पर चुनाव हुआ। इस चरण में 9848 मतदान केन्दों में से 1547 मतदान केन्दों पर आयोग के द्वारा कोई व्यवस्था नहीं की गई थी। मतदाता चिलचिलाती धूप में लाइन में खड़े रहें। अररिया जिला में 211, खगड़िया में 139, मधेपुरा में 82, मधुबनी में 507, सहरसा में 151 एवं सुपौल में 457 मतदान केन्द्रों पर अतिरिक्त कमरा अथवा शेड की व्यवस्था नहीं की गई थी। जबकि मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गर्मी से बचाव हेतु ऐसे मतदान केन्द्रों पर शेड की व्यवस्था का प्रावधान किया गया है। इसके बावजूद जान-बुझकर अधिकारियों के द्वारा शेड का निर्माण नहीं कराया जा रहा है जिससे मतदाताओं को धूप में काफी परेशानी हो रही है। साथ ही तीन चरणों के चुनाव के दौरान मतदाता पर्ची वितरण में लापरवाही की शिकायत मिली है और मतदाताओं के नाम भी सूची से हटा दिए गए हैं।भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी भारत निर्वाचन आयोग से सभी मतदान केन्दों पर शेड का निर्माण कराने, आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने और शत-प्रतिशत मतदाता पर्ची का वितरण कराने की मांग करती है।

मतदाता जागरूकता अभियान

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। जिला स्वीप कोषांग की ओर से लोक गायिका और स्वीप की आइकॉन डा. नीतू कुमारी नवगीत के नेतृत्व में पटना सिटी एरिया में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें पटना के सभी नागरिकों और विशेष कर युवाओं को लोकतंत्र के महापर्व में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। डा. नीतू ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था का महापर्व मतदान होता है। हर देशवासी को यह महापर्व धूमधाम से मनाना चाहिए। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन इन्फेंट जीसस स्कूल के सभा कक्ष में किया गया। इन्फेंट जीसस स्कूल के निदेशक पास्कल पीट ओस्टा, प्रिंसिपल रंजन जोसेफ, जनसंपर्क अधिकारी सुविधा रंजन, माधुरी शर्मा आदि मतदाता जागरूकता अभियान के समय उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला जनसंपर्क अधिकारी लोकेश कुमार झा भी उपस्थित रहे। स्वीप आइकॉन डा. नीतू कुमारी नवगीत ने जागरूकता अभियान की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए मतदान के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। जागरूकता अभियान की आइकान डॉ. नीतू कुमारी नवगीत ने कहा कि 18वीं लोकसभा के लिए होने वाला चुनाव पूरे विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक पर्व है। इस चुनाव के तीन चरण पूरे हो चुके हैं। पटना साहिब लोकसभा तथा पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान एक जून को होने वाला है। जिला जनसंपर्क अधिकारी लोकेश कुमार झा ने कहा कि हमें विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का नागरिक होने पर गर्व है। इसलिए अपने लोकतांत्रिक महापर्व को पूरे जोश-ओ-खरोश के साथ मनाना है। उन्होंने कहा कि मतदाता चाहे किसी भी उम्र के

- लोकतांत्रिक व्यवस्था का महापर्व है मतदान, इसे धूमधाम से मनाएं : डा. नीतू

क्यों ना हो, मतदान करने का मौका नहीं गावांए। नथिंग लाइक वोटिंग, क्योंकि इसी से देश का भविष्य तय होता है। नीतू कुमारी नवगीत ने स्वरचित गीत गाकर उपस्थित लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। लोकतंत्र का महापर्व है मिलकर इसे मनाते हैं, देश की खातिर चलिए चलिए हम सब बटन दबाते हैं, पहले हम मतदान करेंगे तब फिर हम जलपान करेंगे और बुजुर्ग आ जवान सब करिह मतदान ...जैसे गीतों के माध्यम से लोक गायिका नीतू कुमारी नवगीत ने उपस्थित लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर सभी उपस्थित लोगों ने मतदान में अपनी भागीदारी निभाने तथा मतदान में भाग लेने के लिए शपथ भी ली।

मुसलमान 32 साल से लालटेन को वोट दे रहे हैं मुसलमान को आजतक उप-मुख्यमंत्री क्यों नहीं बनाया गया-- प्रशान्त

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। जन सुराज पदयात्रा के दौरान पत्रकार वार्ता में एक सवाल का जवाब देते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि जब तक आप समाज में सुधार नहीं लाएंगे, आपके बच्चे गुजरात और तमिलनाडु में जाकर मजदूरी ही करेंगे, फिर यहां के लोगो का भला कैसे होगा। मैं बिहार में 18 महीने से पैदल चल रहा हूं, 5 हजार से ज्यादा गांव में जाने के बाद मैं रोज मंच से कहता हूं कि दलितों के बाद सबसे ज्यादा गरीब, बदहाल, फटेहाल अगर बिहार में कोई है तो वो मुसलमान है। लेकिन 32 साल से मुसलमानों ने लालटेन का साथ नहीं छोड़ा है। 30-32 सालों में मुसलमानों ने RJD से कभी नहीं पूछा कि आपके नेता सड़क और ग्रामीण कार्य मंत्री रहे फिर हमारे गांव में सड़क, नाली और गली क्यों नहीं बना है? आप स्वास्थ्य मंत्री थे फिर बच्चों के लिए अस्पताल और दबाई क्यों नहीं है? आप शिक्षा मंत्री थे फिर हमारे बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था क्यों नहीं है? मुसलमान इन सारी परेशानियों के बावजूद लालटेन को वोट देता है।

तीसरे चरण के मतदान सम्पन्न - चौथे चरण की मतदान 13 मई को होगी - 04 जून को होगी मतगणना

नई सोच एक्सप्रेस

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का मतदान 07 मई, 2024 को असम, बिहार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, कर्नाटक. मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, यूपी, पश्चिम बंगाल, दादरा एंड नगर हवेली और दमन एवं दीव और जम्मू कश्मीर के सभी राज्यों की कुल 94 सीटों पर सम्पन्न हुआ। बिहार के 40 लोक सभा सीटों में से तीसरे चरण में 5 सीटों पर झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा एवं खगड़िया में मतदान हुआ। बिहार में झंझारपुर संसदीय क्षेत्र से जदयू के रामप्रीत मंडल और वीआईपी के सुमन कुमार महासेठ, सुपौल में जदयू के दिलेश्वर कामत और राजद के चंद्रहास चौपाल, अररिया में भाजपा के प्रदीप सिंह और राजद के शाहनवाज आलम, मधेपुरा में जदयू के दिनेश चंद्र यादव और राजद के प्रो. चंद्रदीप एवं खगड़िया में लोजपा (आर) के राजेश वर्मा और माकपा के संजय कुमार आमने सामने है। तीसरे चरण में कुल 54 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला ईवीएम मशीन में बंद हो गया। इनमें 51 उम्मीदवार पुरुष और 03 उम्मीदवार महिला है। जबकि 54 उम्मीदवारों में 19 निर्दलीय उम्मीदवार है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल, 2024 को अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडु, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, अंडमान एंड निकोबार आईलैंड्स, जम्मू कश्मीर, लक्षद्वीप और पुंडुचेरी की 102 लोकसभा सीटों पर, दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल, 2024 को असम, बिहार, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, केरल, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, राजस्थान, त्रिपुरा, यूपी, पश्चिम बंगाल और जम्मू कश्मीर के इन सभी राज्यों की कुल 89 सीटों पर और तीसरे चरण में 7 मई, 2024 को असम, बिहार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, कर्नाटक. मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, यूपी, पश्चिम बंगाल, दादरा एंड नगर हवेली और दमन एवं दीव और जम्मू कश्मीर के सभी राज्यों की कुल 94 सीटों पर मतदान सम्पन्न हो चुके हैं। बिहार के तीसरे चरण की मतदान प्रतिशत 60 रहा। सूत्रों की माने तो मतदाताओं में मतदान के लिए जोश देखा गया, इसका एक कारण बिहार में तापमान गिरने से भीषण गर्मी में कमी भी हो सकता है। फिर भी वर्ष 2019 के मुकाबले 1.22 प्रतिशत मतदान कम हुआ है। ऐसे तो बिहार के झंझारपुर में 55.50 प्रतिशत, सुपौल में 62.40 प्रतिशत, अररिया में 62.80 प्रतिशत, मधेपुरा में 61 प्रतिशत और खगड़िया में 58.20 प्रतिशत मतदान हुआ है। झंझारपुर लोकसभा में विधानसभा अनुसार खजौली में 56.30 प्रतिशत, बाबूबरही में 55.60 प्रतिशत, राजनगर (एससी) में 48.92 प्रतिशत, झंझारपुर में 52.50 प्रतिशत, फुलपरास में 52.10 प्रतिशत और लौकहा में 55.47 प्रतिशत मतदान हुआ। सुपौल लोकसभा में विधानसभा अनुसार निर्मली में 62.50 प्रतिशत, पिपरा में 58.91 प्रतिशत, सुपौल में 55.50 प्रतिशत, त्रिवेणीगंज (एससी) में 60.50 प्रतिशत, छातापुर में 60.56 प्रतिशत और सिंहेश्वर में 56.28 प्रतिशत मतदान हुआ। अररिया लोकसभा में विधानसभा अनुसार नरपतगंज में 58.71 प्रतिशत, रानीगंज (एससी) में 54.21 प्रतिशत, फारबिसगंज में 63.09 प्रतिशत, अररिया में 58.17 प्रतिशत, जोकीहाट में 59.60 प्रतिशत और सिकटी में 66.30 प्रतिशत मतदान हुआ। मधेपुरा लोकसभा में विधानसभा अनुसार आलमनगर में 54.70 प्रतिशत, बिहारीगंज में 58.30 प्रतिशत, मधेपुरा में 55 प्रतिशत, सोनवर्षा (एससी) में 51.05 प्रतिशत, सहरसा में 55.07 प्रतिशत और महिषी में 55.31 प्रतिशत मतदान हुआ। खगड़िया लोकसभा में विधानसभा अनुसार सिमरी बख्तियारपुर में 51.60 प्रतिशत, हसनपुर में57.45 प्रतिशत, अलौली (एससी) में 56.10 प्रतिशत, खगड़िया में 58.65 प्रतिशत, बेलदौर में 57.50 प्रतिशत और परबत्ता में 52.87 प्रतिशत मतदान हुआ। 13 मई को चौथे चरण में आंध्र प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना, यूपी, पश्चिम बंगाल और जम्मू कश्मीर केइन सभी राज्यों की कुल 96 सीटों पर मतदान होंगे। जबकि बिहार में चौथे चरण में दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय एवं मुंगेर में मतदान होगा। एक तरफ मतदान शुरू है तो दूसरी तरफ राजनीतिक सियासत भी शुरू है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कहना है कि देश को बड़ी वैश्विक शक्ति बनाने के लिए अगले पांच साल महत्वपूर्ण है, इसलिए वैश्विक हालात से निपटने के लिए सक्षम सरकार जरुरी है। लोकतंत्र के उत्सव में भाग लेने वाले सभी मतदाताओं का धन्यवाद। युवा और महिला मतदाता एनडीए की ताकत बनकर उभर रहे हैं। वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि भारत के लोकतंत्र और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य तय करेगी, इसलिए एक एक वोट कीमती है, बाहर निकले और मतदान करें। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कहना है कि लोगों ने विरासत और विकास की अवधारणा को गति देने, विकसित भारत का सपना साकार करने के लिए मतदान किया है। कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा है कि देश आम चुनाव के बीच कर्नाटक में लागू पांच गारंटी की बात कह रहा है। केन्द्र में आने पर कांग्रेस की सरकार देश भर में दस गारंटी को लागू करेगी। असम के मुख्यमंत्री का कहना है कि मतदान कर लोगों ने लोकतंत्र को मजबूत बनाने का काम किया है। बूथ पर हर उम्र वर्ग के लोगों की लंबी कतार उत्सव को विशेष बना रही है। राकापा (पवार गुट) प्रमुख शरद पवार का कहना है कि अयोध्या के राम मंदिर का मुद्दा अब समाप्त हो गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का कहना है कि यह मामूली चुनाव नहीं है, यह देश और संविधान को बचानेवाली चुनाव है। कांग्रेस नेता भूपेश बघेल का कहना है कि भाजपा अपनी हार को भांप घबरा गई है। कांग्रेस नेता अशोक गहलोत का मानना है कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि हम सब मिलकर न्याय की संकल्पना को साकार करते हुए सशक्त सरकार का गठन करने में सफल होंगे। भाजपा नेता शिवराज सिंह चौहान का कहना है कि जनता कांग्रेस के इरादे को कभी कामयाब नहीं होने देगी। तीसरे चरण के मतदान कमोबेश शांतिपूर्ण रहा और मतदान प्रतिशत भी कमोबेश चिंताजनक नहीं लगता है। तीन चरणों के सभी उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला ईवीएम मशीन में बंद हो गया है और 04 जून को फैसले का निर्णय सुनाये जायेंगे। प्रथम चरण और दूसरे चरण की अपेक्षा तीसरे चरण में मतदान ज्यादा हुआ है। बिहार में चौथे चरण में दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय एवं मुंगेर, पांचवे चरण में सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण एवं हाजीपुर, छठ्ठे चरण में वाल्मीकिनगर, प. चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, महाराजगंज एवं सीवान और सातवें एवं अंतिम चरण में नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट एवं जहानाबाद में मतदान होगी।

मतदाताओं का लगा चौपाल

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से सघन शत प्रतिशत मतदान को लेकर चौपाल का आयोजन किया जा रहा है । फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने मतदाताओं से अपील किया है कि अपना मत स्वच्छ छवि के उम्मीदवार को ही दे । अपराधी छवि एवं भरस्टाचार में लिप्त उम्मीदवार का बहिष्कार करें। आप अपना मत उसे दे जिसे आप जानते एवं पहचानते हो,जो आपके सुख दुख में हाथ बटाता हो , जो सभी जाति और धर्म का सम्मान करता हो, जो अपराध एवं भरस्टाचार में लिप्त न हो, जो कमीशन खोर न हो, जो सरकारी कार्यो को ईमानदारी से कराने की क्षमता रखता हो,जो नशा सेवन नही करता हो, जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि समझता हो । आप अपना मत बिना किसी भय, दवाव,लालच के करे । लोकतंत्र के इस महापर्व में आपका वोट ही आपकी ताकत है । जब हम करेगे शतप्रतिशत मतदान तब बनेगा भारत देश महान । उन्होंने लोगो से आह्वान किया कि वोट से चोट करे । वही राजदीप ने मतदाताओं से आह्वान किया कि शत प्रतिशत मतदान करने के लिए लोगो को जागरूक करें । पहले मतदान करें फिर खान पान करे ।अभियान में राणा लखन सिंह चंदेल , अदिति राज,साक्षी सिंह, सोनी पटेल, नेहा कुमारी, इशिका कुमारी,शवया प्रवीण, इंशा उजमा, अनवरा , शिशुपालकुमार , रघुवीर, राजदीप,हीरालाल कुमार, ,सुजीत कुमार,गौरव गुप्ता,रवि प्रकाश, हिमांशु शर्मा, विकाश कुमार,सन्नी कुमार , प्रियंका कुमारी, मोना झा, इंशा उजमा,रीता सिंह,दीपक कुमार,आर्यन राज, रागनी जयशवाल समेत दर्जनों फाउंडेशन के स्वयंसेवक जुटे रहे ।

मंगेर के विकास में ललन सिंह ने स्थापित किया मिल का पत्थर : मोहित

नई सोच एक्सप्रेस

पटना/मुंगेर। जदयू के प्रदेश सचिव सह मीडिया पैनलिस्ट, मोहित प्रकाश ने कहा कि एक ओर जहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने 18 साल के कार्यकाल में बिहार के विकास के लिए काम किया। वहीं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व मुंगेर के सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने मुंगेर संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए काम किया। उन्होंने बिना जाति धर्म का भेद किया सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों में समान रूप से विकास की किरण फैलायी। वे मंगलवार की देर शाम खडगपुर प्रखंड(बाढ़ौना,मझगाँ व,लक्ष्मीपुर,भूधरनी,धापडी,निशीहा रा,किशनपुर,खंडबिहारी,कमालपुर) जमालपुर प्रखंड के विभिन्न गाँव में मतदातओ से मुलाकात कर ललन सिंह के पक्ष में मत रूपी आशीर्वाद मतदान के दिन देने का आग्रह किया। वहीं उन्होंने बुधवार को शीतलपुर, कल्याणपुर, सहित बरियारपुर प्रखं्ड के दर्जनों गाुव का दौरा कर ललन सिंह के पक्ष में जनसंपर्क किया। उन्होंने कहा कि ललन सिंह के प्रयास से मुंगेर की सड़के, पुल पुलिया, स्कलू, अस्पताल सहित आधारभूत विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि ललन सिंह पे बिहार सरकार के जलसंसाधन मंत्री रहते कई बराज व नहर के लिए भी काम किया। इसलिए जनता को बिहार में हुए विकास को देखते हुए एनडीए को अपना मत देकर पीएम नरेन्द्र मोदी व सीएम नीतीश कुमार को मजबूत करना चाहिए।

राजधानी में जब्त हुई 25 करोड़ की नकली किताबें

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। पटना में इन दिनों नकली किताबों का कारोबार खूब बढ़ रहा है। पटना में 8 अप्रैल को भारी मात्रा में नकली किताबें बरामद हुई थी। यह कार्रवाई भारती भवन के शिकायत पर की गई थी। पुलिस ने प्रिंटिंग प्रेसों पर छापा मारा तो वहां अलग-अलग ब्रांड की नकली किताबें मिली। इनमें से सब से ज्यादा सरकारी यानी सीबीएससी और एनसीईआरटी के किताबें थी। ये सभी किताबें बाजार में निकालने को तैयार ही थी। ये सभी किताबें क्लास 3 से लेकर क्लास 8 तक की थी। पुलिस ने सभी किताबों को जब्त कर लिया। पुलिस इन प्रिंटिंग प्रेसों पर नजर बनाए हुए है। फिलहाल पुलिस किताबों के संबंधित प्रकाशकों को इसकी सूचना दे रही है। पुलिस ने मौके से इन किताबों को छपवाने वाले राकेश कुमार से पूछताछ की और छोड़ दिया। इस प्रेसों में सीबीएससी और एनसीईआरटी, भारती भवन, एस चांद, राजकमल समेत लगभग आधा दर्जन प्रकाशन की किताबें छप रहीं थीं। इस प्रिंटिंग प्रेस में प्रिंटिंग मशीन बाइंडिंग मशीन लेबलर कटर के साथ साथ गोडाउन भी बना हुआ था। इन पांचों में से 3 में तो सिर्फ एनसीईआरटी और सीबीएसई की ही नकली किताबें हीं छापी जा रही थी। जबकि ये दोनों प्रकाशन सरकारी हैं। 25 करोड़ के नकली किताबों में लगभग 20 करोड़ की किताबें एनसीईआरटी और सीबीएसई की थी। पुलिस के पास जब्त किताबों को रखने की जगह नहीं है, इस वजह से इन किताबों को उन्हीं प्रेसों में पुलिस ने सील कर रखा है। एक महीने बीत जाने के बाद भी कोई इन किताबों को क्लेम करने नही आया। जबकि पुलिस का कहना है कि इन किताबों के असली प्रकाशक को सूचना दे दी गई है।इस मामले को देख रहे पटना सीटी एसडीएसपी 2 गौरव कुमार ने बताया कि पिछले 8 अप्रैल को नकली किताबों के कई प्रिंटिंग प्रेस में छपने और स्टॉक करने की बात सामने आई थी। ये सूचना भारती भवन प्रकाशन के फ्लाइंग टीम ने दी थी। हर प्रकाशन या कंपनी अपनी एक टीम रखती है जिसका काम मार्केट में उसके प्रोडक्ट की डुब्लिकेसी को रोकना होता है। इनके सूचना के बाद पटना के रामाकृष्ण नगर और बायपास थाना क्षेत्र में 5 प्रिंटिंग प्रेस में छापा मार कर 25 करोड़ की नकली किताबें पकड़ी गई थी। पटना के सिटी एसपी पूर्वी भरत सोनी ने बताया है कि ऐसे मामलों में पुलिस ने भारती पब्लिकेशन के आवेदन पर कॉपी राइट के तहत एफआईआर दर्ज कर लिया है। बाकी की जो किताबों के पब्लिशर हैं उनको सूचना दे दी गई है। अभी तक इन किताबों के असली नकली होने की जांच पब्लिकेशन की तरफ से नही की गई है। एक बार ये जांच होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। भारती भवन के एक अधिकारी ने बताया कि एक साल से ऐसी शिकायत आ रही थी कि भारती भवन ने प्रकाशन की क्वालिटी खराब हो रही है। जिसके बाद इसकी जांच कराई गई। तो पाया गया कि भारती भवन की पटना में बिकने वाले बहुत से किताबें नकली हैं। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। जिसके बाद एक टीम बना कर इसके जड़ तक पहुंचने के काम शुरू किया गया। टीम को पटना के रामाकृष्णा नगर थाना क्षेत्र में 3 और बायपास थाना क्षेत्र में दो प्रिंट प्रेस और गोडाउन का पता चला जहां सिर्फ बड़े बड़े ब्रांड्स का नाम देकर नकली किताबी छापी जा रही थी। जिसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर लगभग 25 करोड़ के नकली किताबें बरामद की।

लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को मिल रहा अपार जनसमर्थन : सुमन मल्लिक

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। कांग्रेस प्रवक्ता सुमन कुमार मल्लिक ने कहा की लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के चुनाव में कांग्रेस के साथ ही 'इंडिया गठबंधन' के सभी प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित हैं। श्री मल्लिक ने खुशी जताते हुए कहा की लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में जिस तरह से कोसी-सीमांचल के सभी मतदाता लोकतंत्र के इस उत्सव में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाए, ये अत्यंत ही सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि देश में ईमानदार विकास और सत्ता में बदलाव के लिए मतदाता इस बार 'इंडिया गठबंधन' के प्रत्याशियों के पक्ष में ही अपना मतदान कर रहे हैं।श्री मल्लिक ने कहा की लोकसभा चुनाव का परिणाम देश की दिशा और दशा तय करेगा। उन्होंने कहा की इस बार कई लोकसभा क्षेत्रों में अनेकों मजबूत स्वतंत्र प्रत्याशी की भी स्थिति बहुत बेहतर हैं और यदि वे चुनाव जीतकर आएंगे तो, वे 'इंडिया गठबंधन' को ही समर्थन देंगे। उन्होंने कहा की ये लोकसभा चुनाव का परिणाम उम्मीद से भी ज्यादा अप्रत्याशित साबित होंगे। उन्होंने कहा की केंद्र की बीजेपी सरकार की बिदाई अब तय हैं।

संक्षिप्त समाचार

सक्षमता परीक्षा के लिए अभी नई तारीख के लिए करना होगा इंतजार

पटना। सक्षमता परीक्षा के द्वितीय चरण के लिए परीक्षा का आयोजन 12, 14 और 15 मई को किया जाना था। इसमें बदलाव किया गया है। अब इन तारीख पर परीक्षा नहीं होगी। जल्द ही नई तिथि जारी की जाएगी। चुनाव में शिक्षकों की ड्यूटी और आचार संहिता लागू होने के कारण फैसला लिया गया है। एडमिट कार्ड भी अभी जारी नहीं होगा। कुल 85 हजार नियोजित शिक्षकों ने आवेदन किया है। इस संबंध में सूचना जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी को भेज दी गई है। मूल एडमिट कार्ड गुम होने की स्थिति में शिक्षक अभ्यर्थी को दोबारा सक्षमता परीक्षा देनी होगी। अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा फॉर्म भरते समय आधार कार्ड, मैट्रिक का प्रमाण पत्र, टीइटी, सीटीइटी, एसीईटी उत्तीर्णता प्रमाण पत्र, प्रशैक्षणिक तथा शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं नियोजन इकाई द्वारा जारी नियुक्ति पत्र अपलोड करना होगा। सक्षमता परीक्षा 2.0 में भी अलग-अलग कक्षाओं के लिए सात श्रेणी में कुल 59 विषयों की परीक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित की जाएगी। परीक्षा में कोई निगेटिव मार्किंग नहीं है। इनमें पहली से पांचवीं में एक विषय की परीक्षा होगी। छठी से आठवीं में 8 विषयों की परीक्षा होगी। इसके अलावा माध्यमिक (नवमीं से दशवीं) में 19 विषयों और उच्च माध्यमिक (11वीं से 12वीं) में 31 विषयों की परीक्षा ली जाएगी। बताते चलें कि प्रारंभिक, हाई और इंटर स्कूलों में पढ़ाए जाने वाले कोर्स से सवाल पूछे जाएंगे। सक्षमता परीक्षा में कुल 150 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे। इसमें कक्षा 1 से 5 के लिए के लिए भाषा से 30, सामान्य अध्ययन से 40 और सामान्य विषय से 80 प्रश्न पूछे जाएंगे। इसी तरह के अंक प्रश्न छठी से आठवीं, नौवीं व दसवीं तथा 11 वीं व 12 वीं के नियोजित शिक्षकों से पूछे जाएंगे।

मॉडल इम्यूनाइजेशन कॉर्नर से पांच साल में शहरी टीकाकरण में चार गुना वृद्धि

2023-24 में 1 लाख 1 हजार 227 शहरी शिशुओं का हुआ टीकाकरण

राज्य के 27 शहरों में कार्यरत हैं कुल 90 मॉडल इम्यूनाइजेशन कॉर्नर

पटना। मॉडल इम्यूनाइजेशन कॉर्नर के नए प्रयोग ने 9 माह से 12 माह के शहरी बच्चों के टीकाकरण की गति और आच्छादन में उल्लेखनीय विस्तार दिया है। केवल पांच साल में ही इसमें चार गुना से अधिक की वृद्धि दर्ज हुई है। राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक सुहर्ष भगत का मानना है कि स्वास्थ्य महकमे की इस नई पहल ने शहरी स्लम बस्ती में रहने वाले परिवारों और उनके बच्चों का जीवन सुरक्षित किया है। ज्ञातव्य है कि राज्य के अभी 27 शहरों में ऐसे 90 मॉडल इम्यूनाइजेशन कॉर्नर कार्यरत हैं। वर्ष 2019-20 में जब पहली बार ये कॉर्नर बने तो पहले साल यहाँ 23 हजार 671 बच्चों का टीकाकरण किया गया। केवल पांच साल में यहआँकड़ा बढ़कर गत वर्ष 2023-24 में 1 लाख 1 हजार 227 पर पहुंच गया. राज्य में इसके अतिरिक्त 106 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर भी टीकाकरण केंद्र काम कर रहा है। सूबे के राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के राज्य कार्यक्रम अधिकारी मो. मसऊद आलम ने बताया कि कि मॉडल इम्यूनाइजेशन कॉर्नर के माध्यम से पहले वर्ष 2019—20 में 23 हजार 671 बच्चों का टीकाकरण हो पाया था। अगले साल 2020—21 में इसमें दोगुनी वृद्धि हुई और 49 हजार 453 बच्चों को टीकाकृत किया गया. इसके बाद आये कोविड काल ने मॉडल इम्यूनाइजेशन कॉर्नर के काम पर भी प्रतिकूल असर डाला। फिर भी वर्ष 2021—22 में 51 हजार 743 बच्चे टीकाकृत हुए। कोविड काल का असर कम होते ही इसमें भारी उछाल दर्ज हुआ और वर्ष 2022—23 में 87 हजार 378 तथा गत वर्ष 2023—24 में 1 लाख 1 हजार 227 शिशुओं को प्रतिरक्षित किया गया है। राज्य में प्रायोगिक तौर पर 2018—19 में पटना, पूर्णिया और मुजफ्फरपुर में पांच मॉडल इम्यूनाइजेशन कॉर्नर स्थापित किये गये थे। इसे पूरी तरह से चाइल्ड फ्रेंडली और किसी निजी टीकाकरण केंद्र की तरह ही बनाया गया था। दरअसल वर्ष 2012—13 के दौरान बिहार के 27 शहरों में टीकाकरण केंद्र स्थापित करने को लेकर वृहद् सर्वे किया गया था। इस दौरान शहरी क्षेत्रों में अभिभावकों के काम पर जाने के कारण टीकाकरण केंद्रों तक उनके नहीं पहुंचने की बात सामने आयी थी। मो. मसऊद आलम ने बताया कि इस सर्वे के निष्कर्षों को आधार मानकर प्रायोगिक तौर पर शुरू किए गए मॉडल इम्यूनाइजेशन कॉर्नर के काम करने की अवधि दिन में 11 बजे से शाम के 7 बजे तक किया गया। इससे शहरी टीकाकरण में पहले से बेहतर परिणाम मिलने लगे। उल्लेखनीय है कि कुछ दशक पहले तक टीकाकरण के मुख्य और प्राथमिक केंद्र गांव ही रहे थे। ऐसे में शहरी क्षेत्र में बढ़ते स्लम क्षेत्र और आय के असमान वितरण ने यहां भी स्वास्थ्य के अन्य मुद्दे सहित बच्चों के टीकाकरण की जरूरत को पैदा किया। इसी असमानता को कम करने के लिए राज्य में वर्ष 2018—19 में शहरी टीकाकरण की रणनीति बनी। जिससे शहरी क्षेत्रों में शिशुओं को पूर्ण प्रतिरक्षित किया जा सके। पांच मॉडल इम्यूनाइजेशन कॉर्नर की सफलता के बाद राज्य के राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (एनयूएचएम) ने राज्य के 27 शहरी क्षेत्रों में 95 मॉडल इम्यूनाइजेशन कॉर्नर स्थापित करने का अनुरोध स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को भेजा. वर्ष 2019—20 में 90 केंद्रों के स्थापना की स्वीकृति दी गयी। ये सारे मॉडल इम्यूनाइजेशन कॉर्नर अभी भी संचालित हैं। इसके अलावा 106 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर नियमित तौर पर टीकाकरण केंद्र भी संचालित हैं। इसके अलावा शहरी क्षेत्रों में जागरूकता के लिए आशा का चयन, महिला आरोग्य समिति का गठन जैसे कार्यों ने शहरी टीकाकरण को अभूतपूर्व गति दी।

ललन सिंह ने किया अनंत सिंह का जमकर तारीफ

बाढ़। अनुमंडल के बेलछी प्रखंड के बाराह में एनडीए समर्थित जेडीयू उम्मीदवार ललन सिंह ने जनसंपर्क के दौरान मोकामा के पूर्व विधायक अनंत सिंह की जम कर तारीफ किया,कहा ये इलाका अनंत सिंह का है जो न्याय करते है ,इसीलिए लोग उनको छोटे सरकार कहते है।मुंगेर से जेडीयू उम्मीदवार ललन सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार के विकाश कार्यों को जनता देख रही है।पहले बिजली और सड़क की हाल खराब थी जो आज बेहतर है।वही अनंत सिंह की पत्नी मोकामा की विधायक नीलम देवी ने कहा कि अनंत सिंह यहां के बेटा है और मैं बहु,इसलिए आप से वोट मांगने का अधिकार है। 13मई को तीर पर बटन दबा कर ललन सिंह को जिताने की अपील की।इस दौरान ललन सिंह बेलछी प्रखंड के कई पंचायतों का दौरा कर जनसंपर्क चलाया।

देवदूत है दिव्यांग शिशुपाल, बचाई हजारों की जान

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। मन और मष्तिष्क स्वस्थ्य हो तो तन कोई बाधा नही पहुँचा सकता । काजीविघा निवासी शिशुपाल बचपन मे ही पोलियो के शिकार हो गये दोनों पैर से लाचार होने के बाद कभी भी दिव्यांग होने का रोना नही रोया और इसे अपना ताकत बनाकर समाज सेवा में कूद पड़े और आज देश भर में जाने माने सामाजिक कार्यर्ताओं में अपनी पहचान बना चुके है । औक्सीजन बैंक के सचिव के रूप में सदैव लोगो को मदद पहुँचा रहे है । शिशुपाल पत्रकारिता और समाज सेवा को ही जीवन का धेय बनाकर रात दिन लगे है । कोरोना के शुरुआती काल में फतुहा कल्याणपुर में एक शिक्षक एवं खुसरुपुर में एक दवा दुकानदार की मौत ऑक्सीजन की कमी से हो गई थी। प्रेमयूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेमजी पर इस घटना का व्यापक असर पड़ा और उन्होंने कुछ करने को ठान लिया। इसके बाद प्रेमयूथ फाउंडेशन कार्यसमिति की बैठक बुलाकर कोरोना से लड़ने की योजना बनाई गई। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि एक ऑक्सीजन बैंक खोला जाय ताकि ऑक्सीजन की कमी से होने वाली मौतों पर अंकुश लग सके। बैंक खोलने का विचार, कैबिनेट के फैसले को मूर्त रूप देना किसी चुनौती से कम नहीं था। उस वक्त पूर्ण लॉक डाउन लगा था, लोगों का घरों से निकलना मुश्किल था और धन का भी घोर अभाव था। पर टीम की जागृत चेतना के साथ फाउंडेशन को अन्य सुहृद्जनों का साथ मिला और लोग इस मिशन को कामयाब करने में जुट गए। ऑक्सीजन बैंक खोलने का प्रस्ताव उस समय के तत्कालीन फतुहा के एएसपी मनीष कुमार के बीच लाया गया, उनसे चर्चा की गई। उन्होंने टीम की इस सोंच के प्रति हृदय से आभार प्रकट करते हुए अपनी सहमति प्रदान की और टीम को भरपूर सहयोग देने का वादा किया। इसके बाद तो मानो टीम को उड़ान के पंख लग गए। टीम के सभी सदस्य प्रेमजी की अगुआई में जुट गए। ऑक्सीजन बैंक खोलने की इस मुहिम में एएसपी मनीष कुमार के अलावा हिंदुस्तान के पत्रकार आनंद कुमार पाठक, डॉ. राजीव कुमार, डॉ. उमेश प्रसाद यादव, चंदन पटेल, कपिलदेव प्रसाद, शिशुपाल कुमार, मो. राजू, राजदीप, गौरव गुप्ता आदि जुड़ गए। इसके बाद ऑक्सीजन बैंक खोलने को एक समिति का गठन किया गया और लाइफलाइन ऑक्सीजन बैंक के रूप में दरियापुर, फतुहा में बैंक खुल गया। बैंक खोलने में आम से खास लोगों का भरपूर सहयोग मिला और लोगों ने दिल खोलकर दान किया। बैंक में अभी पर्याप्त छोटे-बड़े सिलेंडर और कंसंट्रेटर उपलब्ध हैं। बैंक के खुलते ही बिहार, बंगाल, झारखंड से लोग ऑक्सीजन सिलेंडर के लिए फतुहा पहुंचने लगे। बैंक की कार्यशैली से प्रभावित होकर लोगों की सुविधा के लिए कई समाजसेवी आगे आए और देखते ही देखते खुसरुपुर, बख्तियारपुर, दनियावां, नालंदा, वैशाली जहानाबाद आदि जगहों पर भी कई शाखाएं खुल गईं। ऑक्सीजन सिलेंडर की सेवा पूर्णतः निःशुल्क है एवं कोरोना काल में हर तबके के सैंकड़ों लोगों को 24 घंटे ऑक्सीजन सिलेंडर, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध कराया गया। बैंक के पास लिमिट संसाधन होने के बावजूद कइयों की जान बचाई गई। ऑक्सीजन मैन गौरव राय ने कोरोना में जो कार्य किए और बैंक के लिए जो योगदान दिया वह उल्लेखनीय है। कोरोना काल में ही पुलिस इंस्पेक्टर सुजीत कुमार ने ऑक्सीजन बैंक को ऑक्सीजन के लिए कॉल किया। बताया कि मेरा ऑक्सीजन लेबल काफी नीचे पहुंच गया है। मैं पटना में अपने आवास पर हूं हमें ऑक्सीजन की जरूरत है कृपया जल्द से जल्द ऑक्सीजन सिलेंडर की व्यवस्था करा दें। यह उस समय बड़ी चुनौती थी। लोग अपने कोरोना संक्रमित परिवार को छोड़कर भाग रहे थे, पुत्र पिता को कंधा नहीं दे रहा था ऐसे में घर-घर जाकर ऑक्सीजन सिलेंडर पहुंचाना और लगाना बैंक के लिए एक बड़ी चुनौती थी। पुलिस इंस्पेक्टर सुजीत कुमार की पीड़ा बैंक की ओर से ऑक्सीजन मैन गौरव राय को बताई गई। उन्होंने दस मिनट के अंदर सुजीत कुमार जी के लिए ऑक्सीजन सिलेंडर उपलब्ध किया और उनके घर पर पहुंचाकर लगाया। भगवत्कृपा से उनकी जान बच गई। हद तो तब हो गई जब लोग बैंक को शव उठाने के लिए भी कॉल करने लगे। उस समय भी बैंक पीछे नहीं हटा और उनके स्वयंसेवकों ने हार नहीं मानी। उस वक्त राहुल और प्रेरणा देवदूत बनकर आगे आए और अनेक लाशों को डिस्पोजल करने-करवाने में अभूतपूर्व प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बैंक की ओर से कोरोना काल में मास्क, साबुन, सैनेटाइजर, विटामिन सी की गोलियां, भोजन के पैकेट आदि के वितरण समय-समय पर किए जाते रहे साथ ही जागरूकता अभियान भी चलाया जाता रहा। आगे चलकर ऑक्सीजन बैंक ने खाली सिलेंडर भरवाने का जिम्मा उठाया और जरूरतमंदों को फ्री में सिलेंडर भरवा कर उपलब्ध कराया। इसके लिए राजेंद्र नगर रोड नंबर 2 में सेंटर खोला गया जहां पर बड़े सिलेंडर से छोटे सिलेंडर मुफ्त में भरे जाते थे। बैंक को सुचारू रूप से चलाने में इंडस्ट्रियल एरिया स्थित बंसी ऑक्सीजन प्लांट, सबलपुर स्थित पाटलिपुत्र ऑक्सीजन प्लांट का काफी सकारात्मक सहयोग मिला। बैंक के सहयोग में सांसद रविशंकर प्रसाद, विधायक डॉ. रामानंद यादव, तत्कालीन ग्रामीण एसपी कांतेश मिश्रा, डीएसपी राजेश कुमार मांझी के अलावा कई बीडीओ, सीओ, सीडीपीओ, थानाध्यक्ष, पुलिस पदाधिकारी, व्यवसायियों का बहुत बड़ा हाथ रहा। इधर बैंक के कर्मवीर दिन हो या रात किसी भी समय हर तरह की तरह मदद के लिए 24 घंटे खड़े रहे और अभूतपूर्व सेवा दी। आगे चलकर बैंक की ओर से पीपीई किट का भी वितरण किया गया जिसका दिलीप कुमार, देवानंद ने संयोजन करते हुए कार्य का बखूबी निर्वाहन किया। जाड़े के मौसम में बैंक की ओर से हजारों लोगों को गरम कपड़े उपलब्ध कराए गए। इस अभियान में शिशुपाल का काफी सराहनीय सहयोग रहा। रवि प्रकाश, रानी, हिमांशु शर्मा, नैंसी ने पीड़ितों के घर-घर जाकर अपनी सेवाएं दीं। आज भी बीमारी के शिकार लोगों के परिजन ऑक्सीजन के लिए पहुंच रहे हैं। फोरलेन एवं एसएच से जुड़े होने के कारण प्रतिदिन सिलेंडर की मांग होती है। बैंक की सेवा निरंतर जारी है तथा इसकी अन्य शाखाएं खोलने पर भी विचार किया जा रहा है। उम्मीद है बहुत जल्द इसे कार्य रूप दे दिया जाएगा।

किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी ने बिहार की राजधानी पटना में अपना दूसरा एक्सक्लूसिव शोरूम लॉन्च किया

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। भारतीय आभूषण उद्योग के अग्रणी नाम, किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी, ने पटना के सगुना मोड़, दानापुर में अपने एक्सक्लूसिव शोरूम का उद्घाटन किया। इस उद्घाटन के साथ, वे अपनी रणनीतिक विस्तार को भी जारी रख रहे हैं। यह किसना का बिहार में एक ही सप्ताह में दूसरा धमाका है और पूरे भारत में 26वां शोरूम है। इस विस्तार के साथ, किसना देश भर में ग्राहकों को अद्वितीय शिल्प कौशल और कालातीत सुंदरता प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को और भी मजबूत कर रहे हैं। शोरूम के भव्य शुभारंभ में हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक, श्री घनश्याम ढोलकिया, और किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी के डायरेक्टर, पराग शाह मौजूद थे। दानापुर, पटना में स्थित, नया शोरूम पटना के मूल्यवान उपभोक्ताओं के लिए लक्जरी खरीदारी के अनुभवों को फिर से परिभाषित करने का वादा करता है। सावधानीपूर्वक तैयार किए गए आभूषणों की एक विस्तृत श्रृंखला के साथ, किसना उपभोक्ताओं को शाश्वत सुंदरता और अद्वितीय शिल्प कौशल की दुनिया में शामिल होने के लिए आमंत्रित करता है। हरी कृष्णा ग्रुप के फाउंडर और एम.डी. घनश्याम ढोलकिया ने अपने इस एक्सक्लूसिव ब्रांड शोरूम की घोषणा पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि "हम बिहार में अपने दूसरे विशेष शोरूम का उद्घाटन करते हुए रोमांचित हैं, पटना जो इतिहास और सांस्कृतिक महत्व से भरा शहर है। यह विस्तार विभिन्न उपभोक्ताओं को बेहतरीन गुणवत्ता वाले आभूषण प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता पर जोर देता है। 'हर घर किस्ना' की दृष्टि के साथ हमारा लक्ष्य भारत में सबसे तेजी से बढ़ने वाला हीरा आभूषण ब्रांड बनना है और हर महिला के हीरे के आभूषण रखने के सपने को साकार करना है।" किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी के डायरेक्टर, पराग शाह ने कहा, ''पटना के दूसरे विशेष शोरूम का उद्घाटन किसना की उत्कृष्टता की निरंतर खोज और पूरे भारत में उत्तम हीरे और सोने के आभूषणों के लिए पसंदीदा स्थान बनने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। नवाचार, ग्राहक-केंद्रितता और गुणवत्ता पर ध्यान देने के साथ, किसना अपनी अद्वितीय रचनाओं से दिलों को लुभाने और जीवन को संवारने के लिए तैयार है।'' किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी के फ्रेंचाइजी पार्टनर, रविशंकर किसलय एवं श्री जीतेन्द्र कुमार वर्मा ने कहा, "किसना डायमंड एंड ज्वेलरी के साथ साझेदारी हमारे लिए बहुत ही महत्पूर्ण है और हम उनके द्वारा पेश की जा रही अद्भुत ज्वेलरी के जरिये पटना के लोगों को बेहतर सेवाएं देने के लिए उत्साहित हैं। हम ग्राहकों को बेहद खूबसूरत और कहीं न मिलने वाली क्वालिटी देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। एक साथ मिलकर हम पटना के ग्राहकों को एक बेहतरीन अनुभव देना चाहते हैं।"

पटना के गोला रोड में ट्यूलिप रेस्टोरेंट की ग्रैंड लॉन्चिंग हुआ

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। पटना के गोला रोड में ट्यूलिप रेस्टोरेंट की ग्रैंड लॉन्चिंग हुआ है। अगर आप पटना से हैं और अच्छे खाने का शौख रखते हैं तो आपके लिए यह किसी खुशखबरी से कम नहीं है। दरअसल, पटना के सोनू मार्केट के नजदीक, गोला रोड, दानापुर पटना में बुधवार को ट्यूलिप रेस्टोरेंट का भव्य उद्घाटन हुआ है जो कि पलाश होटल एंड बैंक्वेट का यूनिट है। वहीं इस मौके पर राजद नेत्री श्रीमती मीसा भारती जी सहित शहर के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके स्टोर के निदेशक अर्जुन राय ने बताया कि पटनावासियों का प्यार और हमारे मिठाइयों की मिठास ने हमें इस मुकाम पर लाया है। उन्होंने बताया कि उनके यहां आपके लिए स्वीट्स, रेस्टोरेंट और बुफे की पूरी व्यवस्था है। बिहार में अपनी तरह का पहला रेस्टोरेंट है जहां खाने के कई वैरायटी हैं। इसके अलावे आप हर तरह की बर्थडे पार्टी, एनिवर्सरी पार्टी बैंक्वेट में पटना के बेहतरीन सर्विस और लजीज व्यंजन के साथ पा सकते है। ट्यूलिप रेस्टोरेंट की सर्विस इसे औरों से अलग बनाता है। उन्होंने कहा कि वह पटना वासियों से वादा करते है कि उनके यहां के खाने का स्वाद अब हर घर में मिलेगा।

रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। हिमालय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के ब्लड सेंटर में आज विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य थैलेसीमिया से पीड़ित मरीजों के लिए रक्त की कमी को दूर करना और आम जनता में रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। रक्तदान शिविर का उद्घाटन गौरी शंकर, संस्थापक द्वारा किया गया। इस अवसर पर अनिल कुमार, संदीप कुमार सिंह, प्रशासन और अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टर उपस्थित थे। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदान करने वाले सभी लोगों को सम्मानित किया गया और उन्हें रक्तदान का प्रमाण पत्र दिया गया। रामचन्द्र साव, निदेशक, हिमालय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ने कहा कि "हमें यह देखकर खुशी हो रही है कि इतने सारे लोग रक्तदान शिविर में शामिल हुए हैं। रक्तदान एक महान कार्य है जो किसी जरूरतमंद की जान बचा सकता है। हमें उम्मीद है कि इस तरह के शिविरों के आयोजन से रक्तदान के लिए जागरूकता बढ़ेगी और भविष्य में भी हमें रक्त की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा।"

फोर्टिस हॉस्पिटल वसंत कुंज ने मुजफ्फरपुर में शुरू की मल्टी स्पेशलिटी ओपीडी सेवाएं

नई सोच एक्सप्रेस

मुजफ्फरपुर। दिल्ली-एनसीआर के लीडिंग अस्पताल फोर्टिस हॉस्पिटल वसंत कुंज, नई दिल्ली ने बुधवार को मुजफ्फरपुर में स्थानीय कार्ना हेल्थकेयर के साथ मिलकर मल्टी स्पेशलिटी ओपीडी सेवाओं का शुभारंभ किया है। इस ओपीडी के जरिए न्यूरोसर्जरी, स्पाइन सर्जरी कार्डियो थोरेसिक वैस्कुलर सर्जरी, मेडिकल ऑन्कोलॉजी, ऑर्थोपेडिक्स, स्पोर्ट्स इंजरी, कंधे और घुटने की सर्जरी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और जीआई मिनिमल एक्सेस बेरिएट्रिक सर्जरी से जुड़े ट्रीटमेंट के बारे में एक्सपर्ट की सलाह मिलेगी। ये ओपीडी सेवा फोर्टिस हॉस्पिटल वसंत कुंज नई दिल्ली के कई डॉक्टरों की मौजूदगी में शुरू की गयी। फोर्टिस हॉस्पिटल वसंत कुंज में न्यूरोसर्जरी के सीनियर कंसल्टेंट डॉक्टर अनुराग गुप्ता, कार्डियो थोरेसिक वैस्कुलर सर्जरी (सीटीवीएस) के डायरेक्टर डॉक्टर संजय गुप्ता, मेडिकल ऑन्कोलॉजी के डायरेक्टर डॉक्टर अमित भार्गव, ऑर्थोपेडिक्स, स्पोर्ट्स इंजरी, कंधे व घुटने की सर्जरी के एडिशनल डायरेक्टर डॉक्टर विश्वदीप शर्मा, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के डायरेक्टर डॉक्टर मनोज कुमार और जीआई मिनिमल एक्सेस बेरिएट्रिक सर्जरी के डायरेक्टर डॉक्टर हेमनाथ कुमार समेत कई अन्य मशहूर हस्तियों की मौजूदगी में ये ओपीडी सेवा मुजफ्फरपुर में शुरू की गई। ये मल्टी स्पेशलिटी ओपीडी सेवा आज से ही शुरू हो रही है जहां फोर्टिस हॉस्पिटल वसंत कुंज, नई दिल्ली के डॉक्टर महीने के अलग-अलग दिनों पर आएंगे और मरीजों को देखेंगे। न्यूरोसर्जरी और स्पाइन सर्जरी के सीनियर कंसल्टेंट डॉक्टर अनुराग गुप्ता और कार्डियो वैस्कुलर थोरेसिक वैस्कुलर सर्जरी (सीटीवीएस) के डायरेक्टर डॉक्टर संजय गुप्ता हर महीने के पहले बुधवार को ओपीडी में मरीजों को देखेंगे। वहीं, मेडिकल ऑन्कोलॉजी के डायरेक्टर डॉक्टर अमित भार्गव और ऑर्थोपेडिक्स, स्पोर्ट्स इंजरी, कंधे व घुटने की सर्जरी के एडिशनल डायरेक्टर डॉक्टर विश्वदीप शर्मा हर महीने के दूसरे बुधवार को ओपीडी में उपलब्ध रहेंगे। जबकि जीआई मिनिमल एक्सेस बेरिएट्रिक सर्जरी के डायरेक्टर डॉक्टर हेमंत कुमार हर महीने के तीसरे रविवार को ओपीडी में मरीजों को प्राथमिक परामर्श देंगे। डॉ हेमंत पेट से संबंधित सभी बीमारियो के बारे मे तथा ओबेसिटी से संबंधित परेशानियों के बारे में परामर्श देंगे. इस ओपीडी का मकसद मुजफ्फरपुर व आसपास के लोगों को बेस्ट हेल्थ केयर मुहैया कराना है। लॉन्च के दौरान फोर्टिस हॉस्पिटल वसंत कुंज, नई दिल्ली में न्यूरोसर्जरी के सीनियर कंसल्टेंट डॉक्टर अनुराग गुप्ता ने कहा, ''इन ओपीडी सेवाओं के शुभारंभ के साथ हमारा उद्देश्य मुजफ्फरपुर और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को व्यापक तौर पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। फोर्टिस हॉस्पिटल वसंत कुंज, नई दिल्ली में कार्डियो वैस्कुलर थोरेसिक वैस्कुलर सर्जरी (सीटीवीएस) के डायरेक्टर डॉक्टर संजय गुप्ता ने कहा, "हमारी ओपीडी में हार्ट, फेफड़े तथा खून की नसों से सम्बन्धित बीमारी के बारे मे परामर्श दिया जाएगा।

अग्निशमनकर्मी द्वारा मौकड्रील पंपलेट का वितरण

नई सोच एक्सप्रेस

राजापाकर।बिहार अग्निशमन सेवा के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के राजापाकर उत्तरी पंचायत के वार्ड नंबर 9 में चौरीपर टोला में मॉक ड्रिल कर आग से बचाव की जानकारी दी गई और पंपलेट का वितरण किया गया। वहीं बैकुंठपुर पंचायत के वार्ड नंबर 6 में जीविका दीदियों के बीच मॉक ड्रिल किया गया एवं पंम्पलेट का वितरण किया गया और बताया गया कि सिगरेट बीड़ी पीकर इयर उघर नहीं फेक करें।इसे लोगे मिट्टी के बर्तन में बुझाने के बाद डालें। पटाखे नहीं जलाएं यह ज्वलनशील है और खतरनाक है। अनाधिकृत सिलेंडर का प्रयोग रोकें।अधिकृत एलपीजी सिलेंडर खरीदें। गैस इस्तेमाल के बाद रेगुलेटर को बंद कर दें। अधिकृत रूप से बिजली के मीटर से कनेक्शन ले. नंगी तारों का उपयोग नहीं करके प्लग सॉकेट का इस्तेमाल करें। घर से बाहर जाते समय सभी बिजली उपकरण को बंद कर दें आग लगने पर तुरंत फायर ब्रिगेड बिहार अग्निशमन सेवा को 101 नंबर पर सूचित करें। यह सेवा मुफ्त उपलब्ध है। आग की दुर्घटना देखते ही सभी लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचने में मदद करें। बिजली के एलटी तारों के नीचे झुग्गी झोपड़ी नहीं बनाएं। यह खतरनाक हो सकता है। फायर सर्विस की गाड़ी आने के लिए रास्ता रखें गाड़ी को रास्ता दे और आग तक पहुंचने में मदद करें। वहीं विभिन्न विद्यालयों में अग्निशमन कर्मियों द्वारा छात्र-छात्राओं के बीच आग से बचाव हेतु पंपलेट भी बांटा गया। कार्यक्रम में शामिल अग्निशमन कर्मियों में संतोष कुमार , सिंह राजू कुमार, मोहन कुमार ,तनुजा कुमारी, रागिनी कुमारी, सौरव कुमार आदि शामिल है।

सुरक्षा डायग्नोस्टिक बनी पूर्वी भारत की पहली लैब जहां लाई गई है जांच के लिए खून निकालने की आधुनिक बीडी वैक्यूटेनर अल्ट्राटच मशीन

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। किसी भी जांच के लिए खून निकालते समय मरीज को होने वाले दर्द और असुविधा को कम करने और एक ही बार में सही तरीके से सुई लगाकर खून निकालने के उद्देश्य से पूर्वी भारत के अग्रणी पैथलैब सुरक्षा डायग्नोस्टिक ने अपने सभी सैंपल कलेक्शन सेंटर पर एक आधुनिक मशीन लाई है। इस मशीन का नाम है बीडी वैक्यूटेनर अल्ट्राटच पुश बटन ब्लड कलेक्शन सेट, जो की बीडी (बेक्टन, डिकिंसन एंड कंपनी) द्वारा बनाई गई है। पिछले कुछ सालों में लैब से मिलने वाली जांच कि रिपोर्ट को सटीक और त्वरित बनाने पर तो बहुत काम हुआ ही है, लेकिन मरीजों को चाहिए कि उनका अनुभव भी आरामदायक हो और इसके लिए लैब और खून की जांच अक्सर पहला और सबसे ज़रूरी चरण होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए, पूर्वी भारत की सबसे बड़ी लैब - सुरक्षा डायग्नोस्टिक ने ऐसी आधुनिक तकनीक को अपनाया है, जो की खून लेने की प्रक्रिया को सुरक्षित, त्वरित और सुविधाजनक बना दे। सुरक्षा डायग्नोस्टिक की डायरेक्टर और सीईओ ऋतू मित्तल ने बताया कि, "जहां मरीजों की देखभाल की बात आती है, हम अपनी ओर से कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते और मरीज कि देखभाल में दर्द कम करने पर अक्सर ध्यान नहीं दिया जाता है लेकिन ये मरीज के अनुभव का एक बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा होता है।" सुरक्षा डायग्नोस्टिक के डायरेक्टर डॉ. सोमनाथ चैटरजी ने कहा कि, "बीडी हमारे साथ पिछले 30 सालों से जुड़ा हुआ है। वे हमेशा से ही अत्याधुनिक तकनीक लाने में नंबर वन रहे हैं, जिससे मरीजों को बहुत मदद मिली है। इस नई तकनीक के साथ भी मुझे पूरा यकीन है कि हम सही दिशा में अपने कदम उठा रहे हैं।"

पहले मतदान करें के स्लोगन के साथ मतदाताओं को जागरूक किया गया

नई सोच एक्सप्रेस

राजापाकर। प्रखंड की जाफरपट्टी पंचायत अन्तर्गत रामपुर ब्रह्मदास गांव में नये पीडीएस दुकान की संचालिका आभा कुमारी ने अपने आस पास के लोगों के बीच जाकर पहले मतदान करें को लेकर जागरूकता फैलाई ।उन्होने कहा कि देश के विकास में वोट की अहम भूमिका होती है उन्होंने लोगों को जागरुक करते हुए बतलाया कि 20 मई को आगामी लोकसभा चुनाव में पहले वोट करें। जिनकी भी उम्र अठारह वर्ष हो चुकी है वे अपने अधिकार को समझें और सभी कार्यों को दरकिनार कर पहले मतदान करें। जागरुक मतदाता ही राष्ट्र के विकास में अहम योगदान देता है। लोकतंत्र कि मजबूती के लिए मतदान में सभी लोगों को बढ़-चढ़ कर भाग लेना आवश्यक है। आभा कुमारी ने सभी कार्ड धारियों को भी मतदान के लिए प्रेरित किया।

बक्सर से मिथिलेश तिवारी की जीत चार लाख पारः उदय उज्जैन

नई सोच एक्सप्रेस

बक्सर। लोकसभा के ब्रह्मपुर विधानसभा के बगेन मंडल अंतर्गत भदवर शक्ति केंद्र के लालमुनि चौबे भवन कुरूथिया मे मंडल अध्यक्ष उदय उज्जैन की अध्यक्षता मे संपन्न हुआ इस कार्यक्रम के अतिथि के रूप मे भाजपा प्रदेश के वरीय नेता प्रफुल्ल तिवारी उपस्थित रहे मंडल अध्यक्ष उदय उज्जैन ने मंडल के पदाधिकारी एवं शक्ति केंद्र प्रमुख और मंडल के पूर्व पदाधिकारी को सम्बोधित करते हुए कहा कि अब समय आ गया कि भाजपा के एक एक कार्यकर्ता को अब घर से बाहर निकलने की जरूरत है देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जी ने कह दिया है कि आप बूथ जितीये मैं दिल्ली जीतूगा इस कार्य के नेता हमलोग के बूथ अध्यक्ष और शक्ति केंद्र प्रमुख की भूमिका अहम हो जाती है वरीय नेता प्रफुल्ल तिवारी ने कहा कि एक तरफ एनडीए गठबंधन राष्ट्रवाद के लिए है तो दुसरी तरफ इंडिया गठबंधन अपने परिवार के लिए चुनाव लड़ रही है ये आप को तय कराना है कि इस देश के ईमानदार मोदी चाहिए या परिवारवाद को बढ़ाने वाला चाहिए मंडल प्रभारी सह भाजपा जिला प्रवक्ता रामजी तिवारी उर्फ बुआ तिवारी ने कहा कि आप सभी युवा वर्ग इस लोकतंत्र के महानायक है मैं आप लोग से इस लोकतंत्र के महापर्व मे बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने का आव्हान किए इस कार्यक्रम मे बिनोद तिवारी उर्फ भू टेली तिवारी मंडल अध्यक्ष ब्रह्मपुर, मनी प्रकाश त्रिपाठी प्रवासी, काट पंचायत के पंचायत समिति सदस्य हरेंद्र पांडेय, धीरज पांडेय वरीय उपाध्यक्ष, मंजी पासवान मंडल महामंत्री, आशीष ठाकुर पूर्व मंडल अध्यक्ष, राजू चौधरी कोषाध्यक्ष ,संजय सिंह मंडल मंत्री, विकास मिश्रा मंडल प्रवक्ता, बीमलेश कुशवाहा मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा, संजय राय संयोजक आईटी सेल, सूमेन्द्र महतो, मनोहर कुमार, मान जी सिंह, सोनू सिंह, शुभम कुमार, ऋषि कुमार , उपेन्द्र चौधरी , धरीक्षण सिंह, संजय सिंह, उपेन्द्र सिंह, विशाल यादव, सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे ।

संजय जायसवाल की नाव डोलने लगा

नई सोच एक्सप्रेस

बेतिया। लोकसभा चुनाव को लेकर उम्मीदवारों अपने ताकत झुकने में लगे हुए हैं वहीं महागठबंधन के प्रत्याशी मदन मोहन तिवारी दिन रात एक कर कर मतदाताओं को जागरुक कर रहे हैं अपने पक्ष में मतदान करने के लिए। उन्होंने लोगों से एक बार का मौका मांग रहा है कर रहे हैं कि एक बार आप लोग जीत कर देखिए आपके लोकसभा बेतिया में विकास नहीं हुआ तो मैं वोट मांगने आपके पास नहीं आऊंगा। उन्होंने कहा कि एक ही परिवार के 35 वर्ष से राज चल रहा है कभी पिता इस क्षेत्र से सांसद थे उसके बाद पुत्र रह चुके हैं फिर भी चौथी बार लड़ाई लड़ रहे हैं लेकिन विकास के नाम पर कोई कार्य नहीं किया है उन्होंने अभी आरोप लगाया कि की सांसद संजय जायसवाल को रामगढ़वा थाना क्षेत्र के नकरदेई गांव के लोगों ने रास्ता नहीं होने को लेकर विरोध भी जताया साथी उन्होंने लोगों को आक्रोश का सामना करना पड़ा। मदन मोहन तिवारी ने कहा कि परिवर्तन ही संसार का नियम है अबकी बार परिवर्तन नहीं हुआ तो बेतिया लोकसभा क्षेत्र का विकास नहीं हो सकेगा उन्होंने लोगों से अपील की कि जात पात पर नहीं विकास के नाम पर मतदान करें उन्होंने कहा कि उनके साथ कई विधायक कई बड़े नेता है पर हमारे साथ जनता ही है यह चुनाव मदन मोहन तिवारी नहीं लड़ रहा है बेतिया लोकसभा क्षेत्र के जनता चुनाव लड़ रही है इसलिए सभी जनता एक होकर महागठबंधन के पक्ष में अपना मतदान करें ।

लेट्स इंस्पायर बिहार

राहुल कुमार सिंह
मुख्य कोऑडिनेटर, लेट्स इंस्पायर, बिहार

युवाओं के लिए चिंतनशील विकास वैभव



[लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के मार्गदर्शक आईपीएस विकास वैभव कहते है कि युवाओं को प्रेरित करने के लिये हमें उन्हें ऐसी भूमिकाओं में रखना चाहिये जो चुनौती पेश करते हों और विकास को बढ़ावा दें। जब युवा पेशेवर कार्य के प्रति उत्साहित और उद्देश्य-प्रेरित होते हैं तो कार्य-जीवन संतुलन प्राप्त करना इसका एक नैसर्गिक परिणाम बन जाता है। बिहार को वास्तव में एक समर्पित श्रम बल की आवश्यकता है जहाँ युवा भारतीय राष्ट्र-निर्माण में योगदान के लिये प्रति सप्ताह जो घंटे कार्य करें उस कार्य के प्रति संवेदनशील प्रतिबद्धता के साथ समर्पण को तैयार हों।]

वर्ष 2019 के 'टाइम यूज़ सर्वे' के अनुसार, 15-29 आयु वर्ग के युवा भारतीय ग्रामीण क्षेत्रों में रोज़गार एवं संबद्ध गतिविधियों पर प्रतिदिन 7.2 घंटे और शहरी क्षेत्रों में प्रतिदिन 8.5 घंटे खर्च करते हैं। इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति ने सुझाव दिया कि देश की उत्पादकता में सुधार के लिये भारतीय युवाओं को सप्ताह में 70 घंटे कार्य करना चाहिये। उन्होंने उदाहरण के तौर पर जर्मनी और जापान का हवाला देते हुए भारत की कार्य उत्पादकता में सुधार की आवश्यकता पर बल दिया। 70 घंटे का कार्य सप्ताह एक दिन के अवकाश के साथ छह दिनों के लिये प्रतिदिन लगभग 12 घंटे कार्य का प्रस्ताव करता है, जिसका कुछ लोग समर्थन कर रहे हैं तो कुछ द्वारा इसकी आलोचना की जा रही है। विभिन्न राज्यों पर विचार करने पर, यह स्पष्ट हो जाता है कि उत्तराखंड के शहरी क्षेत्र में युवा व्यक्ति प्रतिदिन औसतन 9.6 घंटे कार्य करते हैं, जो उल्लेखनीय रूप से अधिक है, लेकिन फिर भी यह मूर्ति के प्रस्तावित 70-घंटे के कार्य सप्ताह की पूर्ति नहीं कर पाता है। इसके अलग परिणाम भी देखने को मिल सकते हैं जैसे कार्य घंटों के विस्तार से शारीरिक एवं मानसिक थकान उत्पन्न हो सकती है, परिवार को दिया जाने वाला समय कम हो सकता है और शरीर की प्राकृतिक रिकवरी प्रक्रिया में बाधा आ सकती है। अत्यधिक कार्य घंटे कार्यशील महिलाओं के लिये अपने बच्चों की देखभाल की ज़िम्मेदारियों को प्रबंधित करने के दृष्टिकोण से चुनौतीपूर्ण होते हैं। सुदीर्घ कार्य घंटों और पारिवारिक उत्तरदायित्वों से जूझना कार्यशील महिलाओं के करियर की प्रगति में बाधक बन सकता है। भारत की कार्य उत्पादकता विश्व में न्यूनतम में से एक है। जब तक हम अपनी कार्य उत्पादकता में सुधार नहीं करेंगे, हम उन देशों के साथ प्रतिस्पर्द्धा नहीं कर पाएँगे जिन्होंने व्यापक प्रगति की है। इसके लिए राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव उत्पन्न हो यह जरूरी है। लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के मार्गदर्शक आईपीएस विकास वैभव कहते है कि युवाओं को प्रेरित करने के लिये हमें उन्हें ऐसी भूमिकाओं में रखना चाहिये जो चुनौती पेश करते हों और विकास को बढ़ावा दें। जब कठोर श्रम एक आशाजनक भविष्य की राह दिखाता है तो व्यक्ति स्वाभाविक रूप से अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करता है। भारत की कुल आबादी में कार्यशील आयु आबादी की हिस्सेदारी वर्ष 2030 तक 68.9% के उच्चतम स्तर पर पहुँच जाएगी। संगठनों को पारदर्शिता, विश्वास और योग्यता की संस्कृति को बढ़ावा देना चाहिये। निश्चित रूप से, कठोर श्रम सफलता की नींव है, लेकिन यह केवल इसमें निवेश किये गए घंटों पर निर्भर नहीं करता; समर्पण और उत्साह अधिक मायने रखता है। लक्ष्य होना चाहिये कार्य को संतुष्टिदायक बनाना, जिससे कार्य और व्यक्तिगत जीवन का सहज एकीकरण हो सके। जब युवा पेशेवर कार्य के प्रति उत्साहित और उद्देश्य-प्रेरित होते हैं तो कार्य-जीवन संतुलन प्राप्त करना इसका एक नैसर्गिक परिणाम बन जाता है। बिहार को वास्तव में एक समर्पित श्रम बल की आवश्यकता है जहाँ युवा भारतीय राष्ट्र-निर्माण में योगदान के लिये प्रति सप्ताह जो घंटे कार्य करें उस कार्य के प्रति संवेदनशील प्रतिबद्धता के साथ समर्पण को तैयार हों। लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान की तरफ़ से और अपने लेख के माध्यम से यह संदेश देना चाहता हूं कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जर्मनों और जापानियों के औसत वार्षिक कार्यशील घंटे प्रति वर्ष लगभग 2200 घंटे से 2400 घंटे के चरम स्तर तक पहुँच गए थे जो अवकाशरहित पाँच दिवसीय कार्य सप्ताह के दौरान प्रति दिन लगभग 8.3 से 9 घंटे कार्य के बराबर था। इसलिए बिहार की कार्य संस्कृति को अत्यधिक दृढ़, असाधारण रूप से अनुशासित और मेहनती बनने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण बदलाव से गुज़रना होगा। हमारे प्रयासों को कम करने और अनुत्पादक आदतों पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय, यह उपयुक्त समय है कि एक पीढ़ी के समय में वह उपलब्धियाँ पा लेने के लिये पूरे मन से प्रतिबद्ध हुआ जाए, जो पाने में अन्य देशों ने कई वर्ष खर्च किये हैं। लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के मार्गदर्शक आईपीएस विकास वैभव इस बात के पक्षधर है कि बिहार में प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, मैन्युअल कार्य को कम करने और दक्षता में सुधार लाने के लिये डिजिटल प्रौद्योगिकियों एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता को अपनाया जाए। उन्नत उपकरणों और प्रणालियों का लाभ उठाने के लिये कार्यबल को आवश्यक कौशल से लैस करने के लिये तकनीकी शिक्षा में निवेश किया जाए। लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के विचारधारा को सुदृढ़ करने के लिए और इसे जन जन का अभियान बनाने हेतु संकल्प लें ले। आइए, मिलकर बिहार को प्रेरित करते हैं।

जहानाबाद में 50 व्यक्तियों पर सी.सी.ए 13 सौ पर 107 के तहत कार्रवाई की गई है

नई सोच एक्सप्रेस

जहानाबाद। जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर पत्रकारों को बताया कि नामांकन के पहले दिन पांच प्रत्याशियों ने अपना अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया है। यह नामांकण की प्रक्रिया 14 मई तक चलेगी। उसके बाद 17 मई को नाम वापसी की अंतिम तिथि है। जहानाबाद ज़िला में सातवें और अंतिम चरण का मतदान लोकसभा के लिये 01 जून की तिथि चुनाव आयोग की ओर से निर्धारित है। लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। जिलाधिकारी ने बताया कि शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान कराने के लिए सभी तैयारियां प्रशासन ने पूरी कर ली हैं। जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने आगे बताया कि नामांकन के पहले दिन पांच प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया है। नामांकण की प्रक्रिया 14 मई तक चलेगी। उसके बाद 17 मई को नाम वापसी की अंतिम तिथि है। उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर इस ज़िला में कुल 1793 मतदान केंद्र बनाए गये हैं। जिन पर 16,69,648 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगें। इनमें से पुरुष मतदाताओं की संख्या 872784 है और 796832 महिला मतदाताओं की संख्या हैं। जबकि 32 ट्रांसजेंडर मतदाता है। उन्होंने पूर्ण विश्वास दिलाया कि मतदाता भयमुक्त होकर मतदान कर सके। शांति व्यवस्था का वातावरण बनायें रखने के लिये पैरामिलिट्री फोर्स मंगाई गई है जो सभी बूथों पर तैनात रहेगी। मतदान केंद्र पर किसी भी मतदाता को कोई परेशानी न हो। इसका भी पूरा ख्याल रखा गया है। एस.डी.पी.ओ ने बताया कि चुनाव के मद्देनजर 13 सौ से अधिक लोगों पर बॉन डाउन किया गया है। तकरीबन 50 लोगों पर सी.सी.ए के तहत कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि जहां जहां हथियार या शराब की सूचना मिल रही है। उसपर त्वरित कार्रवाई की जा रही है।

• पैरामिलिट्री फोर्स की भी पूरी व्यवस्था है

वृद्ध महिला की गला दबाकर हुई मौत सनसनी

नई सोच एक्सप्रेस

बेतिया। सिकटा प्रखंड के पुरैना पंचायत के पुरैनिया डीह गांव में जमीनी विवाद में सोमवार की रात एक बृद्ध महिला की गला दबाकर हत्या कर दी गई। मृत महिला की पहचान पुरैनिया डीह के स्वर्गीय रामा भगत की पत्नी मुस्मात सुगिया देवी(70) के रूप में हुई है। पुलिस महिला के शव का पोस्टमार्टम कराकर उसके परीजनो को सुपूर्द कर दिया है। मृत महिला के पुत्र कैलाश राम ने गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। गोपालपुर थानाध्यक्ष राजन कुमार ने बताया कि मृत महिला व साहदेव राम के बीच वर्षों पहले से घराडी के जमीन करीब एक कठ्ठा तेरह धुर जमीन को लेकर विवाद चल रहा था इसे लेकर सोमवार को सुबह दोनों पक्ष आपस में भीड़ गये पुलिस के हस्तक्षेप के बाद मामला शान्त हुआ था। पुलिस के जाने के बाद फिर दोनों जमकर मारपीट कर लिए। जिसमें एक तरफ से साहदेव राम(55) व उनका पुत्र संतोष कुमार(25) समेत दूसरे पक्ष से मृतका का पुत्र किशोर राम घायल हो गयें। साहदेव राम व संतोष कुमार को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिकटा में भर्तियां कराया गया। जहां स्थिति खराब देख चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए जी एम सी एच बेतिया भेज दिया मृतका के परिवार वाले एक कठ्ठा तेरह धुर जमीन खरीदे है। जिस पर लगभग चार पुस्त से दखल कब्जा है। वही यह जमीन सहदेव राम का खतियानी जमीन है। सोमवार की सुबह विरोधियों ने मेरे नाद खुटा पर अपना मवेशी बांध दियें। जिसका विरोध करने पर मारपीट कियें। जिसमें ममेरा भाई किशोर घायल हो गया। वही रात में मेरी माँ उसी भूमि पर बने घर में सोयी हुई थी। जिसे गला दबाकर जान से मार दिया गया। थानाध्यक्ष राजन कुमार ने बताया कि इस घटना में अभी आवेदन नही मिला है। सूचना के आधार पर और प्रक्रिया की गई है। शेष शिकायत पत्र आने पर कार्रवाई होगी।

किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए पोषक अनाजों का खेती प्रत्यक्षण कार्यक्रम की स्वीकृत

नई सोच एक्सप्रेस

जहानाबाद। पोषक अनाज की खेती करने पर किसानों को मिलेंगे 2000.00 रू॰ तक उपादान सब्सिडी तथा 2000.00 रूपये की प्रोत्साहन राशि। क्रय आधारित 100 प्रतिशत् सब्सिडी पर बीज उपलब्ध कृषि विभाग करायेगा। वित्तीय वर्ष 2024-25 कृषि विभाग, बिहार सरकार द्वारा पोषक अनाजों की उपज को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पोषक अनाज प्रत्यक्षण कार्यक्रम की स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त कार्यक्रम के तहत जिले को 800 एकड़ में ज्वार फसल की खेती का प्रत्यक्षण, 2188 एकड़ मेंरागी/मडुआ फसल की खेती का प्रत्यक्षण एवं 3000 एकड़ में कौनी/चीना फसल की खेती का प्रत्यक्षण किया जायेगा। उक्त प्रत्यक्षण कलस्टर में लगाने का प्रावधान किया गया है तथा प्रखंड कृषि पदाधिकारियों के द्वारा कलस्टर का चयन किया जा रहा है। ग्रामवार/पंचायतवार एक कलस्टर में न्यूनतम 25 एकड़ के लिए आवेदन प्राप्त किए जायेंगें। कृषकों की माँग के आधार पर इससे अधिक रकवा के लिए भी खेती प्रत्यक्षण किया जाएगा। जिले को प्राप्त कुल लक्ष्य का प्रखंडवार विखंडन निम्न प्रकार किया गया है, जिसमें मखदुमपुर प्रखंड के 23 पंचायत में भौतिक लक्ष्य 194 एकड़ में ज्वार खेती प्रत्यक्षण, भौतिक लक्ष्य 530 एकड़ में रागी/मडुआ खेती प्रत्यक्षण एवं भौतिक लक्ष्य 726 एकड़ में कौनी/चीना खेती प्रत्यक्षण है, उसी प्रकार जहानाबाद सदर प्रखंड में के 15 पंचायत में भौतिक लक्ष्य 126 एकड़ में ज्वार खेती प्रत्यक्षण, भौतिक लक्ष्य 345 एकड़ में रागी/मडुआ खेती प्रत्यक्षण एवं भौतिक लक्ष्य 474 एकड़ में कौनी/चीना खेती प्रत्यक्षण है, रतनी फरीदपुर प्रखंड के 14 पंचायत में भौतिक लक्ष्य 118 एकड़ में ज्वार खेती प्रत्यक्षण, भौतिक लक्ष्य 323 एकड़ में रागी/मडुआ खेती प्रत्यक्षण एवं भौतिक लक्ष्य 442 एकड़ में कौनी/चीना खेती प्रत्यक्षण है, काको प्रखंड के 16 पंचायत में भौतिक लक्ष्य 135 एकड़ में ज्वार खेती प्रत्यक्षण, भौतिक लक्ष्य 369 एकड़ में रागी/मडुआ खेती प्रत्यक्षण एवं भौतिक लक्ष्य 505 एकड़ में कौनी/चीना खेती प्रत्यक्षण है, घोषी प्रखंड के 10 पंचायत में भौतिक लक्ष्य 84 एकड़ में ज्वार खेती प्रत्यक्षण, भौतिक लक्ष्य 230 एकड़ में रागी/मडुआ खेती प्रत्यक्षण एवं भौतिक लक्ष्य 316 एकड़ में कौनी/चीना खेती प्रत्यक्षण है। हुलासगंज प्रखंड के 09 पंचायत में भौतिक लक्ष्य 76 एकड़ में ज्वार खेती प्रत्यक्षण, भौतिक लक्ष्य 207 एकड़ में रागी/मडुआ खेती प्रत्यक्षण एवं भौतिक लक्ष्य 284 एकड़ में कौनी/चीना खेती प्रत्यक्षण है तथा मोदनगंज प्रखंड के 08 पंचायत में भौतिक लक्ष्य 67 एकड़ में ज्वार खेती प्रत्यक्षण, भौतिक लक्ष्य 184 एकड़ में रागी/मडुआ खेती प्रत्यक्षण एवं भौतिक लक्ष्य 253 एकड़ में कौनी/चीना खेती प्रत्यक्षण है। इस प्रकार जहानाबाद जिले में 95 पंचायत में भौतिक लक्ष्य 800 एकड़ में ज्वार खेती प्रत्यक्षण, भौतिक लक्ष्य 2188 एकड़ में रागी/मडुआ खेती प्रत्यक्षण एवं भौतिक लक्ष्य 3000 एकड़ में कौनी/चीना खेती प्रत्यक्षण है। इन खेती प्रत्यक्षण कार्यक्रमों के लिए किसानों को 2000 रूपये की लागत पर बीज एवं उपादान का क्रय करना होगा जो कि जिला कृषि कार्यालय के द्वारा अभिश्रव के आधार पर डी.बी.टी. के माध्यम से सीधे किसानों के खाते में वापस कर दी जायेगी। क्रय किये गये बीज उपादान को संबंधित किसान के द्वारा अपने खेतों में आच्छादित किया जाएगा। जिसका सत्यापन संबंधित कलस्टर प्रभारी प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, पंचायत प्रभारी आत्मा के बी.टी.एम. ए.टी.एम. किसान सलाहकार के द्वारा किए जाने के उपरांत जाँच प्रतिवेदन के आधार पर 2000 रूपये की प्रोत्साहन राशि का भुगतान भी किया जायेगा।जिले के किसान भाईयों से अपील है कि अपने पंचायत के किसान सलाहकार/ कृषि समन्वयक अथवा अपने प्रखंड के प्रखंड कृषि पदाधिकारी से संपर्क कर योजना का लाभ प्राप्त करें तथा खेती से अपनी आमदनी को संरक्षित एवं बढ़ोतरी करते हुए पोषण युक्त खाद्यान्त्र उत्पादन में अपना महत्वपुर्ण योगदान दें।

मतदाता सूची में हेरा - फेरी सूची से नाम गायब, फतुहा भी अछूता

नई सोच एक्सप्रेस

फतुहा । 18वीं लोकसभा चुनाव के लिए तैयार की गई मतदाता सूची में भारी हेर फेर करने की सूचना है। जिन मतदाताओं ने 2019 के लोकसभा और 2020 की विधानसभा में मतदान किया है।उन मतदाताओं के भी नाम सूची से हटा दिए गए हैं। इस तरह की सूचना अधिकांश लोकसभा सीटों से आ रही है। झंझारपुर लोकसभा क्षेत्र के खजौली विधानसभा अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 2047 और 2048 पर दर्जनों मतदाताओं के नाम सूची से हटा दिए गए हैं। भारत निर्वाचन आयोग का टोल फ्री नंबर 1950 में काम नहीं करने का शिकायत है। बताया जाता है कि जिस दल के पक्ष के पदाधिकारी हैं उस पदाधिकारी के बल्ले बल्ले होती है। फतुहा में भी नगर पंचायत चुनाव में वार्ड नंबर 27 में उम्मीदवार पप्पू जी नहीं सूधरवाते तो वह आज वार्ड पार्षद नहीं होते। भाजपा मीडिया प्रभारी डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने कहा कि मतदाता सूची में जुड़वाना आसान नहीं है। उन्होंने कहा कि जब तक भारत के धरती पर टी एनशेषन जैसा चुनाव आयुक्त पैदा नहीं होंगे जब तक सुधारा नहीं जा सकता है या फर्जी वाड़ा करने वाले अधिकारी को कुछ दिनों के लिएं वेतन रोकने से समस्या समाप्त नहीं होगी बल्कि जेल और बर्खास्त दोनों करना होगा। चुनाव आयोग भ्रष्टाचार का गंगोत्री बन गया है । मैं भाजपा मीडिया प्रभारी डॉक्टर लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने कहा कि अपने पुत्रवधू ममता पटेल का मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए 8 साल तक दौड़ते - दौड़ते परेशान होकर छोड़ दिया।

• हेरा- फेरी करने वालों को भेजना होगा जेल

अखिल भारतीय मानव सेवा मोर्चा संगठन द्वारा मिशन परिंडे लगवाओं अभियान का भव्य शुभारंभ

नई सोच एक्सप्रेस

अखिल भारतीय मानव सेवा मोर्चा संगठन द्वारा श्री कृष्ण भक्त शिरोमणि मीरां बाई की नगरी मेड़ता सिटी ने परिंडे लगाओ अभियान का भव्य शुभारंभ हुआ अखिल भारतीय मानव सेवा मोर्चा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमसिंह राजपुरोहित भावण्डा ने कहा कि पिछले दो वर्षों से मेड़ता सिटी एवं आस पास सैकड़ों गांवों में मिशन परिंडे लगवाओं अभियान चलाया जा रहा है इस वर्ष भी आज शुरुआत की की गई है इस अवसर पर अखिल भारतीय मानव सेवा मोर्चा संगठन की महिला मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा पाण्डेय ने कहा कि इस बार भी मेड़ता सिटी एवं आस पास के गांवों में अखिल भारतीय मानव सेवा मोर्चा संगठन द्वारा बेजुबान पक्षियों के पानी के लिए हजारों की तादाद में परिंडे लगवाए जाएंगे कृष्णा पाण्डेय ने कहा कि साथ ही साथ हमारे संगठन अखिल भारतीय मानव सेवा मोर्चा संगठन द्वारा पुरे पश्चिमी राजस्थान के अंदर मिशन परिंडे लगाओं अभियान की शूरुआत आज से हो चुकी है इस अवसर पर अखिल भारतीय मानव सेवा मोर्चा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमसिंह राजपुरोहित भावण्डा अखिल भारतीय मानव सेवा मोर्चा महिला मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा पाण्डेय समाज सेवी कमल भाई गोयल भावना जिमनास्टिक के प्रशिक्षक दिनेश सांखला श्री गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक विवेक कुमार नेशनल वूशु गोल्ड मेडल विजेता अपराजिता पाण्डेय माली समाज के अध्यक्ष भवरलाल जादम पूर्व पार्षद एवं भाजपा नेता छोटुलाल गहलोत दीपक डामेर तारा चंद कछावा खेमराज बडगुजर व्यायाम शिक्षिका रितिका सांखला लक्की भाटी सुनील गौड़ वंशिका गौड़ भावना सांखला डिंपल सांखला निकिता दीपिका सचिन वेंकटेश सहित अन्य कई लोग मौजूद रहे।।

जहानाबाद में तेजस्वी ने प्रधानमंत्री पर बोला हमला जुमलेबाज़ी में अबकी बार नहीं आयेगी जनता

नई सोच एक्सप्रेस

जहानाबाद। जिले में पहली जून को 7वीं चरण का लोकसभा चुनाव का मतदान होना है। राजद प्रत्याशी सुरेंद्र प्रसाद यादव ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। नामांकन के बाद जहानाबाद के गांधी मैदान के सभास्थल पर पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव एवं वी.आई.पी के प्रमुख मुकेश सहनी ने पहुंचकर लोकसभा क्षेत्र से आये कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस अवसर पर तेजस्वी यादव ने लोगों को महागठबंधन से राजद प्रत्याशी सुरेंद्र प्रसाद यादव को ज्यादा से ज्यादा वोट देकर चुनाव जिताने की अपील की है। इसके साथ ही भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि इस बार के चुनाव में भाजपा को भगाना है और इंडी गठबंधन की केंद्र में सरकार बनाना है। जनता को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री पर हमला करते हुए कहा कि वर्ष 2014 में मोदी ने झूठ बोलकर चुनाव जीता। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में भी दावा किया गया था कि मोदी आयेगा तो महंगाई भगायेगा, बेरोजगारों को रोजगार दिया जायेगा जैसे जुमले बोलकर चुनाव जीत गये थे। लेकिन इस बार नरेंद्र मोदी का झूठ लोग समझ गये हैं। इस बार नरेंद्र मोदी के झांसे में लोग आने वाले नहीं हैं।

डोर टू डोर मतदान के तहत जीविका दीदी ने ठाना हैं अबकी बार विश्वंभरपुर पंचायत में शत प्रतिशत मतदान कराना है -संजय

नई सोच एक्सप्रेस

शिवहर। जिले के तरियानी प्रखण्ड अंतर्गत विश्वंभर पुर पंचायत के विश्वंभरपुर में 25 मई को होने वाला मतदान के लिए मतदान केंद्र संख्या 233,234,235 और 236 पर क्षेत्रिय समन्वयक विनोद कुमार नीरज की मौजूदगी में डोर टू डोर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया गया उपस्थित जीविका दीदी को क्षेत्रिय समन्वयक विनोद कुमार नीरज ने अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए एक नारा के साथ जीविका दीदी को शपथ दिलाई जीविका दीदी ने ठाना हैं अबकी बार विश्वंभरपुर पंचायत में शत प्रतिशत मतदान करना है उसके बाद जलपान करना है वही बुक कीपर संजय कुमार सुमन द्वारा बताया गया कि पंचायत में जीविका के द्वारा लगातार डोर टू डोर मतदाता जागरूकता रैली निकाली जा रही हैं साथ ही रंगोली के माध्यम से एवम शपथ ग्रहण करा कर जीविका दीदी को मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा हैं साथ ही सभी CM प्रतिदिन हर घर दस्तक देकर 25 मई को मतदान करने के लिए लोगों को प्रेरित करे जिससे अबकी बार शत प्रतिशत मतदान हो लोकतंत्र के महापर्व में अधिक से अधिक मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये जीविका विश्वंभरपुर द्वारा लगातार पंचायत में जीविका संपोषित संगठन में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के बारे में बताते हुए प्रखण्ड परियोजना प्रबन्धक सुमन कुमार द्वारा बताया गया कि जीविका दीदियों द्वारा सभी संगठन/समूह में जागरूकता कार्यक्रम तरियानी के प्रत्येक पंचायत में प्रत्येक दिन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत गृह भर्मण,रंगोली,प्रभात फेरी,शपथ एवं मेहंदी प्रतियोगिता के माध्यम से जीविका दीदियों को शत प्रतिशत मतदान हेतु जागरूक किया जा रहा है मौके पर सीएम ललिता ,गीता ,सीता ,रीना ,मिंटू एवं सैकड़ों जीविका दीदी उपस्थित थी।

संक्षिप्त समाचार

संत अतुलानंद विद्यालय में सनातन संस्था द्वारा 'तनाव नियंत्रण व्यवस्थापन' व्याख्यान संपन्न

वाराणसी। सनातन संस्था गत 25 वर्षों से मानव कल्याण के उद्देश्य से विविध उपक्रमों के माध्यम से कार्यरत है । इसी के अंतर्गत तनाव नियंत्रण व्यवस्थापन व्याख्यान देशभर में लिए जा रहे हैं । तनाव एक सार्वत्रिक समस्या जैसी बन गई है । जिससे समाज का हरेक आयुवर्ग पीडित है । विद्यार्थियों में तनाव विविध कारणों से बढता जा रहा है, जिसके कारण शारीरिक तथा मानसिक स्तर पर विविध बीमारियां होती हैं । आकडे भी इसकी भयावहता दर्शाते हैं । अतएव तनाव को नियंत्रित करने के लिए शारीरिक, मानसिक स्तर के साथ-साथ आध्यात्मिक स्तर पर किस प्रकार से समाधानकारक उपाय कर सकते हैं, इस दृष्टि से विद्यार्थियों का प्रबोधन हिन्दू जनजागृति समिति के धर्मप्रचारक संत सद्गुरु निलेश सिंगबाळ जी ने किया । वे तरना स्थित संत अतुलनानंद विद्यालय में विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे ।उन्होंने आगे कहा कि WHO के अनुसार स्वास्थ्य का अर्थ केवल बीमारी से मुक्ति नहीं है; अपितु शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक आयामों में सकारात्मक स्वस्थ स्थिति है । तनाव जैसे सार्वत्रिक समस्या को नियंत्रित करने के लिए योग, प्राणायाम तथा साधना आवश्यक है । नामजप से ध्यान साध्य होता है, जिससे तनाव को नियंत्रित करने में बडी मात्रा में सहायता होती है । कलियुग में अपने पंथ के अनुसार ईश्वर का नामजप करना चाहिए । सभी को विषय बहुत अच्छा लगा । प्रधानाध्यापक महोदय ने भी अपने शिक्षकों तथा अन्य विद्यार्थियों के लिए भी इस विषय की मांग की । इस प्रकार के व्याख्यान का आयोजन होते रहना चाहिए इस प्रकार से भी विद्यार्थियों ने व्यक्त किया ।

यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर कई समर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है

हाजीपुर। इसी कड़ी में झाझा-किउल-बरौनी-समस्तीपुर-दरभंगा-मधुबनी के रास्ते सियालदह और जयनगर के मध्य समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जायेगा

जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1. गाड़ी सं. 03187 सियालदह-जयनगर समर स्पेशल दिनांक 11.05.2024 से 29.06.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को सियालदह से 23.55 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 08.55 बजे बरौनी, 10.00 बजे समस्तीपुर, 11.10 बजे दरभंगा, 11.55 बजे सकरी तथा 12.30 बजे मधुबनी रूकते हुए 14.25 बजे जयनगर पहुंचेगी ।
2. गाड़ी सं. 03188 जयनगर-सियालदह समर स्पेशल दिनांक 12.05.2024 से 30.06.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक रविवार को जयनगर से 15.25 बजे प्रस्थान कर 15.50 बजे मधुबनी, 16.15 बजे सकरी, 17.30 बजे दरभंगा, 18.55 बजे समस्तीपुर तथा 19.50 बजे बरौनी रूकते हुए अगले दिन 05.15 बजे सियालदह पहुंचेगी ।

इस स्पेशल में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 05, शयनयान श्रेणी के 10 तथा साधारण श्रेणी के 02 कोच होंगे।

निन्ती कार्डियेक केयर सहरसा में आईसीडी उपकरण लगाकर मरीज की जान बचाई गई

सहरसा।श्री नारायण मेडिकल कॉलेज परिसर स्थित निन्ती कार्डियेक केयर, सहरसा में पिछले एक-दो महीने से चक्कर आने तथा बेहोश हो जाने से परेशान 55 साल के मरीज को इम्पलांटेबल कार्डियोवर्टर डिफिब्रिलेटर (आईसीडी) लगाकर उसे राहत दिलाई गई। आईसीडी लगाने के बाद अब मरीज पूरी तरह ठीक है और उसके हृदय की गति भी सामान्य रह रही है। यह कदम निन्ती कार्डियेक केयर के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है क्योंकि विशाल कोसी क्षेत्र का यह पहला हॉस्पिटल है जहां आईसीडी लगाई गई है। यह अभूतपूर्व उपलब्धि इस हॉस्पिटल के लिए कार्डियेक सेवाएं प्रदान करने के मिशन में महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक बनेगी। निन्ती कार्डियेक केयर के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. गिरिजा शंकर झा और टीम ने यह प्रक्रिया काफी सतर्कता और सटीकता के साथ पूरी की। निन्ती हॉस्पिटल के बिजनेस डेवलपमेंट डायरेक्टर राज सेहगल ने कहा कि निन्ती कार्डियेक केयर विशाल कोसी क्षेत्र में अपने मरीजों को उच्चतम गुणवत्ता वाली देखभाल प्रदान के लिए इनोवेशन की सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

भगवान श्री परशुराम की जयंती तैयारी को लेकर बैठक

10 मई को कटिहार शहर में उत्सव का माहौल होगा

कटिहार।10 मई को कटिहार शहर में उत्सव का माहौल होगा।जिसकी तैयारी को लेकर भगवान परशुराम के वंशजों ने खाका तैयार कर लिया है।शहर के यज्ञ शाला मैदान से भव्य और आकर्षक झांसी के साथ शोभा यात्रा निकाली जाएगी। साथ ही भजन कीर्तन के अलावा कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसकी तैयारी को लेकर भगवान श्री परशुराम वंशजों ने ऋषि भवन में हाय लेवल बैठक कर रणनीति बनाई।बैठक की अध्यक्षता नरोत्तम जोशी ने किया। आयोजन समिति के पदाधिकारी ने कहा कि शिवामंदिर चौक स्थित यज्ञशाला मैदान में जिले के भगवान परशुराम के वंशजों को इकट्ठा होकर विशाल और भव्य शोभा यात्रा निकाल जाएगी। जो पूरे शहर का भ्रमण करते हुए यज्ञशाला मंदिर प्रांगण में समाप्त होगी। आयोजकों ने कहा कि भगवान परशुराम को मानने वाले श्रद्धालु इस शोभायात्रा में शामिल होकर भगवान श्री परशुराम जयंती समारोह की भव्यता का भागीदार बने। बैठक में नरोत्तम जोशी, ध्रुव चंद्र झा, दिनेश मोहन ठाकुर, राजेश रंजन मिश्रा,प्रवीण कुमार झा,पप्पू पाण्डेय,यद्दू झा,गुनेश पाठक,नरेश शर्मा,डा0 आशुतोष झा,डा0 आर के चौधरी,गुड्डू मिश्रा,रोशन झा,संदीप चौबे,बिहारी लाल शर्मा,प्रकाश शर्मा,भाष्कर झा,रिषि झा,महेंद्र झा,गौरव झा, सरोज कुमार, विजय शर्मा, संजय चौधरी, मनोज शर्मा, संदीप चौबे, विवेक पांडे, प्रकाश कुमार आदि ने भाग लिया।

एनडीए का शासन मतलब पेपर लीक : कांग्रेस

पटना। बिहार में एक के बाद एक प्रतियोगी परीक्षाओं के हो रहे पेपर लीक पर बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने राज्य की नीतीश भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा है कि एनडीए के शासन काल में बिहार पेपर लीक का अड्डा बन जाता है। उन्होंने राज्य की एनडीए सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि किसी भी प्रतियोगी परीक्षाओं के सुचारू रूप से संचालन में इस शासन में डर बना रहता है। पहले पुलिस भर्ती का पेपर लीक हुआ जिसकी अब तक जांच रिपोर्ट तक नहीं आई तभी शिक्षक पात्रता परीक्षा के पेपर लीक हो गए और अब तो देश के प्रतिष्ठित मेडिकल प्रवेश परीक्षा के पेपर भी लीक होने लगे। बिहार कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने कहा कि राज्य में अपराधियों के मंसूबे बुलंद हैं क्योंकि एनडीए के शासन काल में राज्य में लचर शासन व्यवस्था उन्हें मजबूती दे देती है । उन्होंने आगे कहा कि सबसे बड़ी जांच का विषय तो यह भी बनता है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासन काल में नालंदा जिले से ही सबसे ज्यादा परीक्षा परिणाम कैसे आ रहे हैं? साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के शिथिल कानून व्यवस्था के कारण हमारे प्रदेश के प्रतियोगी छात्रों के भविष्य को ऐसी पेपर लीक की घटनाएं अधर में डाल देती हैं जिससे तय उम्र सीमा के पार होने की भी समस्या आती है।

बॉलीवुड स्टार मलाइका अरोड़ा ने पटना में कल्याण ज्वैलर्स के ब्रांड न्यू शोरूम का उद्घाटन किया

नई सोच एक्सप्रेस

- इस शोरूम के साथ बिहार में ज्वैलरी ब्रांड के शोरूम की संख्या हुई 17
- ग्राहकों को मिलता है विश्व स्तरीय माहौल में खरीदारी का शानदार अनुभव

पटना। भारत की सबसे भरोसेमंद और अग्रणी ज्वेलरी कंपनियों में से एक कल्याण ज्वैलर्स ने आज पटना शहर के झाऊगंज स्थित सोनी सदन में अपना बिल्कुल नया शोरूम लॉन्च किया। बॉलीवुड स्टार मलाइका अरोड़ा ने इस शोरूम का उद्घाटन किया। शोरूम में कल्याण ज्वैलर्स के विभिन्न कलेक्शन से डिजाइनों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश की गई है। संरक्षक विश्व स्तरीय माहौल के साथ अत्याधुनिक सुविधाओं की उम्मीद कर सकते हैं, जो एक अद्वितीय अनुभव प्रदान करते हैं। इस अवसर पर उमड़े प्रशंसकों को संबोधित करते हुए, बॉलीवुड स्टार मलाइका अरोड़ा ने कहा, अक्षय तृतीया से ठीक पहले पटना में कल्याण ज्वैलर्स के इस नए शोरूम का उद्घाटन करने के लिए यहां आकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। जैसा कि आप सभी जानते हैं, यह ब्रांड विश्वास, पारदर्शिता और ग्राहकों को केंद्र में रखने के सिद्धांतों पर अडिग है और मुझे पूरा विश्वास है कि आप में से हर कोई यहां उपलब्ध कलेक्शन को देखने का आनंद उठाएगा। नए शोरूम पर टिप्पणी करते हुए कल्याण ज्वेलर्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री रमेश कल्याणरमन ने कहा, पटना में हमारे बिल्कुल नए शोरूम के शुभारंभ के साथ हमारा उद्देश्य एक खास सिस्टम को विकसित करना है। इसके जरिये हम अपने ग्राहकों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा कर सकेंगे। इस तरह उनका खरीदारी संबंधी और बेहतर होगा। हम खुद को नया रूप देते हुए, ग्राहकों को विश्व स्तरीय माहौल प्रदान करते हुए, कंपनी के विश्वास और पारदर्शिता के सिद्धांतों पर खरे उतरते हुए निरंतर आगे बढ़ना चाहते हैं। कल्याण ज्वेलर्स में, हम गुणवत्ता और सेवा पर ध्यान केंद्रित करते हुए उत्तम और अद्वितीय आभूषण डिजाइनों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करना जारी रखेंगे। सीजन में ग्राहक सभी आभूषणों की खरीद पर मेकिंग चार्ज पर 25 प्रतिशत की छूट का लाभ उठा सकते हैं'। अक्षय तृतीया खरीदारी के अनुभव को आसान बनाने के लिए ज्वैलरी ब्रांड ने एडवांस बुकिंग सुविधा शुरू की है। इस प्री-बुकिंग सुविधा से ग्राहक आसानी से अपने आभूषणों को पहले से चुन कर ऑर्डर दे सकते हैं, जिससे उन्हें शुभ दिन पर परेशानी मुक्त खरीदारी का अनुभव होगा। इस पहल से ग्राहक कीमत का 10 प्रतिशत एडवांस पेमेंट करते हुए आभूषण को लॉक करते हुए ऐन मौके पर होने वाली आपाधापी से बच सकेंगे। मार्केट में सबसे कम और कंपनी के सभी शोरूमों में मान्य श्कल्याण स्पेशल गोल्ड बोर्ड रेटश् भी लागू रहेगा, जिससे सहज और सेवा-समर्थित खरीदारी अनुभव मिलेगा। कल्याण ज्वैलर्स में रिटेल बिक्री वाले सभी आभूषण बीआईएस हॉलमार्क वाले हैं और इन्हें कई शुद्धता परीक्षणों से निकालकर तैयार किया जाता है। ग्राहकों को कल्याण ज्वैलर्स का 4-लेवल एश्योरेंस सर्टिफिकेट भी मिलेगा जो शुद्धता, आभूषणों के मुफ्त आजीवन रखरखाव, विस्तृत उत्पाद जानकारी और पारदर्शी विनिमय और बाय-बैक नीतियों की गारंटी देता है। यह सर्टिफिकेशन अपने हितैषी ग्राहकों को सर्वोत्तम पेशकश करने की ब्रांड की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। कल्याण ज्वैलर्स का नया शोरूम पूरे भारत से तैयार की गई ब्राइडल ज्वैलरी लाइन श्मुहूर्तश्को भी संजोए हुए हैं। यहां कल्याण के लोकप्रिय घरेलू ब्रांड जैसे तेजस्वी (पोल्की आभूषण), मुद्रा (हस्तनिर्मित प्राचीन आभूषण), निमाह (टेम्पल ज्वैलरी), ग्लो (डांसिंग डायमंड्स), जिया (सॉलिटेयर-जैसे डायमंड आभूषण), अनोखी (अनकट डायमंड्स), अपूर्व (विशेष अवसरों के लिए डायमंड), अंतरा (वेडिंग डायमंड), हेरा (रोजमर्रा में पहने जाने वाले डायमंड), रंग (प्रीशियस स्टोन ज्वैलरी) और हाल में लॉन्च की गई लीला (रंगीन स्टोन और डायमंड ज्वैलरी) के स्पेशल सेगमेंट भी ग्राहकों को लुभाएंगे।

केश किंग एंटी-हेयरफॉल शैम्पू ने अपने नए ब्रांड क्म्यूनिकेशन के लिए पलक तिवारी की 'चमक' और शिल्पा शेट्टी की 'दमक' के साथ एक नई जोड़ी को पेश किया है

नई सोच एक्सप्रेस

- राजू हिरानी द्वारा निर्मित इस नए टेलीविज़न कमर्शियल में दर्शक पाएंगे
- एकदम नया, आकर्षक और दिल को छू जाने वाला अनुभव

कोलकाता। केश किंग एंटी-हेयरफॉल शैम्पू ने अपने नए विज्ञापन में युवा जोश से भरपूर और मनोरंजन की दुनिया के उभरते हुए सितारे पलक तिवारी एवं सदाबहार खूबसूरती की मलिका शिल्पा शेट्टी को एक साथ पेश किया है। सन् 2019 से ही शिल्पा शेट्टी ब्राण्ड की पहचान रही हैं और केश किंग आयुर्वेद ऑइल - भारत का नं. 1 हेयरफॉल एक्सपर्ट को एन्डोर्स करते रही हैं। राजू हिरानी फिल्म्स द्वारा तैयार इस नए केश किंग एंटी-हेयरफॉल शैम्पू कमर्शियल में दो अदाकारा बहुत ही रोचक बातचीत करती हुई नज़र आएंगी और "उड़ें जब जब ज़ुल्फें तेरी" जैसे पुराने ज़माने के गीत ने तो इसे और भी खास बनाया है । यह कमर्शियल मई महीने से प्रसारित किया जाएगा। इस नए कमर्शियल के बारे में कहते हुए श्रीमती प्रीति सुरेका, डाइरेक्टर, ईमामी लिमिटेड ने कहा, "केश किंग बालों और स्कैल्प का ख्याल रखने वाला एक ब्राण्ड है और इसका आधार आयुर्वेद है। कई सालों से इस ब्राण्ड ने अपने ग्राहकों की ज़रूरतों को पूरा किया है। शिल्पा शेट्टी इसकी ब्राण्ड अम्बैसेडर हैं। शिल्पा हमेशा से ही योग के माध्यम से एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह देती आ रही हैं और इसलिए ब्राण्ड के प्राकृतिक समाधान प्रदान करने की प्रतिबद्धता के लिए वह बिल्कुल उपयुक्त हैं। रोज़ाना गिरते बालों से परेशान आज की पीढ़ी को एक बेहतर समाधान प्रदान करने के लिए बहुत ही टैलेंटेड पलक तिवारी को भी हमारे साथ शामिल किया गया है। बॉलीवुड की एक उभरती हुई कलाकार के रूप में पलक तिवारी और शिल्पा की सदाबहार खूबसूरती लोगों में एक नया जोश जगाएगी एवं एकदम नए अंदाज़ में ब्राण्ड की बातों को उन तक पहुँचाएगी ।"पलक तिवारी, केश किंग ब्राण्ड के साथ अपना सफर शुरू करने वाली सबसे नई सदस्य ने कहा, "भारत की महान आयुर्वेद की परम्परा एक सेहतमंद जीवन के लिए सम्पूर्ण समाधान प्रदान करती है। आज की इस व्यस्त और रफ्तार से भरी ज़िन्दगी में बालों के गिरने जैसी रोज़ की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए हमें चाहिए एक प्राकृतिक उपाय। मेरे लम्बे बालों पर मुझे नाज़ है और नियमित रूप से रोज़ाना इनका ध्यान रखना पड़ता है। मेरे बालों को मज़बूत और स्वस्थ रखने के लिए मैं सिर्फ और सिर्फ़ विशुद्ध एवं भरोसेमंद समाधान पर ही भरोसा करती हूँ जैसे कि केश किंग। मुझे खुशी है कि मैं केश किंग एंटी-हेयरफॉल शैम्पू के साथ जुड़ पाई हूँ और टैलेंटेड एवं सेलिब्रेटेड शिल्पा शेट्टी के साथ एक ही स्क्रीन में काम करना मेरे लिए गर्व की बात है। "इस अनुभव के बारे में बात करते हुए शिल्पा शेट्टी ने कहा "केश किंग के साथ मेरे सफर को 5 साल पूरे हो चुके हैं। मुझे गर्व है कि मैं इस विशुद्ध आयुर्वेदिक प्रोडक्ट का एक हिस्सा हूँ। अपनी क्वालिटी, फायदे और प्रभाव के कारण इसने सैकड़ों लोगों का भरोसा जीता है। मुझे इस बात की खुशी है कि अब से पलक भी केश किंग/ईमामी परिवार का हिस्सा बनने जा रही है और हम साथ मिलकर आयुर्वेद के कीमती फायदों से इस युवा पीढ़ी की पहचान कराएंगे।" यह ब्राण्ड टेलीविज़न, प्रिन्ट और पॉइंट-ऑफ-सेल कम्यूनिकेशन जैसे परम्परागत मीडिया के ज़रिए इन दो सेलिब्रिटियों की लोकप्रियता से लोगों का दिल जीतना चाहता है। और इसके साथ शिल्पा और पलक की उपस्थिति से समाज के हर उम्र के लोगों के साथ सीधे जुड़ते हुए डिजिटल स्पेस में विभिन्न कॉन्टेस्ट और चैलेंज के माध्यम से अपने भरोसे को मज़बूत बनाने का इरादा रखता है।

शिक्षक राजनीति दल के बैठक में हुए उपस्थित

नई सोच एक्सप्रेस

सुगौली।आपके सामने जो तस्वीर दिख रही है वह तेजी से वायरल हो रही है यह तस्वीर किसी नेता जी की नहीं है बल्कि सुगौली प्रखंड के अंतर्गत भटवालिया हाई स्कूल के प्रधान शिक्षक की है इस फोटो के दृष्टि अखबार नहीं कर रही है। शिक्षक महोदय एक्स यूं तो कई बार सरकारी नियमों की धज्जियां उड़ा चुके हैं लेकिन उन्होंने इस बार तो हद ही कर दी यह बिहार शिक्षक सेवा नियमावली की धज्जियां उड़ते हुए चुनाव के आचार संहिता के दौरान एक दल विशेष के मंच पर जोरदार भाषण देकर दल विशेष के प्रत्याशी के लिए कार्यकर्ताओं को जागृत करने का कार्य कर रहे हैं हद तो तब हो जाती है जब यह शिक्षक अगले ही दिन प्रखंड कार्यालय में निष्पक्ष चुनाव के लिए ट्रेनिंग भी लेते हैं ऐसी स्थिति में कहना ना होगा कि चुनाव आयोग ऐसे शिक्षकों के भरोसे कैसे निष्पक्ष चुनाव करा पाएगा। प्रधान शिक्षक महोदय का इसके पहले भी स्कूल की व्यवस्था को अनियमितता की भेट चढ़ाने का वीडियो वायरल हो चुका है। प्रधान शिक्षक बाबूलाल बैठा मुखिया पति भी है और शिक्षक भी और एक दल विशेष के कद्दावर नेता भी माने जाते हैं अब यह देखना दिलचस्प होगा कि इस आचार संहिता के बीच पदाधिकारीयों के द्वारा किस प्रकार इन्हें दंडित किया जाता है । इस संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रामविजय यादव ने बताया कि अगर यह मामला सत्य पाया गया तो शिक्षक के विरोध विभागीय कार्रवाई किया जाएगा

वी एसओसी2, टाईप2 अटेस्टेशन पाने वाला उद्योग जगत का पहला प्लेयर बना; उपभोक्ताओं के भरोसे एवं डेटा सुरक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की

नई सोच एक्सप्रेस

भारत का एकमात्र दूरसंचार एवं इंटरनेट सेवा प्रदाता (आईएसपी) जिसे यह आधुनिक विश्वस्तरीय मान्यता मिली है, यह सम्मान उपभोक्ताओं के भरोसे एवं डेटा सुरक्षा के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को मजबूत बनाता है। जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वोडाफ़ोन आइडिया (वी) ने आज बताया कि इसे एसओसी2 टाईप2 अटेस्टेशन मिला है। वर्तमान में यह भारत का एकमात्र दूरसंचार सेवा प्रदाता है, जिसने सफलतापूर्वक एसओसी2 टाईप2 अटेस्टेशन को पूरा कर लिया है। यह उपभोक्ताओं की संवेदनशील जानकारी एवं गोपनीयता को सुरक्षित रखते हुए तथा डिस्ट्रीब्यूटेड डेनियल-ऑफ-सर्विसेज़ (डीडीओएस) अटैक को कम करते हुए डेटा सुरक्षा के सर्वोच्च मानकों को बरक़रार रखने की वी की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। एआईसीपीए (एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल सर्टिफाइड प्रोफेशनल अकाउन्टेन्ट्स) के साथ रजिस्टर्ड स्वतन्त्र सीपीए और विस्ता इन्फोसेक द्वारा संचालित सख्त मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद प्राप्त यह मान्यता एसओसी 2 'ट्रस्ट सर्विस' पर आधारित है, जिसके तहत मुख्य मानकों जैसे सुरक्षा, उपलब्धता, प्रोसेसिंग इंटेग्रिटी, गोपनीयता आदि पर उपभोक्ताओ के डेटा प्रबन्धन का मूल्यांकन किया जाता है। यह मान्यता इस बात की पुष्टि करती है कि कंपनी न सिर्फ जटिल सुरक्षा नीतियों के कार्यान्वयन मे सक्षम है बल्कि विस्तारित अवधि के लिए अनुपालन को भी प्रमाणित करती है। एसओसी2 टाईप2 ऑडिट इस बात की पुष्टि करता है कि वी का भीतरी नियन्त्रण, नीतियां एवं प्रक्रियाएं सुरक्षा एवं संचालन दक्षता के सर्वोच्च मानकों पर आधारित हैं। यह इस बात का संकेत है कि डीडीओएस सुरक्षा के सर्वोच्च स्तर के साथ सुरक्षा नियन्त्रण के लिए वी के पास सशक्त डिज़ाइन एवं संचालन दक्षता है। सुरक्षा के लिए किसी भी खतरे को यह तेज़ी से पहचान लेता है, ऐसे में यह सभी कारोबारों के लिए भरोसेमंद सेवा प्रदाता है।वी को 2022 में एसओसी टाईप1 अटेस्टेशन मिला था, जिसने यह स्पष्ट किया कि वी द्वारा उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाएं पूरी तरह से सुरक्षित और नियमों के अनुरूप हैं। अब एसओसी2 टाईप 2 अटेस्टेशन इस बात की पुष्टि करता है कि कंपनी लगातार सुरक्षा प्रक्रियाओं का अनुपालन कर रही है, जिसका मापन 6 से 12 महीनों की अवधि के लिए किया गया है।

एसओसी2 टाईप2 का क्या महत्व है?-

बेहतर सुरक्षा
विशेषज्ञता की पुष्टि
जल्दी पहचान एवं प्रतिक्रिया
उपभोक्ताओं का भरोसा बढ़ना
प्रतिस्पर्धी लाभ

इस अटेस्टेशन पर बात करते हुए मथन कसिलिंगम, सीटीएसओ, वी ने कहा, ''हमारे उपभोक्ता अपनी सबसे संवेदनशील जानकारी एवं गोपनीय डेटा के लिए हम पर भरोसा करते हैं। यह मान्यता इस बात की पुष्टि करती है कि हमारे द्वारा अपनाए जाने वाले सुरक्षा के उपाय सर्वश्रेष्ठ मानकों से युक्त हैं, जो हमारे उपभोक्ताओं को बेहतर आत्मविश्वास देते हैं कि उनका डेटा सुरक्षित हाथों में है।' 'एसओसी 2 कम्प्लायन्स बदलते खतरां को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा प्रथाओं को मजबूत बनाने की दिशा में हमारे निरंतर समर्पण को दर्शाता है। वी टीम से मिला सहयोग एवं प्रतिबद्धता सराहनीय है।' नरेन्द्र साहू, संस्थापक एवं निदेशक विस्ता इन्फोसेक ने कहा। वी सुरक्षा एवं अखंडता के सर्वोच्च मानकों को बरक़रार रखते हुए आधुनिक समाधान उपलब्ध कराने के अपने मिशन की दिशा में निरंतर अग्रसर है। डेटा सुरक्षा आज के डिजिटल दौर में सबसे ज़रूरी हो गई है। इसी के मद्देनज़र वी अपनी सुरक्षा प्रक्रियाओं को मजबूत बनाने तथा उपभोक्ताओं के डेटा के लिए भरोसेमंद कस्टोडियन के रूप में अपनी स्थिति को सशक्त बनाने के लिए प्रयासरत है।

एचडीएफसी बैंक परिवर्तन ने सामाजिक क्षेत्र के स्टार्टअप को 19.6 करोड़ रुपये के अनुदान से सपोर्ट की

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने आज वित्त वर्ष 2024 के लिए अपने परिवर्तन स्टार्ट-अप अनुदान कार्यक्रम के विजेताओं की घोषणा की है। इस वर्ष सामाजिक प्रभाव उद्यमिता के क्षेत्र में 41 इनक्यूबेटर और एक्सेलेरेटर को विशिष्ट फोकस क्षेत्रों में काम करने वाले 170 स्टार्टअप का समर्थन करने के लिए कुल 19.6 करोड़ रुपये का अनुदान प्राप्त होगा। इस वर्ष का कार्यक्रम नीति आयोग के तहत भारत सरकार की पहल अटल इनोवेशन मिशन के साथ साझेदारी में शुरू किया गया है। 2024 अनुदान के मुख्य फोकस क्षेत्रों में जलवायु नवाचार, वित्तीय समावेशन, कृषि और सतत ग्रामीण अर्थव्यवस्था, सुलभ और किफायती स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और आजीविका संवर्धन, लिंग विविधता और समावेशन शामिल हैं। जिन स्टार्ट-अप्स को अनुदान मिला है, वे उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, राजस्थान, दिल्ली और हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों से आए हैं, जिनमें से सबसे बड़ी संख्या महाराष्ट्र से है। इनमे 170 स्टार्ट-अप में से आधे से अधिक 60 से अधिक टियर 2/3 शहरों से हैं। एचडीएफसी बैंक की प्रमुख सीएसआर नुसरत पठान ने कहा, "हमारा परिवर्तन स्टार्ट-अप अनुदान कार्यक्रम सामाजिक नवाचार को बढ़ावा देने और हमारे समुदायों में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। यह अनुदान उभरते इनक्यूबेटरों आईआईटी मद्रास में एचटीआईसी, आईआईटी रोपड़ में अवध, टी-हब (हैदराबाद), एफआईटीटी - आईआईटी दिल्ली, आईआईएसईआर (कोलकाता) में राइज फाउंडेशन, वीजेटीआई (मुंबई), फोर्ज फॉरवर्ड (कोयंबटूर) जैसे अग्रणी और एनआईएफटीईएम (किंडली) में एनटीआईबीआईएफ को अनुदान प्रदान किया गया।

धर्मेंद्र ने दिया सोनू बग्गड़ को पहली पंजाबी फ़िल्म "ट्रेवल एजेंट" के लिए आशीर्वाद

नई सोच एक्सप्रेस

मुम्बई। बॉलीवुड के लेजेंड्री ऐक्टर धर्मेंद्र, रंजीत, गुलशन ग्रोवर, जॉनी लीवर और अवतार गिल सहित कई हस्तियां सोनू बग्गड़ की पहली पंजाबी फ़िल्म "ट्रेवल एजेंट" के मुहूर्त पर हाजिर हुए और नवोदित अभिनेता को ढेर सारी शुभकामनाएं दीं। मुम्बई के सनी सुपर साउंड में निर्माता सतविंदर सिंह मथारू और लेखक निर्देशक बलजिंदर सिंह सिद्धू की फ़िल्म का शुभारम्भ हुआ। विख्यात एक्शन डायरेक्टर मोहन बग्गड़ के पुत्र सोनू बग्गड़ इस फ़िल्म से बतौर हीरो डेब्यू कर रहे हैं। धर्मेंद्र उन्हें अपना भतीजा मानते हैं। धर्मेंद्र ने इस अवसर पर कहा कि मैं यहां सोनू बग्गड़ को उनकी फर्स्ट पिक्चर के लिए आशीर्वाद देने आया हूँ। मुझे बहुत ही अच्छा महसूस हो रहा है। सोनू प्रतिभशाली हैं और पंजाबी फिल्म से शुरुआत कर रहे हैं। अगर इस फ़िल्म में मेरे लिए भी कोई रोल निकलता है तो मैं अवश्य करूंगा।" बता दें कि सोनू बग्गड़ की पंजाबी फ़िल्म ट्रेवल एजेंट की कहानी इस विषय पर आधारित है कि पंजाब के काफी लोग विदेश काम करने के लिए चले जा रहे हैं। अपने माता पिता और परिवार एवं खेतीबाड़ी को छोड़कर विदेश में जाकर मेहनत करते हैं। फ़िल्म यही सन्देश देती है कि युवा अपने देश मे रहकर मातापिता की सेवा करें, खेती करें। इस फ़िल्म की शूटिंग जल्द ही पंजाब और उत्तराखंड में की जाएगी। गोबिंद फिल्म्स क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले यह फ़िल्म यू. बी. एस. प्रोडक्शंस के सहयोग से बनाई जा रही है। पंजाबी फिल्म "ट्रैवल एजेंट" के संगीतकार गुरमीत सिंह, एक्शन मास्टर मोहन सिंह बग्गड़, डीओपी नजीब खान हैं। फ़िल्म की स्टार कास्ट में सोनू बग्गड़, पूनम सूद, प्रभ ग्रेवाल, गग्गू गिल, शविंदर महल, विजय टंडन, अवतार गिल, जतिंदर कौर (रोज), रंजीत रियाज, नीटू पंधेर, परमजीत खनेजा, आर पी सिंह, जुगनू का नाम उल्लेखनीय है।

खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, पटना ने बिहार पोस्टल सर्कल के साथ निर्यात अवसरों पर ज्ञानवर्धक बैठक की

नई सोच एक्सप्रेस

पटना। खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, ने पटना में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। इस बैठक के मेजबान दिलीप कुमार सिंह,मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी खादी ग्रामोद्योग, प्रदीप कुमार सहायक लेखा पदाधिकारी और रमेश कुमार प्रबंधक खादी मॉल थे। बैठक के मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता अनिल कुमार, मुख्य डाक महाध्यक्ष, बिहार परिमंडल, पटना, ने उपस्थित लोगों, निर्यातकों और उद्यमियों की बिहार डाक परिमंडल द्वारा पेश किए जाने वाले विभिन्न उत्पादों के बारे में जानकारी दी। श्री कुमार ने बिहार डाक परिमंडल द्वारा प्रदान की जाने वाली डाक घर निर्यात केंद्र (DNK) सेवा के महत्व पर विशेष जोर दिया, जिसके माध्यम से कोई भी निर्यातक अपने उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में भेज सकता है एवं जिसकी मदद से निर्यातक अपने द्वारा बनाये गए वस्तुओं / सामान को विदेशों तक आसानी से एक छत के नीचे से पंहुचा सकते हैं। श्री कुमार ने आगे बताया कि अब निर्यातक बनना कितना आसान हो गया है। किसी भी व्यक्ति को अगर अपना किसी भी तरह का सामान या वस्तु अगर विदेश भेजना / निर्यात करना है तो वो सीधा डाकघर आए और यहाँ खुद को डाकघर निर्यात केंद्र (DNK) सेवा के तहत पंजीयन करवाए और उसके बाद उनके सामान / वस्तु को उन के घर से लेकर के विदेश तक पहुंचाने का काम डाकघर करेगा।इस अवसर पर श्री पवन कुमार, निदेशक डाक सेवाएं (मुख्यालय),बिहार परिमंडल, पटना, श्री राजदेव प्रसाद, वरिष्ठ डाक अधीक्षक, पटना मंडल, पटना, श्री मनीष कुमार, वरिष्ठ रेल डाक अधीक्षक, आर.एम.एस., 'पी. टी.' मंडल, पटना, श्री नवीन कुमार, सहायक निदेशक (बी.डी.), पटना, और अन्य डाकघर के अधिकारी सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित थे। बैठक में बिहार डाक परिमंडल के प्रति लोगों की उत्साहजनक प्रतिक्रिया देखी गई। आज के कार्यक्रम में पद्मश्री राज कुमारी देवी 'किसान चाची' मुख्य अतिथि के रूप मे मौजूद थी।

सिर्फ हिन्दुओं की जातियों की चर्चा करने वाले कौन?

हर बार की तरह इस लोकसभा चुनाव में भी अपने को राजनीति का विद्वान बताने वाले ज्ञानियों ने किस संसदीय क्षेत्र में किसके हक में बयार बह रही है , इस विषय पर लिखना-बताना शुरू कर दिया है। वे अपना विश्लेषण रखते हुए बताते हैं कि वहां (उस संसदीय क्षेत्र में) इतने फीसद क्षत्रिय, ब्राह्मण, दलित, पिछड़े, अति पिछड़े, यादव वगैरह हैं। यहां तक तो सब ठीक है। पर जातियों का गणित बताने वाले मुसलमानों, सिखों, ईसाइयों की जातियों पर मौन ही रहते हैं। उन्हें जातियों के कोढ़ के बारे में सिर्फ हिन्दुओं की ही चर्चा करनी होती है। उन्हें लगता है कि मानों जातियां सिर्फ हिन्दू धर्म में ही हैं। जैसे कि बाकी धर्मावलंबी किसी जात-पात में यकीन नहीं करते। इससे एक बात बहुत साफ हो जानी चाहिए हमारे यह कथित विद्वान देश की जमीनी हकीकत से कितने नावाकिफ हैं। उन्हें यह मालूम ही नहीं है कि जाति भारत का सच है। कोई इंसान अपना धर्म बदल सकता है, पर जाति उसके साथ हमेशा रहती है। वह जाति से अपने को दूर नहीं कर पाता है। राममनोहर लोहिया यह बात बार-बार कहा करते थे। अगर बात मुसलमानों की करें तो सब जानते हैं कि मुसलमान अशराफ, अजलाफ और अरजाल श्रेणियों में बंटे हैं। शेख, सैयद, मुगल और पठान अशराफ कहे जाते हैं। अशराफ का मतलब है, जो अफगान-अरब मूल के या हिन्दुओं की अगड़ी जातियों से धर्मांतरीत मुसलमान हैं। अजलाफ पेशेवर जातियों से धर्मांतरित मुसलमानों का वर्ग है। एक तीसरा वर्ग उन मुसलमानों का है, जिनके साथ शेष मुसलमान भी संबंध नहीं रखते। इन्हें ही पसमांदा मुसलमान कहते हैं। हालांकि इस्लाम में जाति का विचार तो नहीं है। इस्लाम जाति के कोढ को ललकारता भी है। इसके बावजूद सारा मुसलमान समाज जाति के दलदल में फंसा है। मुसलमानों में अलग-अलग जातियों के अपने कब्रिस्तान तक हैं। राजधानी में पंजाबी मुसलमानों के कब्रिस्तान में गैर-पंजाबी मुसलमानों का प्रवेश निषेध है। शिया और सुन्नियों के तो प्रायः अपने अलग-अलग कब्रिस्तान तो होते ही हैं।

महंगे सिलेंडर के कारण फिर से मिट्टी के चूल्हे जलाती महिलाएं

आरती कुमारी

ऐसा लगता है कि गरीब मजदूर-किसानों के घरों को धुंआ मुक्त चूल्हा उपलब्ध कराने के उद्देश्य केंद्र सरकार ने जिस उज्ज्वला योजना की शुरुआत की थी वह महंगे गैस सिलेंडर की भेंट चढ़ती नजर आ रही है. इस योजना के तहत जरूरतमंद परिवारों को मुफ़्त एलपीजी गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए गए थे. इससे गरीब परिवारों विशेषकर महिलाओं के चेहरे पर खुशी देखते ही बनती थी. परंतु हर महीने रिफिलिंग (सिलेंडर में दोबारा गैस भराना) में लगने वाले पैसों ने उनकी इस खुशी पर ग्रहण लगा दिया है. ऐसे में देश के ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक रूप से बेहद कमजोर परिवार एक बार फिर से मिट्टी के चूल्हे पर लकड़ी, कोयले और अन्य जलावन से भोजन पकाने पर मजबूर हो गया है. जिस धुएं वाले चूल्हे से गरीब परिवार की महिलाओं को मुक्ति मिल गई थी, एक बार फिर से उन्हें उसी चूल्हे का रुख करना पड़ रहा है. उसी धुएं के बीच भोजन पकाना उनकी नियति बन गई है. मिट्टी के चूल्हे पर जलावन से निकलते धुएं और चिंगारी के कारण झोपड़ीनुमा घरों में हर समय आग लगने की संभावना भी सबसे अधिक बनी रहती है. वहीं दूसरी ओर इससे निकलने वाला जानलेवा धुआं महिलाओं के स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव डालता है. दरअसल पितृसत्तात्मक समाज ने सदियों से रसोई घर की ज़िम्मेदारी महिलाओं के कंधे पर डाल रखी है. ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों में केवल खाना पकाना ही नहीं बल्कि जलावन के लिए लकड़ियों को इकठ्ठा करने की ज़िम्मेदारी भी महिलाओं की होती है. जिसके लिए प्रतिदिन उन्हें कई किमी दूर तक भी भटकना पड़ता है. जिन ग्रामीण क्षेत्रों में जंगल नहीं होते हैं वहां यह गरीब महिलाएं बड़े स्तर के किसानों और जमींदारों के खेतों से बड़ी कठिनाइयों से लकड़ियां इकट्ठी करती हैं. जिसके लिए इकट्ठी लकड़ियों का आधा हिस्सा उन्हें शुल्क के रूप में चुकाना होता है. ऐसी ही कठिनाइयों को झेल रही हैं बिहार के मुजफ्फरपुर जिला स्थित जोड़ाकान्ही गांव की महिलाएं. जिला मुख्यालय से करीब 60 किमी दूर साहेबगंज प्रखंड के हुस्सेपुर रति पंचायत स्थित इस गांव में अधिकतर अनुसूचित जाति (मल्लाह समुदाय) का परिवार आबाद है. जो आर्थिक रूप से बेहद कमजोर है. गाँव के अधिकतर पुरुष मुजफ्फरपुर शहर जाकर घर निर्माण या अन्य कामों में दैनिक मजदूर के रूप में काम करते हैं. जिससे परिवार के लिए मुश्किल से भोजन की व्यवस्था हो पाती है. कुछ पुरुष भाड़े पर ऑटो रिक्शा चलाने का काम करते हैं. जबकि ज्यादातर महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त किसानों के खेतों और मनरेगा में काम कर घर की आमदनी को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं. ऐसे में प्रतिमाह गैस सिलेंडर भरवाना उनकी जेबों पर भारी पड़ने लगा है और वह फिर से मिट्टी के चूल्हे पर खाना बनाने को मजबूर हैं. इस संबंध में गांव की 35 वर्षीय शोभा देवी, जो अपने छोटी से झोंपड़ी में मिट्टी के चूल्हे पर खाना बनाते हुए कहती हैं कि "हमें उज्ज्वला योजना के तहत फ्री सिलेंडर तो मिल गया परंतु हर महीने या दो महीने पर 1030 रुपए का उसमें गैस कहां से भरवाएंगे? इतना तो हम कमाते भी नहीं हैं. पति दैनिक मजदूर हैं. जो कमाते हैं वह घर के राशन में ही खर्च हो जाता है. जो बचता है उससे बच्चों की दवाइयाँ और बाकी जरूरतों को पूरा होता है. पहले तो सब्सिडी के कुछ पैसे भी आ जाते थे. लेकिन पिछले कुछ माह से वह भी बंद हो गए हैं. इसलिए फिर से मिट्टी का चूल्हा ही फूंकना हमारी मजबूरी है." वह कहती हैं कि "बारिश के दिनों में मिट्टी के चूल्हे पर खाना बनाना बहुत मुश्किल हो जाता है. गीले जलावन के कारण एक कमरे की छोटी झोंपड़ी मे पूरा धुआं भर जाता है. बच्चे खाँसते रहते हैं लेकिन उसी हालत में खाना बनाना होता है. जब तक गैस सिलेंडर था ऐसी कठिनाइयाँ नहीं होती थी. गांव की कुछ अन्य महिलाएं कहती हैं कि "गैस रिफिलिंग सस्ती होती तो हमें 3-4 कोस चलकर इतनी ठंडी या गर्मी में चलना नहीं पड़ता. जलावन के लिए दर दर भटकना नहीं पड़ता. हम अगर दियारा क्षेत्र (नदी के आसपास का किनारा) नही जाएंगे तो हमारे परिवार और बच्चों का क्या होगा? इतनी महंगाई में एलपीजी गैस को रिफिल कराना संभव नहीं है. एक महिला ने नाम नहीं छापने की शर्त पर कहा कि "हम दिन भर की कड़ी धूप में इतनी मेहनत से जलावन इकट्ठा करती हैं और वहां कुछ लोग हमारे काटे हुए जलावन में आधा हिस्सा जबरदस्ती ले लेते हैं. अगर 100 बोझे काटे तो उसमें से 50 बोझे यह बोलकर ले लेते हैं कि यह हमारी जमीन है या इकट्ठी की गई जलावन का आधा हिस्सा छोड़ो या फिर इसका शुल्क अदा करो. अगर पैसे ही होते तो हम जलावन की जगह सिलेंडर ही भरवा लेते. वहीं 30 वर्षीय अरविंद सहनी बताते हैं कि "जलावन काटने महिलाओं के साथ छोटे-छोटे बच्चे अपना स्कूल छोड़कर जाते हैं. जिन बच्चों को स्कूल में रहना चाहिए वह खेतों में जलावन काट रहे होते हैं. इसमें सबसे अधिक किशोरियों की शिक्षा प्रभावित होती हैं. जिन्हें स्कूल छोड़कर मां के साथ लकड़ियां इकट्ठी करने खेतों और अन्य जगहों पर जाना पड़ता है. गरीबी इस कदर है कि घर के बूढे बुजुर्ग भी जलावन इकट्ठा करने निकलते हैं. तब जाकर उनके घर का चूल्हा-चौका चलता है. 42 वर्षीय शिवझरी देवी कहती हैं कि "कई बार जलावन के लिए लकड़ियां काटते समय हाथ-पैर भी जखमी हो जाते हैं. कितने लोगों की आंखों में गहरी चोट लग जाती है. उन्हें इकट्ठा कर इतनी दूर से घर लाने में बहुत थकावट हो जाती है. कई बार बुखार भी लग जाता है परंतु दवाइयां खाकर भी जलावन काटने जाना पड़ता है. 48 वर्षीय बलिंदर कहते हैं कि "वह मजदूरी पर जाने से पहले अपने परिवार सहित जलावन काटने जाते हैं ताकि पूरे साल जलावन खरीदना ना पड़े." वह बताते हैं कि जहां गैस सिलेंडर की कीमत 900 से हजार रुपए है, वहीं जलावन वाली लकड़ी भी करीब 1000 रुपया क्विंटल आता है. एक क्विंटल लकड़ी से एक छोटे परिवार का कम से कम पांच महीने आसानी से चूल्हा जल जाता है. ऐसे में रोज कमाने खाने वाला गरीब इतनी महंगी गैस क्यों खरीदेगा? कई बार पतझड़ के मौसम में तो जलावन मुफ्त में भी उपलब्ध हो जाता है जबकि गैस सिलेंडर के लिए हर हाल में नकद राशि की आवश्यकता पड़ती है. याद रहे कि गरीब परिवार की महिलाओं के चेहरे पर खुशियां लाने के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की शुरुआत 1 मई 2016 को की गई थी. इसके तहत बीपीएल गरीब परिवार की महिलाओं को मुफ्त एलपीजी गैस कनेक्शन मिलना आरंभ हुआ था. इस योजना का मुख्य उद्देश्य जीवाश्म ईंधन की जगह एलपीजी गैस को बढ़ावा देना, महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देना और उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा करना आदि है. स्वच्छ ईंधन बेहतर जीवन के संदेश के साथ पूरे देश के लगभग 9 करोड़ 60 लाख परिवार को कनेक्शन दिए गए. केंद्र सरकार ने 2022 में उज्ज्वला योजना के तहत 200 रुपए प्रति सिलेंडर अनुदान देने की घोषणा की थी. 2023 में 200 की जगह 300 सब्सिडी दी जा रही है. 1 जनवरी 2024 से महिलाओं को 450 रुपए में गैस सिलेंडर देने की घोषणा की गई. प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 2.0 के तहत 2026 तक 75 लाख 18 वर्ष से ऊपर आयु वर्ग की महिलाओं को देने का लक्ष्य रखा गया है. इसके बावजूद जानकारी के अभाव में लोकल वेंडर मनमाने ढंग से गैस की दर ले रहे हैं. जिसकी वजह से गरीब परिवार सिलेंडर भरवाने से खुद को असहाय महसूस करता है. अब यह सिलेंडर गरीब परिवारों में मिट्टी के चूल्हे के पास रसोई की चीजों को रखने का स्थान मात्र बन कर रह गया है. बहरहाल, उज्ज्वला योजना को लेकर सरकार की जवाबदेही बनती है कि वैसी महिलाओं को चिन्हित करें जो विधवा, लाचार, बेबस व मजदूर है. जिन्हें दो वक्त की रोटी जुटाने के लिए दिन-रात एक करना पड़ता है. वैसी महिलाओं को पंचायत स्तर पर राशन के साथ-साथ जनवितरण प्रणाली की दुकान से ही सिलेंडर की उपलब्धता सुनिश्चित करानी चाहिए ताकि घर की महिलाओं के साथ साथ किशोरियों को भी स्कूल छोड़कर लकड़ी की व्यवस्था के लिए भटकना न पड़े.

मायावती को बीच चुनाव में आकाश आनंद को क्यों हटाना पड़ा ?

अशोक भाटिया

बसपा सुप्रीमो मायावती ने आकाश आनंद को 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले बड़ी जिम्मेदारी सौंपी थी, लेकिन अब उन्होंने कड़ा एक्शन लेते हुए चुनाव के तीन चरण पूरे होते ही पार्टी के नेशनल कोऑर्डिनेटर पद से हटा दिया और उत्तराधिकारी बनाने के फैसले को भी वापस ले लिया। अब सवाल उठ रहे हैं कि चुनाव के बीच बसपा में इस बड़े फेरबदल का क्या कारण है। आकाश आनंद को जब लॉन्च किया गया, खासकर उत्तरप्रदेश में तो उन्हें काफी अटेंशन मिल रही थी। लोग उन्हें सुनने के लिए उनकी सभाओं में आ रहे थे। सभी को लग रहा था कि बसपा अपने असली मूवमेन्ट को वापस हासिल कर रही है। लेकिन आकाश आनंद के कुछ बयानों ने बसपा को काफी डैमेज किया। कुछ दिनों पहले उन्होंने सीतापुर मेंबसपा सरकार को 'आतंक की सरकार' करार दिया था, जिसके बाद उन पर एफआईआर भी दर्ज हो गई थी। इसके अलावा दो-तीन जगहों पर बयान देते वक्त वह इतने जोश में आ गए कि उनके मुंह से गाली जैसे शब्द निकल पड़े। आवेश में दिए उनके बयानों की भी काफी आलोचना हो रही थी जिसमें 'जूते मारने का मन करता है' जैसे बयान शामिल हैं। माना जा रहा है कि आकाश आनंद के इन बयानों ने मायावती को नाराज कर दिया। जिस तरह की राजनीति मायावती करती रही हैं और जिस तरह के बयान वह देती आई हैं उसमें आकाश आनंद की यह भाषा-शैली 'मिसफिट' हो रही थी। माना यह भी जा रहा है कि पार्टी के भीतर एक बड़ा धड़ा आकाश आनंद के इन बयानों से नाराज था। कुछ दिनों पहले मीडिया को दिए इंटरव्यू में आकाश आनंद ने पार्टी में अपनी भूमिका पर बात करते हुए कहा था कि बहुत लोगों को मौके दिए गए लेकिन नहीं चल पाया। मुझे इस बार यह जिम्मेदारी दी गई है, अगर मैं भी नहीं चला सका तो मुझे भी हटाया जा सकता है। आकाश आनंद बसपा में एक सौम्य चेहरा लेकर आए थे। एक विदेश से पढ़कर आया हुआ युवा चेहरा जो पार्टी को बदल सकता है। शुरुआत में वह काफी सौम्यता से बातें कर रहे थे लेकिन जब वह भीड़ के सामने आए तो आकाश आनंद को भी कई बार आपा खोते देखा गया। उन्हें उत्तराधिकारी और नेशनल कॉर्डिनेटर बनाने के फैसले को वापस लेने के पीछे यह एक अहम वजह हो सकती है। बताया जाता है कि पिछले दो दशक से जिस सोशल इंजीनियरिंग पर जोर दे रही है इन बयानों से वो डैमेज होती नज़र आई तो मायावती नाराज हो गईं। दरअसल, उन्हें लगने लगा कि आकाश आनंद की भाषा शैली पार्टी की लाइन से मेल नहीं खा रही। जानकारों का कहना है कि पार्टी के अंदर भी आकाश के बयानों को लेकर बहुत सहजता नहीं थी। मायावती ने आकाश से पहले भी समय-समय पर लोगों को मौके दिए थे लेकिन कोई चल नहीं पाया। उत्तरप्रदेश की चुनावी सभाओं में आकाश ने भीड़ के सामने आपा खोया तो मायावती को उन्हें उत्तराधिकारी और नेशनल कोआर्डिनेटर के पद से हटाने में देर नहीं लगी। आकाश आनंद को हटाकर मायावती ने यह राजनीतिक संदेश देने की कोशिश की है कि वह कीचड़ उछाल की राजनीति नहीं करती हैं। बता दें कि इसी तरह उन्होंने पिछले लोकसभा चुनाव में भाई-भतीजावाद का आरोप लगने के बाद भाई आनंद कुमार को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद से हटा दिया था, लेकिन चुनाव बाद फिर बना दिया। आकाश आनंद को भी हटाकर मायावती ने संदेश देने का काम किया है कि उनके लिए परिवार नहीं पार्टी व मूवमेंट जरूरी है।बसपा सुप्रीमो ने भतीजे आकाश को पहली बार उत्तरप्रदेश चुनाव में लांच किया था। उनकी पहली सभा नगीना लोकसभा सीट से इसलिए लगाई गई कि वहां उनकी बिरादरी के सर्वाधिक मतदाता होने के साथ आजाद समाज पार्टी के मुखिया चंद्रशेखर आजाद चुनाव लड़ रहे हैं। आकाश ने अपनी पहली सभा में छह अप्रैल को चंद्रशेखर का नाम लिए बिना उन्हें दलित युवाओं का दुश्मन बताया था। कुछ ऐसे शब्दों का भी इस्तेमाल किया जिसको लेकर उन पर उंगलियां उठी। उत्तरप्रदेश में आकाश आनंद की पहले चरण में कुल 21 सभाएं लगाई गई थीं, लेकिन वह 16 सभा ही कर सके। आकाश की 28 अप्रैल को सीतापुर के साथ ही लखनऊ में मोहनलालगंज में भी सभा लगी थी, लेकिन सीतापुर की सभा के बाद उनका कार्यक्रम रद्द कर दिया गया। मायावती ने पहली बार ऐसा नहीं किया है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में जब उन पर भाई-भतीजावाद को बढ़ावा देने का आरोप लगा तो उन्होंने भाई आनंद कुमार को भी पद से हटा दिया था। मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को पदों से हटाया तो है लेकिन भविष्य की राह रोकी नहीं है। मायावती ने कहा कि उन्होंने यह फैसला बसपा और आंदोलन के हित में लिया है और जब तक आनंद 'पूर्ण परिपक्वता' हासिल नहीं कर लेते। यानी भविष्य में वह आकाश आनंद को दोबारा जिम्मेदारी सौंप सकती हैं। इसके साथ ही मायावती ने कहा है कि उनके भाई और आकाश आनंद के पिता आनंद कुमार पहले की तरह अपनी जिम्मेदारियां निभाते रहेंगे। 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में मायावती ने आकाश आनंद को हटाने के पीछे के सटीक कारण का उल्लेख नहीं किया है। ज्ञात हो कि आकाश आनंद ने लंदन के एक इंस्टीट्यूट से एमबीए की पढ़ाई की। जून 2019 में हुई बसपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में मायावती ने उन्हें पार्टी का राष्ट्रीय समन्वयक नियुक्त किया था। 15 जनवरी 2022 को अपने 66वें जन्मदिन कार्यक्रम में मायावती ने कहा था, 'बसपा आकाश आनंद को पार्टी में बड़ी भूमिका के लिए तैयार कर रही है। वह युवा हैं और राजनीतिक परिपक्वता हासिल कर रहे हैं। पार्टी ने उन्हें उन राज्यों में पार्टी का आधार फैलाने का काम सौंपा है जहां बाद में विधानसभा चुनाव होने हैं। उचित समय के दौरान, आकाश को चुनाव लड़ने का अवसर मिलेगा। 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान, आकाश आनंद का नाम बसपा के स्टार प्रचारकों की सूची में तीसरे नंबर पर था, लेकिन 2022 के उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव में, वह पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एससी मिश्रा से ऊपर दूसरे स्थान पर आ गए। 26 मार्च 2023 को आकाश की शादी पूर्व बसपा सांसद अशोक सिद्धार्थ की बेटी प्रज्ञा सिद्धार्थ से गुरुग्राम में एक समारोह में हुई थी। 28 अप्रैल, 2024 को, आकाश आनंद पर चार अन्य लोगों के साथ सीतापुर में एक चुनावी रैली में कथित तौर पर आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करने के लिए आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया था। रैली में आकाश के भाषण पर जिला प्रशासन द्वारा स्वतः संज्ञान लेने के बाद यह कार्रवाई की गई थी। आकाश ने भाजपा के नेतृत्व वाले राज्य की आलोचना करते हुए कहा था, 'यह भाजपा सरकार एक बुलडोजर सरकार और गद्दारों की सरकार है। जो पार्टी अपने युवाओं को भूखा छोड़ती है और अपने बुजुर्गों को गुलाम बनाती है। वह एक आतंकवादी सरकार है। तालिबान अफगानिस्तान में ऐसी सरकार चलाता है।' आकाश आनंद के अलावा, बसपा उम्मीदवारों महेंद्र यादव, श्याम अवस्थी और अक्षय कालरा और रैली आयोजक विकास राजवंशी पर भी केस दर्ज किया गया था।आकाश आनंद को हटाए जाने पर विपक्ष ने सवाल उठाए हैं। कांग्रेस नेता सुरेंद्र सिंह राजपूत ने कहा, 'बसपा प्रमुख मायावती ने जिस तरह से अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी समन्वयक पद से हटाया है, वह बेहद चौंकाने वाला है। क्या आपने ये कदमबसपा के किसी दबाव में उठाया? हालांकि यह आपकी पार्टी का आंतरिक मामला है, आपको इस बारे में स्पष्टीकरण जारी करना चाहिए।' वहीं समाजवादी पार्टी के नेता फखरुल हसन चांद ने आरोप लगाया कि बसपा और भाजपा एक 'अघोषित गठबंधन' में हैं। जिस तरह से आकाश आनंद को उनके पद से हटाया गया, उससे यह साबित हो गया है। लोग इसे देख सकते हैं और वे इसका करारा जवाब देंगे। वहीं भाजपा नेता राकेश त्रिपाठी ने बसपा प्रमुख पर निशाना साधते हुए कहा, 'मायावती पार्टी को एक प्राइवेट लिमिटेड संस्था की तरह चलाती हैं और वह कभी भी कोई भी फैसला ले सकती हैं। आकाश आनंद की गैरजिम्मेदाराना टिप्पणी औरबसपा के खिलाफ उनके बयानों के कारण लोगों में बसपा के खिलाफ आक्रोश है।

मेष राशि :आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। माता-पिता आज अपने बच्चों के लिए समय निकालेंगे और उनके साथ गेम खेलेंगे। सिंगर्स को आज किसी बड़े एल्बम में गाने का मौका मिल सकता है। आज ऑफिस के काम को समय से पूरा करने में आपको सफलता मिलेगी। आज जल्दबाजी में कोई जरूरी सामान आप घर पर भूल सकते हैं, इसलिए अपने काम के प्रति सचेत रहें। आज आपका स्वास्थ फिट रहेगा।

वृष राशि: आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आप परिवार वालों के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगे साथ ही जीवनसाथी के साथ आप किसी बात को लेकर विचार विमर्श करेंगे, इससे आपके रिश्ते बेहतर होंगे। आप अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभायेंगे। राजकीय क्षेत्र में लोगों के साथ बेहतर तालमेल बना कर रखें, लोग आपका समर्थन करेंगे। आज आय वृद्धि के एकानेक स्त्रोत मिलेंगे।

मिथुन राशि: आज आपका दिन उमंग भरा रहेगा। आज ऑफिस में आपके प्रमोशन होने की खुशखबरी मिलेगी। आज घरवालों के साथ ख़ुशी का वातावरण रहेगा। आज जरूरी काम और रिश्तों के बारे में विचार करें। परिवार से जुड़ी कोई परेशानी खत्म होने के योग हैं । रुके हुये कार्यों को नए सिरे से फिर कोशिश करें, आप अवश्य ही सफल होंगे। दाम्पत्य रिश्ता मजबूत बनेगा।

कर्क राशि: आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। आज अनावश्यक सोचने से बचें, नहीं तो आपकी उलझने बढ़ सकती हैं। आप दोस्तों के साथ कुछ ख़ुशी के पल बिताएंगे। साथ ही आपको दोस्तों का भरपूर सहयोग मिलेगा। आज कार्य क्षेत्र में कुछ नए लोगों से मुलाकात हो सकती है। उनसे कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। जीवनसाथी से मन की बात शेयर कर सकते हैं।

सिंह राशि: आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर आगे बढने की कोशिश करेंगे । आज आप मेहनत, धैर्य और समझदारी से जरूरी काम निपटा लेंगे । आज आपके पास बहुत-सी जिम्मेदारियां हो सकती हैं । आज परिवार में सुख-समृद्धि का माहौल रहेगा। किसी नए भवन के निर्माण के लिए आज आप अपने भाईयों से विचार-विमर्श करेंगे।

कन्या राशि: आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप अपने दोस्त के साथ शाम को पार्टी करेंगे। आज कार्य स्थल पर आप उत्साह के साथ काम करेंगे, कलीग्स आपको फॉलो करेंगे। लेखकों के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी कविता या कहानी के लिये आपको सम्मानित किया जा सकता है। आज आप नया वाहन लेने का प्लान बना सकते है। बच्चे आज किसी खिलौने की डिमांड कर सकते है।

तुला राशि-:आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आप जीवनसाथी के साथ घूमने जायेंगे, जिससे रिश्ते में और मजबूती आएगी। आप एक-दूसरे की भावनाओं को समझने के साथ ही जीवन की हर परिस्थिति में साथ देने का वादा भी करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स आज किसी विशेष टॉपिक को समझने के लिए अपने सीनियर्स की मदद लेंगे। काफी समय से चल रही किसी स्वास्थ्य संबंधी समस्या से छुटकारा मिल सकता है।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिये लाभदायक रहेगा। आज बड़ों की राय मानना आपके लिए बेहतर साबित हो सकता है। कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों की मेहनत जल्द रंग लाएगी। इस राशि के इलेक्ट्रीशियन के कारोबारियों को व्यापार में अधिक लाभ मिलेगा। सामाजिक क्षेत्र में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। लोग आज आपके स्वभाव की तारीफ करेंगे। संतान पक्ष से आपको कोई बड़ी खुशखबरी मिल सकती है।

धनु राशि-: आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपके विचारों को अहमियत मिलेगी, आपका सम्मान बढेगा। आज आप माता-पिता के साथ बैठकर भविष्य की योजनाओं पर बात करेंगे। आज आप किसी व्यक्ति को कोई काम करने के लिए साहस देंगे ऐसा करके आपको अच्छा फील होगा। आज किसी पुरानी बात को सोचकर मुस्कुराते नजर आयेंगे।

मकर राशि-आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके करियर में कोई नया मोड़ आने वाला है यह आपके लिए बढ़िया साबित होगा। आज आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से होगी जिससे आगे चलकर आपकी गहरी दोस्ती हो सकती है। आज आपको अपने स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है।

कुंभ राशि-: आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आप कहीं घूमने जा सकते हैं। आप किसी व्यक्ति की बातों से प्रभावित होंगे। आज समस्याओं से घबराने के बजाय उनको शांत मन से सुलझाने की कोशिश करें। जो चीजें महत्वपूर्ण हैं उनको खुद ही संभालें और जरूरत हो तो किसी अनुभवी की सलाह भी लें । जिन बातों में आपकी ज्यादा रुचि है, उन पर ध्यान देंगे आपको खुशी होगी।

मीन राशि-: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। दोस्त शाम के लिए कोई बढ़िया योजना बनाकर आपकी शाम खुशनुमा कर देंगे। आज आप अपने आप में काफी अच्छा महसूस करेंगे। आज अच्छे काम के कारण लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। किसी रिश्तेदार से आपकी फोन पर बात होगी। पारिवारिक रिश्तों में मजबूती आएगी। नए कार्य की शुरूआत करें सफलता मिलेगी। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, काम करने में मन लगा रहेगा।

जैन धर्म में अक्षय तृतीया

इच्छु रस का हुआ पारण, आखा तीज महान।

जय जय ऋषभदेव भगवान, जय जय ऋषभदेव भगवान।।

जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव ने एक वर्ष के उपवास के पश्चात वैशाख शुक्ल तृतीया को पहली बार लिया आहार

जैन धर्म में अक्षय तृतीया पर्व का विशेष महत्व है। जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव को मुनि दीक्षा लेने के बाद एक वर्ष 39 दिन के उपवास के पश्चात् हस्तिनापुर नगरी के राजा श्रेयांस ने आहार दे करके दान की प्रथा को प्रारंभ किया। इससे पूर्व लोग ये नहीं जानते थे कि जैन साधु को आहार किस प्रकार दिया जाता है। राजा श्रेयांस एवं उनकी भाई सोमप्रभ को भगवान ऋषभदेव के आने के पूर्व रात्रि में सात स्वप्न आया जिस स्वप्न में उन्हें सुमेरूपर्वत का दर्शन किया एवं उस स्वप्न का फल यह था कि ऐसा महापुरूष इस धरती पर आने वाला है। जिसका सुमेरूपर्वत पर इंद्रों द्वार अभिषेक हुआ हो। इतने में ही द्वारपाल द्वारा सूचना प्राप्त होती है कि प्रभु ऋषभदेव समीप में ही पधार चुके है और इधर ही आ रहे हैं। राजा सोमप्रभ और श्रेयांस महल के बाहर आ जाते हैं प्रभु के चरणों में नम्रता पूर्वक नमस्कार करते हैं। इतने में ही राजकुमार श्रेयांस को पूर्वभव (पूर्वजन्म) का स्मरण हो जाता है तथा मुनियों को दिये गये आहार दान की सारी विधि स्मरण में आ जाती है। महाप्रभु ऋषभदेव को देखते ही राजा श्रेयांस एवं सोमप्रभ ने "हे भगवन् अत्रो-अत्रो, तिष्ठो-तिष्ठो आहार जल शुद्ध है, मन शुद्धि, वचन शुद्धि, काय शुद्धि आहार-जल शुद्ध है मुद्रा छोडिये आहार ग्रहण करिये" (जैन मुनी को आहार देने की विधि) नवधा भक्ति पूर्वक पड़गाहन कर लेते हैं एवं अष्ट द्रव्य से पूजन कर नमस्कार करते हैं. ऐसे निवेदन कर प्रभु से आहार ग्रहण करने हेतु प्रार्थना करते हैं. भगवान ऋषभदेव करपात्र में आहार प्रारंभ कर देते हैं. बड़ी भक्ति के साथ राजा श्रेयांस इच्छुरस (गन्ने का रस) का आहार देते हैं। प्रभु ऋभषदेव आहार करके वन की ओर प्रस्थान कर जाते हैं। उस दिन सारे नगर में गन्ने के रस का प्रसाद वितरण किया जाता है। लेकिन फिर भी गन्ने का रस समाप्त नहीं होता है। वह अक्षय हो जाता है। **अक्षय तृतीया का इतिहास** : अक्षय तृतीया का प्राचीन इतिहास हस्तिनापुर तीर्थ से ही प्रारंभ हुआ है। वैशाख सुदी तीज को अक्षय तृतीय के नाम से जाना जाता है। अक्षय का अर्थ है जिस वस्तु का कभी क्षय न हो अर्थात् वस्तु समाप्त न हो और वह महीना वैशाख का था और तिथि तृतीया थी। इसलिए इसका नाम अक्षय तृतीया पड़ा। लोगों का मानना है कि इस दिवस किया जाने वाला कार्य वृद्धि को प्राप्त होता है। भगवान ऋषभदेव को हुए करोड़ों करोड़ो साल व्यतीत हो गये। लेकिन आज भी अक्षय तृतीया का पर्व मनाने के लिए देश एवं विदेश से जैन श्रद्धालु हस्तिनापुर की धरती पर आते हैं। इच्छु रस का हुआ पारण, आखा तीज महान। जय जय ऋषभदेव भगवान, जय जय ऋषभदेव भगवान।। हस्तिनापुर जम्बूद्वीप स्थल पर जैन समाज की सर्वोच्च साध्वी गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी की पावन प्रेरणा से आहार महल का निर्माण किया गया है। जिसमें भगवान ऋषभदेव व राजा श्रेयांस की प्रतिमा विराजमान की गई है। प्रत्येक वर्ष अक्षय तृतीया के दिन इस प्रतिमा के समक्ष इच्क्षुरस का आहार करवाया जाता है एवं आने वाले भक्त भगवान को आहार देने का सौभाग्य प्राप्त करते है एवं गन्ने के रस का प्रसाद ग्रहण करते है। जैन शास्त्रों के अनुसार अक्षय तृतीया का पावन पर्व हस्तिनापुर से ही प्रारंभ हुआ है. इसकी पहचान ही हस्तिनापुर से है। तब से लेकर के आज तक करोड़ो वर्ष बीत गये लेकिन उसी मान्यता को लेकर भक्तगण आज भी इस धरती पर आ करके अक्षय तृतीया के दिन तीर्थ पर विराजमान साधुओं को आहार देकर के अपने जीवन को धन्य मानते है।

-विजय कुमार जैन, प्रतिष्ठाचार्य
(मंत्री-भगवान महावीर जन्मभूमि कुण्डलपुर दि. जैन समिति)
महामंत्री-विद्वत् महासंघ

सूडोकु नवताल- 7060

★☆☆☆☆ सरल

	7	9	4	2		6		3
	6		8		7		2	
4	1				3	5	8	
	9	8	3					
7		4		5		8		1
					9	7	3	
	8	5	7				4	6
	2		9		1		5	
3		1		6	8	9	7	

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7059 का हल

8	9	5	1	3	7	2	4	6
7	3	2	6	5	4	1	8	9
1	6	4	8	9	2	7	5	3
5	7	3	4	2	9	6	1	8
4	2	8	5	6	1	3	9	7
6	1	9	3	7	8	5	2	4
3	5	1	9	4	6	8	7	2
2	4	6	7	8	5	9	3	1
9	8	7	2	1	3	4	6	5

संजू सैमसन की मेहनत गई बेकार, राजस्थान रॉयल्स की 20 रनों से हार

एजेंसी, नई दिल्ली

आईपीएल 2024 के 56वें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स की मजबूत टीम को हरा दिया. पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली ने 20 ओवर में 221 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में राजस्थान की टीम 201 रन बना सकी और दिल्ली ने 20 रनों से मैच जीत लिया. इस जीत के साथ ही अब दिल्ली के 12 अंक हो गए हैं. अब दिल्ली के अंक चेन्नई सुपरकिंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपरजायंट्स के बराबर हो गए हैं. वहीं राजस्थान की टीम 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है. दिल्ली ने राजस्थान को हराकर पांचवां स्थान हासिल कर लिया है. राजस्थान रॉयल्स के लिए उसके कप्तान संजू सैमसन ने 46 गेंदों में 86 रनों की पारी खेली. उनके बल्ले से 6 छक्के और 8

चौके निकले. हालांकि मुकेश कुमार ने उनका विकेट लेकर राजस्थान को हार की ओर धकेल दिया. संजू के अलावा रियान पराग ने 27 और शुभम दुबे ने 25 रन बनाए लेकिन इनका योगदान राजस्थान को जीत दिलाने के लिए काफी नहीं था. दूसरी ओर दिल्ली के 3 गेंदबाजों ने बेहतरीन गेंदबाजी कर अपनी टीम को जीत दिलाई. कुलदीप यादव ने 4 ओवर में महज 25 रन देकर 2 विकेट लिए. मुकेश कुमार को 30 रन पर 2 विकेट मिले और अक्षर पटेल ने 3 ओवर में 25 रन देकर एक विकेट लिया. दिल्ली कैपिटल्स की बात करें तो उसके ओपनर जेक फ्रेजर मैगर्क ने कमाल की पारी खेली. दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 20 गेंदों में 50 रन बनाए. अभिषेक पोरेल ने भी 36 गेंदों में 65 रनों की पारी खेली. ट्रिस्टन स्टब्स ने 20 गेंदों में 41 रन बनाए. राजस्थान के लिए अश्विन ने 24 रन देकर 3 विकेट लिए. राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन ने माना कि ये मैच उनकी टीम जीत सकती थी. टीम को 11 से 12 रन प्रति ओवर चाहिए थे लेकिन वो ऐसा नहीं कर पाए और आईपीएल में ऐसा होता है. हालांकि सैमसन के मुताबिक 220 का स्कोर 10 रन ज्यादा था. संजू सैमसन ने ट्रिस्टन स्टब्स की तारीफ की. डेथ ओवर्स में उनकी हिटिंग के दम पर ही दिल्ली ने 221 का स्कोर खड़ा किया जो कि अंत में राजस्थान की हार की वजह बना.

टी20 विश्व में अहम भूमिका निभा सकते हैं शिवम और यशस्वी : रवि शास्त्री

एजेंसी, दुबई : भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा कि आगामी टी20 विश्व कप में शिवम दुबे और यशस्वी जायसवाल भारतीय टीम को जीत दिलाने में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। शास्त्री के अनुसार शिवम में बड़े शॉट लगाने की क्षमता है जिससे वह टीम को बड़ा स्कोर बनाने में सहायता कर सकते हैं। वहीं यशस्वी पारी की शुरुआत करते हुए बड़ी पारी खेली सकते हैं। शास्त्री ने कहा, 'दोनों अपना पहला विश्व कप खेल रहे हैं। यशस्वी ने इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था। वह युवा है और बेखौफ होकर खेलता है। शिवम ने इस सत्र में 11 मैचों में 170.73 की स्ट्राइक रेट से 350 रन बनाए हैं।

धोनी के निचले क्रम पर उतरने का कारण सामने आया

एजेंसी, मुम्बई

आईपीएल के इस सत्र में चेन्नई सुपरकिंग्स के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज महेन्द्र सिंह धोनी के बल्लेबाजी के दौरान निचले क्रम पर आने की कई लोगों ने आलोचना की है पर अब उनके ऐसा करने का कारण सामने आया है। धोनी पैर की मांसपेशियों में दर्द से परेशान है और उन्हें दर्द निवारक दवाओं को लेकर उतरना पड़ा रहा है। इसके बाद भी उनके खेलने का कारण ये है कि बैकअप विकेटकीपर डेवोन कॉनवे चोटिल है। कॉनवे के अलावा भी टीम के कई और खिलाड़ी भी चोटिल होने के कारण बाहर हैं। ऐसे में धोनी के सामने खेलने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है। मांसपेशियों में दर्द के कारण उनकी दौड़ने की क्षमता भी कम हुई है। इसी कारण वह निचले क्रम पर बल्लेबाजी के लिए उतरे रहे हैं। उनका प्रयास बड़े शॉट लगाना है जिससे कम से कम दौड़ना पड़े। इसी लिए पंजाब किंग्स के खिलाफ हुए मैच में भी नौवें नंबर पर उतरे थे।

धोनी की जगह तब मैदान पर शार्दुल ठाकुर मैदान पर उतरे। धोनी के इस फैसले के बाद कई पूर्व क्रिकेटरों ने उनकी आलोचना की थी। वहीं सीएसके प्रबंधन के अनुसार उन्हें आराम की सलाह दी गयी है पर टीम हित में वह खेल रहे हैं। ऐसे में उनकी आलोचना करने वालों को ये बात समझनी चाहिये। इसी कारण वह बल्लेबाजी के दौरान विकेट के बीच दौड़ने से ज्यादा अपनी पावर हीटिंग स्किल्स को आजमा रहे हैं। चोटिल होने के कारण ही वह अभ्यास सत्र में भी नहीं दौड़ रहे। टीम में उनके रहने से नये कप्तान रुतुराज गायकवाड़ को भी मार्गदर्शन मिल रहा है। ऐसे में उन्हे जबरदस्ती आराम भी नहीं दिया जा सकता।

राष्ट्रीय फेडरेशन कप में भाग लेंगे नीरज

एजेंसी, नई दिल्ली

ओलंपिक स्वर्ण विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा तीन साल बाद एक बार फिर घरेलू मुकाबलों में खेलते हुए दिखेंगे। नीरज इसी माह 12 से 15 मई तक भुवनेश्वर में होने वाले राष्ट्रीय फेडरेशन कप में खेलेंगे। वह 10 मई को डायमंड लीग सीरीज के दोहा में होने वाले पहले चरण में अपने सत्र की शुरुआत करने के बाद स्वदेश लौटेंगे। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने इसको लेकर सोशल मीडिया में कहा, 'प्रविष्टियों के अनुसार नीरज चोपड़ा और किशोर कुमार जेना भुवनेश्वर में 12 मई से शुरू होने वाली घरेलू प्रतियोगिता में भाग लेंगे। चोपड़ा के कोच क्लाउस

बार्टोनिट्ज ने भी कहा है कि वह भुवनेश्वर में होने वाली प्रतियोगिता में शामिल होंगे। एशियाई खेलों में रजत पदक विजेता जेना भी 10 मई को दोहा डायमंड लीग में भाग लेंगे। नीरज ने अंतिम 17 मार्च 2021 को घरेलू प्रतियोगिता में भाग लिया था। तब उन्होंने 87.80 मीटर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद चोपड़ा ने टोक्यो ओलंपिक में भी स्वर्ण पदक जीता था। वह 2022 में डायमंड लीग के बाद साल 2023 में विश्व चैंपियन बने थे। उन्होंने चीन में एशियाई खेलों में अपने खिताब का भी बचाव किया था। चोपड़ा ने इस बीच 2022 में विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक के साथ ही डायमंड लीग के तीन व्यक्तिगत चरण भी जीते थे। नीरज का लक्ष्य आगामी पेरिस ओलंपिक के पहले 90 मीटर तक भाला फेंकनेकी उपलब्धि हासिल करना है।

बुमराह को आराम देने का इरादा नहीं : पोलार्ड

एजेंसी, मुम्बई

मुंबई इंडियंस की टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह शुरुआत से ही खेल रहे है। वहीं जिस प्रकार टीम के प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनाएं तकरीबन समाप्त हो गयी हैं। ऐसे में बुमराह को आराम दिये जाने की उम्मीदें जतायी जा रही थी पर टीम के बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड ने कहा कि अभी बुमराह को आराम नहीं दिया जाएगा। वहीं अगामी टी20 विश्व कप को देखते हुए बुमराह को आराम की अटकलें लगायी जा रहीं थीं। उसी को लेकर पोलार्ड ने कहा, 'हमने इस पर कोई बात नहीं की है। मुझे नहीं लगता कि यह मेरा काम है पर देखते हैं कि क्या होता है। हम सभी यहां पूरा आईपीएल खेलने के लिए हैं। उन्होंने कहा, 'हमारा लक्ष्य

आईपीएल पूरा करना है। उसके बाद देखते हैं कि क्या होता है। पोलार्ड ने कहा कि मेरा बल्लेबाजी कोच होने के कारण सबसे कठिन काम सूर्यकुमार जैसे बल्लेबाज से आक्रामक खेल पर नियंत्रण कराना है। उन्होंने कहा, 'वह स्वाभाविक तौर पर आक्रामक बल्लेबाज है। वह हर गेंद पर शॉट लगाना चाहता है। ऐसे में बल्लेबाजी कोच के लिए सबसे कठिन काम उसकी स्वाभाविक शैली पर नियंत्रण करना है हालांकि बहुत ज्यादा अंकुश की भ जरुरत नहीं है क्योंकि आजकल क्रिकेट में काफी इतने रन बन रहे हैं। वहीं सहायक कोच सिमोन हेलमोट ने कहा कि सूर्यकुमार ने शानदार पारी खेलकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, 'वह अद्भुत क्रिकेटर है और विश्व कप में भी वह इसी प्रकार धमाकेदार प्रदर्शन करेगा। उसे गेंदबाजी करना काफी कठिन है क्योंकि उसके जैसा बल्लेबाज मिलना कठिन है।

व्यापार

निर्यात से रोक हटने के बाद प्याज के थोक भाव में आई तेजी

एजेंसी, मुम्बई

पिछले सप्ताह केंद्र सरकार ने प्याज के निर्यात पर लगी रोक हटा दी थी। इसके बाद प्याज के थोक भाव में तेजी दर्ज की गई है। जानकारों का कहना है कि प्याज के निर्यात की अनुमति कुछ शर्तों के साथ दी गई है। ऐसे में तात्कालिक रूप से भले ही प्याज के भाव बढ़े हैं लेकिन आगे बहुत अधिक कीमत बढ़ने की संभावना नजर नहीं आ रही है। इसका कारण यह है कि निर्यात एक तय भाव से कम पर नहीं किया जा सकेगा। केंद्र सरकार ने पिछले सप्ताह 3 मई को प्याज के निर्यात से प्रतिबंध हटाने की घोषणा की थी। इस दिन महाराष्ट्र की प्याज मंडी लासलगांव (विंचुर) में प्याज के थोक भाव 900 से 1,875 रुपए थे, जो बढ़कर 1,000 से 2,400 रुपए क्विंटल हो गए। इसी तरह मुंबई की वाशी मंडी में इस दौरान प्याज के थोक भाव 875-2,000 रुपए की तुलना में बढ़कर 1,250-2,750

रुपए क्विंटल हो गए। दिल्ली की आजादपुर मंडी में इस अवधि में प्याज के थोक भाव 875-2,000 रुपए से बढ़कर 2,750 रुपए क्विंटल दर्ज किए गए। महाराष्ट्र के एक प्याज कारोबारी ने बताया कि निर्यात पर रोक हटने के फैसले के बाद प्याज के भाव बढ़े हैं लेकिन प्याज की कीमतों में आई यह तेजी आगे लंबे समय तक जारी रहने की संभावना नहीं है क्योंकि निर्यात के लिए 550 डॉलर प्रति टन की सीमा लगा दी गई है यानी इससे कम भाव पर निर्यात नहीं किया जा सकेगा। इस भाव पर यूरोप व खाड़ी देशों को निर्यात संभव है लेकिन बांग्लादेश व कोलंबो जैसे देशों को निर्यात संभव नहीं है क्योंकि इन देशों को भारतीय प्याज के ज्यादा दाम चुकाने पड़ेंगे।

सोने और चांदी की कीमतें बढ़ीं

एजेंसी, नई दिल्ली

घरेलू बाजार में बुधवार को सोने और चांदी की कीमतें बढ़ी हैं। दोनों के वायदा भाव आज बढ़त के साथ खुले। आज सुबह सोने के वायदा भाव 71,200 रुपये के करीब जबकि चांदी के वायदा भाव 82,950 रुपये के करीब रहे। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी की वायदा कीमतों में कमी आई। इस दौरान मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून अनुबंध 15 रुपये की तेजी के साथ 71,163 रुपये के भाव पर खुला। वहीं एक समय यह अनुबंध 26 रुपये की तेजी के साथ ही 71,174 रुपये के भाव पर बना हुआ था। इसके बाद ये 71,189 रुपये के भाव पर दिन के उच्च और 71,163 रुपये के भाव पर निचले स्तर पर पहुंचा। सोने के वायदा भाव पिछले माह 73,958 रुपये के शीर्ष स्तर पर पहुंचे। इसके अलावा चांदी के वायदा भाव की आज सपाट शुरूआत हुई। एमसीएक्स पर चांदी

का बेंचमार्क जुलाई अनुबंध आज 82,878 रुपये पर खुला। एक समय यह अनुबंध 72 रुपये की तेजी के साथ ही 82,950 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय ये 82,989 रुपये के भाव पर दिन के उच्च और 82,870 रुपये के भाव पर निचले स्तर पर पहुंचा। गत माह चांदी का वायदा भाव 86,126 रुपये किलो के उच्चतम स्तर पर पहुंचा था। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत आज कमजोर रही। कामेक्स पर सोना 2,323 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। इसका गत दिवस बंद भाव 2,324.20 डॉलर था। वहीं इसी प्रकार चांदी के वायदा भाव 27.47 डॉलर के भाव पर खुले।

मारुति सुजुकी इस हफ्ते न्यू जेनरेशन मॉडल की नई स्विफ्ट करेगी लॉन्च

एजेंसी, नई दिल्ली

मारुति सुजुकी अपनी टॉप सेलिंग हैचबैक स्विफ्ट के न्यू जेनरेशन मॉडल को लॉन्च करने जा रही है। लॉन्च से पहले 2024 मॉडल स्विफ्ट की जानकारियां सामने आ गई हैं। यह हैचबैक अपनी फोर्थ जेनरेशन अवतार में काफी खास लुक-डिजाइन और फीचर्स के साथ आ रही है। इसके साथ ही इंजन-पावर और माइलेज में भी नई स्विफ्ट अपने पुराने मॉडल के मुकाबले अलग ही है। 2024 मारुति सुजुकी स्विफ्ट एलएक्सआई, वीएक्सआई, वीएक्सआई (ओ), जेडएक्सआई और जेडएक्सआई+ जैसे 5 ट्रिम लेवल के 10 से ज्यादा वेरिएंट में लॉन्च हो सकते हैं, जिनमें सीएनजी भी लगे होंगे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो नई स्विफ्ट में नोवेल ऑरेंज और लस्टर ब्लू जैसे कलर मिलेंगे। बाद में इसमें मौजूदा मॉडल वाले सिंगल टोन और डुअल टोन कलर ऑप्शन तो होंगे। नई मारुति सुजुकी स्विफ्ट का लुक और डिजाइन काफी जबरदस्त होगा। इस हैचबैक



के न्यू जेनरेशन मॉडल में नई फ्रंट हेडलाइट, नए डीआरएल और फॉगलैंप, रीडिजाइन्ड बंपर, बेहतर डिजाइन वाली अलॉय व्हील, रियर में नया टेललैंप समेत बाहरी खूबियां भी दिखने लायक होंगी। कंपनी नई स्विफ्ट को स्पोर्टी लुक और डिजाइन के साथ पेश करेगी। बीते 19 साल से भारतीय बाजार में जलवा बिखेरने वाली स्विफ्ट अब नए अवतार में बदली-बदली नजर आएगी। न्यू जेनरेशन मारुति सुजुकी के एक्सटीरियर की तरह ही इंटीरियर में बदलाव किया है। वैसे इंटीरियर और फीचर्स के बारे में पुख्ता डिटेल तो 9 मई को पता चल सकेगी, लेकिन खबर हैं कि 2024 स्विफ्ट का इंटीरियर कंपनी की क्रॉसओवर फ्रॉन्क्स से इंस्पायर्ड होगा। बेहतरीन इंटीरियर से लैस इस हैचबैक के फीचर्स भी कमाल के होंगे। इसमें 9 इंच का स्मार्ट प्ले प्रो प्लस टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट सिस्टम, वायरलेस स्मार्टफोन कनेक्टिविटी, वायरलेस चार्जर, रियर में भी एसी वेंट, सुजुकी की कनेक्टेड कार टेक्नॉलजी, कई तरह के यूएसबी चार्जिंग पोर्ट्स जैसे स्टैंडर्ड फीचर्स के साथ 6 एयरबैग समेत काफी सारे सेफ्टी फीचर्स इसमें शामिल किए गए हैं। नई मारुति सुजुकी स्विफ्ट में ऑल न्यू 1.0 लीटर 3 सिलिंडर जी-सीरीज पेट्रोल इंजन लगा है, जो कि माइल्ड हाइब्रिड टेक्नॉलजी से लैस होगा और यह करंट मॉडल में मौजूद 4 सिलिंडर के-सीरीज इंजन को रिप्लेस करेगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नई स्विफ्ट का नया इंजन 81.6 पीएस की मैक्सिमम पावर और 112 न्यूटन मीटर का पिक टॉर्क जेनरेट करने में सक्षम होगा।

चालू माह में कारों पर शानदार डिस्काउंट दे रही होंडा

एजेंसी, नई दिल्ली

चालू माह में होंडा की कारें खरीदने पर ग्राहकों को भारी डिस्काउंट का लाभ मिल सकता है। होंडा अपनी कारों पर शानदार डिस्काउंट दे रही है। इनमें होंडा सिटी, होंडा अमेझ और होंडा इलेवेट शामिल है। होंडा सिटी को खरीदने पर 1.14 लाख रुपये से ज्यादा का फायदा लिया जा सकता है। इसके झेडएक्स वेरिएंट पर 25 हजार रुपये का कैश डिस्काउंट, अन्य वेरिएंट्स पर 20 हजार रुपये का डिस्काउंट, कॉर्पोरेट डिस्काउंट के तौर पर आठ हजार रुपये, कस्टमर लॉयल्टी बोनस के तौर पर चार हजार रुपये, कार एक्सचेंज बोनस के तौर पर 20 हजार रुपये, झेडएक्स वेरिएंट एक्सचेंज करने पर 25 हजार

रुपये, स्पेशल कॉर्पोरेट डिस्काउंट पर 20 हजार रुपये का फायदा मिल रहा है। इस कार के एलीगेंट एडिशन पर स्पेशल एडिशन डिस्काउंट के तौर पर 36500 रुपये का अतिरिक्त ऑफर दिया जा रहा है। इसके ई एचईवी वेरिएंट पर कैश डिस्काउंट के तौर पर 65 हजार रुपये तक की बचत की जा सकती है। होंडा अमेझ पर मई में अधिकतम 96 हजार रुपये का डिस्काउंट दिया जा रहा है, जिसमें 20 हजार रुपये का कैश डिस्काउंट, ई वेरिएंट पर 10 हजार रुपये का डिस्काउंट, 20 हजार रुपये का स्पेशल कॉर्पोरेट डिस्काउंट, 6 हजार का कॉर्पोरेट डिस्काउंट, कस्टमर लॉयल्टी बोनस पर चार हजार रुपये, कार एक्सचेंज बोनस के तौर पर 10 हजार रुपये, होंडा कार एक्सचेंज करने पर छह हजार रुपये, एलीट एडिशन पर स्पेशल एडिशन बेनिफिट के तौर पर 30 हजार रुपये का लाभी उठाया जा सकता है।

कावासाकी ला रही केएलएक्स 230 एस डयूअल स्पोर्ट बाइक

एजेंसी, नई दिल्ली : बेहतरीन बाइक बनाने वाली कंपनी कावासाकी बहुत जल्द अपनी केएलएक्स 230 एस डयूअल स्पोर्ट बाइक लेकर आ रही है। कंपनी इस बाइक का स्थानीयकरण करेगी और इसे भारतीय परिवहन नियमों के अनुसार तैयार कर बेचेगी। हाल ही में ये बाइक टेस्टिंग के दौरान स्पॉट भी की गई है, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। कावासाकी केएलके 230 एस डयूअल स्पोर्टस बाइक इस साल के अंत तक या 2025 की शुरुआत में लॉन्च किया जा सकता है और कीमत 4 लाख रुपये एक्स-शोरूम के आस-पास होगी। यह बाइक हीरो एक्सपल्स 200 4 वी को टक्कर देगी।

हीरो मोटोकॉर्प को पछाड़ कर नंबर-1 कंपनी बनी होंडा

एजेंसी, नई दिल्ली

दुपहिया वाहनों की बिक्री के मामले में होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया ने नई उपलब्धि हासिल की है। होंडा हीरो मोटोकॉर्प को पछाड़ कर नंबर 1 दोपहिया वाहन कंपनी बन गई है। वित्त वर्ष 2024-25 की धमाकेदार शुरुआत करते हुए होंडा ने इंडियन मार्केट में 5,41,946 बाइक और स्कूटर्स की बिक्री की। कंपनी ने पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में बिक्री में 45 प्रतिशत की जबरदस्त बढ़ोतरी की है। वहीं हीरो मोटोकॉर्प ने अप्रैल में 5,33,585 टू-व्हीलर्स बेचे और यह आंकड़ा 34.71 पर्सेंट की सालाना ग्रोथ के साथ है। होंडा ने 4,81,046 यूनिट की घरेलू बिक्री और 60,900 यूनिट का एक्सपोर्ट किया है। महीने के लिए घरेलू बिक्री

में साल-दर-साल 42प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई, जबकि निर्यात में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 67 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी हुई। कंपनी का कहना है कि ये उपलब्धि पूर्वी क्षेत्र में ग्राहकों को हाई-क्वालिटी इनोवेशन और विश्वसनीय दोपहिया वाहन प्रदान कराने के बदौलत हासिल हुई है। 1100 से अधिक टचप्वाइंट के व्यापक नेटवर्क के साथ एचएमएसआई की भारत के पूर्वी राज्यों में मजबूत उपस्थिति है। एचएमएसआई ने पूर्वी भारत में 80 लाख से अधिक यूनिट बेची हैं, जिसमें बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल ओडिशा और उत्तर-पूर्व भारत शामिल है।

हर खबर पर पैनी नजर
नई सोच एक्सप्रेस
पटना से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

देश राज्यों से बड़ी खबरें

1 मोदी बोलेःकांग्रेस- बीआरएस भ्रष्टाचार के गोंद से चिपके,दोनों पार्टियों के लिए अपना परिवार ही सबकुछ, तुष्टिकरण की राजनीति ही उनका एजेंडा
2 पीएम बोलेःशहजादे ने अडाणी-अंबानी को गाली देना बंद किया, बताएं क्या डील हुई, कितना पैसा पहुंचा;क्या टेंपो भरकर माल पहुंचा
3 शहजादे को जवाब देना पड़ेगा,सैम पित्रोदा ने भारतीयों की चीनी-अफ्रीकियों से की तुलना तो भड़के पीएम मोदी
4 पूर्वी भारतीय चीनी लगते हैं तो दक्षिण के अफ्रीकी,सैम पित्रोदा ने फिर दिया विवादास्पद बयान
5 पित्रोदा के बयान से बैकफुट पर आई कांग्रेस,जयराम रमेश बोलेःदुर्भाग्यपूर्ण और अस्वीकार्य बयान
6 रायबरेली में प्रियंका बोलींःमां ने राहुल को आपके पास भेजा,मोदी के भाषण का जिक्र कर कहाःराहुल तो रोज अडाणी की बात करते हैं
7 यूपीःजरा भी गलती की तो ये राममंदिर पर बाबरी नाम का ताला लगा देंगे,रामगोपाल के बयान पर भड़के अमित शाहःअमित शाह
8 दोस्त दोस्त न रहा, पीएम मोदी के अडानी-अंबानी वाले बयान पर खरगे का पलटवार
9 एअर इंडिया एक्सप्रेस के 200 सीनियर क्रू-मेंबर्स एकसाथ छुट्टी पर,80 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसल,एयरलाइन ने कहाःपैसेंजर्स को पूरा रिफंड मिलेगा
10 क्या कांग्रेस में पार्टी का विलय कर सकते हैं शरद पवार,बड़ा हिंट दे दिया,एक भविष्यावाणी भी की,पवार ने कहाः चुनाव बाद कई क्षेत्रीय दल कांग्रेस के करीब आयेंगे,और कुछ विलय भी हो सकते हैं
11 एस्ट्राजेनेका दुनियाभर से अपनी कोरोना वैक्सीन वापस लेगी,कहाःफैसले की वजह साइड इफेक्ट नहीं;इसी फॉर्मूले से भारत में कोवीशील्ड बनी
12 दुष्यंत चौटाला का कांग्रेस को बाहर से समर्थन देने का एलान, कहाःसरकार गिराने में मदद करेंगे
13 एमपी-राजस्थान में तीन दिन हीटवेव का अलर्ट,दिल्ली में तापमान 42 डिग्री पहुंचा; छत्तीसगढ़-झारखंड में बारिश,बिहार में बिजली गिरने से दो मौतें
14 सेंसेक्स 45 अंक गिरकर 73,466 पर बंद,निफ्टी फ्लैट 22,306 के स्तर पर बंद,अच्छे रिजल्ट के बाद हीरो मोटोकॉर्प का शेयर 2.49% चढ़ा
15 फेज-3 में 68% वोटिंग;मोदी बोलेः 400 सीटें चाहिए ताकि कांग्रेस राम मंदिर पर बाबरी ताला न लगा दे;केजरीवाल को जमानत नहीं
16 पीएम बोलेःकांग्रेस के नेता कसाब को निर्दोष बता रहे,पाकिस्तान इनका समर्थन करता है,4 जून के बाद इनका झंडा उठाने वाला भी नहीं मिलेगा
17 तीसरे चरण में 93 सीटों पर 64.58 फीसदी मतदान,असम में सबसे ज्यादा 81.71 फीसदी वोटिंग
18 तेलंगाना-आंध्रा में विपक्षियों पर बरसें पीएम मोदी,तीन जनसभाओं-एक रोड शो में शामिल
19 लालू ने कहाः मुसलमानों को आरक्षण मिलना चाहिए,मोदी बोलेः I.N.D.I.A. के इरादे सामने आए, SC-ST,OBC का आरक्षण छीनना चाहते हैं
20 लोकसभा चुनाव 2024ःचुनाव आयोग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' से मुसलमानों पर आपत्तिजनक पोस्ट हटाने को कहाःकर्नाटक भाजपा ने शेयर की थी
21 हरियाणा सरकार से 3 निर्दलीय विधायकों ने समर्थन वापस लिया,सरकार अल्पमत में,लेकिन संकट नहीं;2 महीने पहले फ्लोर टेस्ट पास किया था,बीजेपी ने संकट को नकारा,दावाः47 एमएलए का समर्थन
22 पूर्व प्रधानमंत्री राव के परिजनों ने की पीएम मोदी से मुलाकात;राव को भारत रत्न देने के लिए जताया आभार
23 मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को BSP कॉर्डिनेटर पद से हटाया,परिपक्व होने तक उत्तराधिकारी भी नहीं रहे
24 जल रहे जंगलः उत्तराखंड में जमकर तबाही मचा रही वनाग्नि,आग बुझाने के लिए वन विभाग ने झोंकी पूरी ताकत;सीएम धामी करेंगे बैठक
25 एक बार फिर शनिवार को होगा कारोबार,18 मई को एनएसई विशेष सत्र का करेगा आयोजन
26 पश्चिम बंगाल में बारिश से 12 लोगों की मौत,आंधी से कई जगह पेड़ गिरे,रेल सेवा पर भी असर;10 मई तक खराब मौसम का अलर्ट
27 हरयाणाःनिर्दलीय विधायकों ने राज्यपाल को लिखा समर्थन वापसी का पत्र,अल्पमत में सरकार,हुड्डा ने मांगा राष्ट्रपति शासन
28 लाइव अपडेटसः हमास की सीज फायर पर सहमति को इजराइल ने ठुकराया,राफा में सैन्य अभियान किया शुरू
29 केजरीवाल को नहीं मिली अंतरिम जमानत,दो दिन बाद फिर होगी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई
30 कांग्रेस को एक और झटका,राधिका खेड़ा हुई भाजपा में शामिल,उत्पीड़न का लगाया था आरोप
31 लोग तो भरोसा ही खो देंगे;बंगाल के शिक्षक भर्ती घोटाले पर खूब भड़का SC
32 कुलगाम में मुठभेड़ में मारा गया लश्कर का टॉप कमांडर,कुल तीन आतंकी ढेर
33 पश्चिम बंगाल में बारिश से 12 लोगों की मौत,आंधी से कई जगह पेड़ गिरे,रेल सेवा पर भी असर;10 मई तक खराब मौसम का अलर्ट
34 सहारनपुर में सामने आया लव जेहाद का मामला! साकिब ने सागर बनकर किया रेप का प्रयास
35 हिंसा का महिमामंडनःभारत ने खालिस्तानी गतिविधियों को लेकर की कनाडा की आलोचना
36 उत्तराखंड में आग का कहरः68 जगह धधके जंगल,पौड़ी में वायुसेना के हेलीकॉप्टर ने फिर बरसाया राहत का पानी
37 पश्चिम बंगाल में 25 हजार शिक्षकों व कर्मचारियों को बड़ी राहत,सुप्रीम कोर्ट ने नियुक्ति रद्द करने के हाईकोर्ट के फैसले पर लगाई रोक
38 दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को 20 रन से हराया,संजू सैमसन की कप्तानी पारी गई बेकार
39 दिल्लीःCBI ने भ्रष्टाचार के मामले में 9 लोगों को अरेस्ट किया, 2 डॉक्टर्स भी शामिल
40 कर्नाटक सेक्स स्कैंडलःरेवन्ना को 14 मई तक न्यायिक हिरासत में भेजा गया

जॉली एलएलबी 3 में हुई हुमा कुरैशी की कास्टिंग

फिल्म जॉली एलएलबी फ्रैंचाइजी की तीसरी फिल्म जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग शुरू हो चुकी है। इसी बीच अब खबर है कि जॉली एलएलबी 2 में नजर आईं हुमा कुरैशी को इस फिल्म में कास्ट कर लिया गया है। साथ ही फिल्म के सेट से अक्षय की तस्वीर भी सामने आई है।

रिपोर्ट के अनुसार, हुमा कुरैशी ने फिल्म जॉली एलएलबी 3 साइन कर ली है। रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से लिखा गया है कि हुमा जल्द ही मुंबई से अजमेर रवाना होने वाली हैं, जहां वो अपने हिस्से की शूटिंग करेंगी। बता दें कि जॉली एलएलबी 2 में हुमा कुरैशी ने पुष्पा मिश्रा का रोल प्ले किया था। अक्षय कुमार के एक फैन पेज पर फिल्म के सेट से उनका एक वीडियो शेयर किया है। सामने आए वीडियो में अक्षय शर्टलेस नजर आए हैं। माथे पर टीका लगाए और चश्मा पहने हुए अक्षय सनबाथ लेते दिख रहे हैं। बताते चलें कि फ्रैंचाइली फिल्म की तीसरी इंस्टॉलमेंट में पिछली दोनों फिल्मों के जॉली एक साथ नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग शुरू होने के साथ ही फिल्ममेकर्स ने एक वीडियो जारी कर फिल्म का कॉन्सेप्ट दिखाया था। इस फिल्म में दोनों जॉली उर्फ जगदीश त्यागी (अरशद वारसी और अक्षय कुमार) खुद को असल जॉली साबित करने के लिए एक-दूसरे से लड़ते दिखेंगे। वीडियो में सौरभ शुक्ला भी नजर आए थे। अनाउंसमेंट वीडियो के साथ लिखा गया था, अब ऑरिजिनल कौन है और डुप्लिकेट कौन, ये तो पता नहीं। लेकिन ये बात पक्की है कि ये एक जॉली गुड राइड होगी। हमारे साथ बने रहिए, जय महाकाल। हुमा कुरैशी की कास्टिंग के बाद अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म में जॉली एलएलबी-1 में नजर आई अमृता राव भी कास्ट की जा सकती हैं।

इस दिन से शुरू होगी विजय की फिल्म दलपति 69 की शूटिंग

साउथ सुपरस्टार विजय अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म गोटः ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इसके साथ ही वे अपनी राजनीतिक पारी शुरू करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। राजनीति में पूरी तरह से प्रवेश करने से पहले दलपति 69 अभिनेता के करियर की आखिरी फिल्म मानी जा रही है। हाल ही में फिल्म के निर्देशक से जुड़ी जानकारी सामने आई थी। वहीं, अब इस फिल्म को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। विजय के करियर की आखिरी फिल्म माने जाने के कारण दलपति 69 का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है, यही वजह है कि रिलीज से पहले ही यह फिल्म फैंस के बीच काफी उत्साह पैदा कर चुकी है। पहले आई जानकारियों के अनुसार, फिल्म की कास्टिंग, निर्देशक और अन्य महत्वपूर्ण विवरणों से संबंधित अटकलें थीं। अब फिल्म को लेकर ताजा जानकारी सामने आई है। कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि निर्माताओं ने दलपति 69 की पहली प्रक्रिया शुरू कर दी है। रिपोर्ट्स के अनुसार, दलपति 69 के निर्माताओं ने आगामी फिल्म में सहायक अभिनेताओं की कास्टिंग के साथ-साथ स्क्रिप्ट पर काम शुरू कर दिया है। चर्चा यह भी है कि दलपति 69 भव्य परियोजना की घोषणा 22 जून, 2024 को अभिनेता विजय के 50वें जन्मदिन के लिए निर्धारित की गई है। वहीं फिल्म की शूटिंग भी जल्द शुरू होने वाले है। इस पर भी चर्चा जोरों पर है।

मैं डेली लाइफ में मेकअप फ्री रहना पसंद करती हूं

एक्ट्रेस प्रियंका चाहर चौधरी ने बताया कि वह केवल काम के वक्त ही मेकअप लगाती हैं, वरना वह अपने डेली लाइफ में पूरी तरह नेचुरल रहना पसंद करती हैं। प्रियंका ने बताया, मैं हमेशा मेकअप में नहीं रहती। मैं मेकअप केवल तभी लगाती हूं जब मैं काम कर रही होती हूं। एक्ट्रेस, जिन्होंने शो उड़ारियां से तेजो सिंह विर्क के रूप में सुर्खियां बटोरीं, ने खुलासा किया कि चाहे वह एयरपोर्ट हो या मॉल या मार्केट में, वह मेकअप-फ्री रहना पसंद करती हैं। उनके पास एक ब्यूटी हैक है। उन्होंने आगे कहा, मैं बस एक काम करती हूं, मैं थोड़ी सी लिपस्टिक लगाती हूं। उस लिपस्टिक को मैं अपने गाल, माथे और पलकों पर भी लगा लेती हूं, यह ब्लश जैसा दिखता है। पूरा मेकअप ऐसे ही किया जाता है। अपनी ड्रेस चॉइस के बारे में बात करते हुए, प्रियंका ने कहा, आम तौर पर, मैं वेस्टर्न कपड़े पहनती हूं, जो मेरे लिए बहुत आरामदायक होते हैं। मुझे कुर्तियां भी बेहद पसंद हैं, वह भी बहुत आरामदायक हैं। आरामदायक कपड़े मेरा फैशन स्टेटमेंट हैं।

प्रीति जिंटा ने संघर्ष की शूटिंग के दिनों को किया याद

एक्ट्रेस प्रीति जिंटा ने 1999 में रिलीज हुई फिल्म संघर्ष की शूटिंग के दिनों को याद किया। साथ ही बताया कि उन्हें विराट कोहली की कौन सी बात अच्छी लगी। एक्ट्रेस सोमवार को एक्स पर अपने फैंस के साथ क्विक चैट सेशन में शामिल हुईं। एक यूजर ने पूछा कि क्या संघर्ष मूवी में एक्टर आशुतोष राणा के दमदार एक्टिंग ने उन्हें भी डरा दिया था। एक्ट्रेस ने कहा, उस शूट के दौरान मेरा पैर टूट गया, मेरे दांत टूट गए और मेरे होंठ कट गए, इसलिए यह निश्चित रूप से मेरे लिए मुश्किल भरा शूट था। मुझे कई बार अस्पताल जाना पड़ा। फिल्म में आशुतोष बेहद अद्भुत थे। एक अन्य सवाल के जवाब में कि वह किस फिल्म का दूसरा पार्ट बनाना चाहेंगी, प्रीति ने जवाब दिया, संघर्ष निश्चित रूप से, बाकी अभी इसके बारे में नहीं सोच सकती। तनुजा चंद्रा द्वारा निर्देशित संघर्ष एक साइकोलॉजिकल हॉरर थ्रिलर फिल्म है, जिसमें अक्षय कुमार और आशुतोष भी हैं। इसमें बाल कलाकार के रूप में आलिया भट्ट थीं।

हाउसफुल 5 में कॉमिक टाइमिंग से गुदगुदाएंगे अभिषेक बच्चन

कुछ दिनों पहले साजिद नाडियाडवाला ने 'हाउसफुल 5' का ऐलान किया था। फिल्म में अक्षय कुमार और रितेश देशमुख का नाम पहले ही पक्का हो चुका है। अब इससे जुड़ी एक नई जानकारी सामने आ रही है। फिल्म 'हाउसफुल 3' का हिस्सा रहे अभिनेता अभिषेक बच्चन 'हाउसफुल 5' में भी अपने अभिनय से दर्शकों को गुदगुदाते हुए नजर आएंगे। अभिनेता ने 'हाउसफुल' की फेंचाइजी में वापसी के बाद अपनी खुशी जाहिर की है। उन्होंने इसका हिस्सा होने को घर वापसी जैसा बताया है।

शूटिंग के लिए उत्साहित हैं अभिषेक

हाउसफुल 5 में मुख्य भूमिका निभाने का अवसर मिलने पर अभिषेक बच्चन ने कहा, 'हाउसफुल मेरी पसंदीदा कॉमेडी फेंचाइजी है, इसका हिस्सा बनना मेरे लिए घर वापसी जैसा है। साजिद के साथ काम करना मेरे लिए खुशी का विषय है।' अभिनेता ने कहा कि वह सेट पर अक्षय कुमार और रितेश देशमुख के साथ मस्ती करने के लिए तैयार हैं। अभिनेता ने आगे कहा, 'मैं अपने दोस्त तरुण मनसुखानी के साथ काम करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। 'दोस्ताना' के बाद अब मुझे उनके साथ काम करने का मौका मिला है। यह बहुत मजेदार होने वाला है।' वहीं, निर्देशक साजिद नाडियाडवाला ने भी अभिषेक की वापसी पर खुशी जाहिर की है। साजिद ने कहा 'मैं अभिषेक की वापसी से रोमांचित हूं। उनका समर्पण, कॉमिक टाइमिंग और काम के प्रति ईमानदारी फिल्म को शानदार बनाएंगी।'

पांचवा भाग लाने वाली पहली बॉलीवुड फेंचाइजी है हाउसफुल

पिछले साल जून में अभिनेता अक्षय कुमार ने 'हाउसफुल 5' की घोषणा की थी। इस फिल्म में अक्षय के अलावा रितेश देशमुख भी शामिल हैं। फिल्म 6 जून 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। 'हाउसफुल' फेंचाइजी बॉलीवुड की पहली फिल्म होगी, जिसका पांचवा भाग आ रहा है। इसका पहला भाग साल 2010 में आया था, जिसमें अक्षय कुमार, रितेश देशमुख, लारा दत्ता, जॉन अब्राहम, दीपिका पादुकोण और बोमन ईरानी थे।



मुझे सक्सेज मिले या फेल्योर मुझे बस फिल्म बनाना है

इम्तियाज अली सिनेमा के उन निर्देशकों में से हैं, जिन्होंने हमेशा लीक से हटकर फिल्में बनाई हैं फिर चाहे वो जब वी मेट हो, हाइवे हो या रॉकस्टार। इन दिनों वे चर्चा में हैं ओटीटी फिल्म चमकीला से। पंजाब के चर्चित और विवादास्पद गायक अमर सिंह चमकीला के जीवन पर आधारित इस फिल्म को काफी पसंद किया जा रहा है।

चमकीला को काफी पसंद किया जा रहा है? कैसा महसूस कर रहे हैं, इस कामयाबी पर?

मुझसे भी ज्यादा मेरी फिल्म के चलने की खुशी उन लोगों को हुई है, जिन्होंने हमेशा मेरे सिनेमा में अपना यकीन रखा। बीते कई सालों से लोगों को ये मौका नहीं मिल रहा था कि मेरे चाहने वालों को ये मौका नहीं मिल रहा था कि वे मेरे प्रति अपने प्यार और लगाव को दर्शा सकें, क्योंकि मेरी फिल्में चल नहीं रही थीं या उन लोगों को पसंद नहीं आ रही थी। मगर अब जब उन्हें फिल्म पसंद आई है, तो उनकी खुशी में मुझे खुशी मिल रही है।

कितना मुश्किल था वो दौर जब रॉकस्टार, जब वी मेट, हाइवे जैसी फिल्में देने के बाद आपकी तमाशा, हैरी मेट सेजल, लव आजकल जैसी फिल्में नहीं चलीं?

मजदूर का काम है मेहनत करना, हमारा काम है फिल्म बनाना। कोशिश करके अच्छी फिल्म बनाना, जो आपको मिल रहा है, उसमें फिल्म बनाना। चाहे मुझे सक्सेज मिले या फेल्योर, मुझे बनाना है। मैं मुंबई सिर्फ सफलता या शोहरत बटोरने नहीं आया था। मैं फिल्म बनाने आया था और मुझे बनानी है। मुझे जब फ़िल्में बनाने की मोहलत मिलने लगी, तो मैं इसी में खुश था। मैंने सोचा नहीं था कि मैं एक भी फिल्म बना पाऊंगा, मगर अब जब मैं 9 फिल्में बना चुका हूं, तो निराशा कभी नहीं हुई। बुरा जरूर लगता है, जब आपकी फिल्म नहीं चलती। मगर जब तक साधन मिलते रहेंगे, मैं फिल्म बनाता जाऊंगा।

चमकीला जैसे विवादास्पद विषय को चुनते हुए कहीं इस बात का डर था कि फिल्म कॉन्ट्रोवर्शियल हो सकती है?

फिल्म में फिल्मकार की नीयत दिख जाती है। मेरी नीयत में खोट नहीं था। मैंने सनसनी फैलाने के लिए फिल्म नहीं बनाई थी। मुझे मालूम था कि मैंने यह फिल्म किसी को दुख देने या बुरा फील कराने के लिए नहीं बनाई है। चमकीले की कहानी को जब मैं जानता गया, मुझे लगा कि यह एक बेहद ही मानवीय कहानी है। वो किसी को ब्लेम नहीं कर रहा, तो मैं कैसे कर सकता हूं? ये फिल्म किसी को गलत साबित नहीं करती। तभी लोगों ने इसे बुरे तरीके से नहीं लिया। जो लोग इससे पहले से परिचत थे, उन्होंने इसे गले से लगाया।

कहीं इस बात का मलाल है कि ये फिल्म थिएटर में नहीं आ पाई?

मैं खुद को सिनेमा हॉल का निर्देशक मानता हूं और लोगों से ज्यादा मैं चाहता हूं कि मेरी फिल्म थिएटरों में प्रदर्शित हो। मैंने ये फिल्म भी वही सोच कर बनाई थी। मेरा मानना है कि ओटीटी पर भी वही चलता है, जो सिनेमा में। मगर शूटिंग से पहले ये ओटीटी प्लैटफॉर्म हमारे पास जिस मोहब्बत से आया और उनका लक्ष्य यह साबित करना था कि ओटीटी पर सिर्फ रिजेक्टेड फिल्में नहीं आती. उन्होंने मुझे फिल्म मेकिंग में वो करने दिया, जो मैं करना चाहता था।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वार अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना - 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना - 800006 से प्रकाशित। *संपादक - अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना - 800001, RNI : BIHHIN\2019/77032, फोनः 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेबार।